सुप्रभात
रांची, बुधवार
08.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

ICC MEN'S CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 117

06 क्रिकेट विश्व कप की जीत और जुनून

## न्यूज डायरी



### मैक्सवेल ने हारा हुआ मैच अकेले ही जिताया

**मुंबई।** अफगानिस्तान के खिलाफ 97 रन पर सात विकेट गिर जाने के बाद अकेले दम पर मैक्सवेल ने आस्ट्रेलिया को 3 विकेट से जीत दिला दी। अफगानिस्तान ने 5 विकेट पर 291 रन बनाया था। आस्ट्रेलिया ने 7 विकेट पर 293 रन बना कर मैच जीत लिया। अपनी इंजरी से लड़ते हुए मैक्सवेल ने धमाकेदार दोहरा शतक (201, 10छक्का, 21 चौका) जड़ा। ऑस्ट्रेलिया से ज्यादा यह जीत मैक्सवेल की एतिहासिक पारी के नाम होगी। खुद दर्द से कराहते हुए अपनी टीम को सेमी फाइनल में प्रवेश दिलाकर ही माने।

### लातेहार में चौकीदार की गोली मार कर हत्या

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के महुआमिलान पथ पर दुबी गांव के पास अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार की शाम चंदवा के थाना में कार्यरत चौकीदार सदिक अंसारी की गोली मार कर हत्या कर दी। विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

### 15 लाख के इनामी कमांडर ने किया सरेंडर

**चतरा।** जिले में 15 लाख के इनामी माओवादी सबजोनल कमांडर नवीन यादव ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। वह लातेहार के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सबजोनल कमांडर के रूप में जिम्मेदारी संभालता था।

### नाना और नाती के अपहरण का आरोप

**कोडरमा।** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र से नाना-नाती का अपहरण कर लिया गया है। बड़की धमराय के मितालाल महतो ने डैम ओपी थाना में आवेदन देकर अपने पिता व भांजा से मारपीट कर अपहरण करने को लेकर आवेदन दिया है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ के बीच 71% वोटिंग

**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के तहत मंगलवार को 20 सीटों पर 71 प्रतिशत वोटिंग हुई। सुकमा में नक्सलियों के धमाके में कमांडो घायल है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# बिहार में अब 75% होगा आरक्षण, कास्ट सर्वे के बाद सीएम का नया दांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरक्षण को लेकर विधानसभा में बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में आरक्षण का दायरा 75 फीसदी तक बढ़ाया जायेगा। नीतीश ने जातिगत सर्वे के आर्थिक आंकड़ों की रिपोर्ट जारी होने के साथ राज्य में आरक्षण का दायरा 50 से बढ़ा 75 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा। विधानसभा में चर्चा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने खुद की ये प्रपोजल रखा। इसमें आरक्षण को 50 से 65 फीसदी करने की बात कही गयी। इडब्लूएस के 10 फीसदी को मिलाकर आरक्षण का दायरा 75 प्रतिशत तक पहुंच जायेगा।

**ये जरूरी है :** बिहार विधानसभा में जाति आधारित गणना रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट के बाद ये जरूरी है। कास्ट सर्वे रिपोर्ट और और इकोनॉमिक सर्वे के बाद सीएम नीतीश कुमार ने आरक्षण का यह नया दांव चल दिया। उन्होंने आबादी के मुताबिक आरक्षण दिये जाने का प्रस्ताव सदन में रखा और इसकी सीमा बढ़ा कर 75 फीसदी तक करने की बात कही। पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की 50 फीसदी लिमिट को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने इसे बढ़ाकर 50 से 65 फीसदी करने और कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों को मिलने वाला 10 प्रतिशत का आरक्षण इससे अलग होगा।

- इडब्लूएस के 10 फीसदी को मिलाकर आरक्षण का दायरा 75 प्रतिशत तक पहुंच जायेगा
- बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया बड़ा ऐलान
- आर्थिक आंकड़ों की रिपोर्ट जारी होने के साथ ही बढ़ा आरक्षण का दायरा

### आरक्षण के नये प्रस्ताव


अनुसूचित जाति के लिए 20 फीसदी आरक्षण कोटा करने का प्रस्ताव। अनुसूचित जाति को फिलहाल 16 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 43 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव। पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा को फिलहाल 30 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। अनुसूचित जनजाति के लिए 2 फीसदी कोटा प्रस्तावित किया गया है। कमजोर आर्थिक वर्ग के लिए पहले की तरह 10 प्रतिशत का आरक्षण।

### अनारक्षित वर्ग के लिए सिर्फ 25 फीसदी

अगर नीतीश कुमार अपने आरक्षण वाले प्रस्ताव को अमल में लाते हैं तो अनारक्षित वर्ग के लिए 25 फीसदी सीटें ही बचेंगी। नीतीश कुमार के प्रस्ताव के मुताबिक पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को मिलाकर कुल 65 फीसदी आरक्षण दिया जायेगा। कमजोर आर्थिक वर्ग के लिए 10 प्रतिशत का आरक्षण अलग रहेगा।

### ई सब बोगस बात है...

बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में मंगलवार को विधानसभा में जातीय आधारित गणना का आर्थिक रिपोर्ट पेश किया गया। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष के सवालों पर खुलकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जब पहले गणना हुई नहीं, तो लोग कैसे कहते हैं कि जाति की संख्या कम गयी। यह कहना पूरी तरह बोगस है। कुछ लोग कहते हैं कि इस जाति की जनसंख्या बढ़ गयी या घट गयी लेकिन ये बताइये कि जब इससे पहले जाति आधारित जनगणना नहीं हुई है तो आप कैसे कह सकते हैं कि इस जाति की संख्या बढ़ गयी या घट गयी। हम शुरुआत से केंद्र सरकार से कहते आये हैं कि वे भी जातिगत जनगणना करें। वहीं जनसंख्या नियंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग लड़कियों को शिक्षित कर रहे हैं, जिसका नतीजा है कि प्रजनन दर में कमी आयी है। इस दौरान सीएम ने कुछ ऐसी बातों का भी जिक्र किया जिससे महिला विधायकें असहज हो गयीं, अगल-बगल झांकने लगी।



## शिक्षण संस्थाओं में भ्रष्टाचार कैंसर के समान : कुलाधिपति

# वीसी की नियुक्ति में सिर्फ एक मानदंड योग्यता : राधाकृष्णन

- देश के उत्कृष्ट विवि की सूची में झारखंड का न होना गंभीर विषय
- भ्रष्टाचारमुक्त वातावरण और पारदर्शिता शिक्षा के विकास में जरूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि किसी भी संस्थान में भ्रष्टाचार कैंसर के समान है। शिक्षण संस्थान में विकास के लिए वहां भ्रष्टाचारमुक्त वातावरण के साथ पारदर्शिता बहुत जरूरी है। कुलपतियों की नियुक्ति में सिर्फ एक मानदंड होगा- योग्यता। सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए नियुक्ति की जायेगी। राज्यपाल सह कुलाधिपति मंगलवार को राजभवन की ओर से यूनिवर्सिटी विजन एंड स्ट्रेटेजी डेवलपमेंट विषय पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन पर बोल रहे थे। कहा कि देश के उत्कृष्ट विवि की सूची में झारखंड के किसी भी विवि का नहीं होना चिंता की बात है। समारोह में राज्यभर के विवि के प्रतिनिधि शामिल थे।

कुलाधिपति ने कहा कि कुलपतियों की नियुक्ति में सारी प्रक्रियाओं का पालन कर जो योग्य होंगे, उनकी नियुक्ति होगी। सरकार अन्य जगहों पर कटौती कर छात्रहित में विवि को उनकी जरूरतों के अनुसार राशि उपलब्ध कराती है। (शेष पेज 11 पर)

## इडी अफसरों के खिलाफ जेल में साजिश रचने का मामला

# बड़ा बाबू से घंटों पूछताछ, आज जेलर की बारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के बड़ा बाबू दानिश से इडी दफ्तर में जांच अधिकारियों ने करीब 9 घंटे पूछताछ की। बड़ा बाबू से इडी ने पूछा कि जेल से इडी अफसरों के खिलाफ साजिश रचने के मामले में कौन-कौन शामिल हैं? साजिश में आपकी (बड़ा बाबू) तथा जेल अफसरों और कर्मियों क्या रोल है। सोमवार को इडी ने रांची के जेल सुपरिटेंडेंट हामिद अख्तर, जेलर नसीम और बड़ा बाबू को पूछताछ के लिए समन जारी किया गया था। मंगलवार को बड़ा बाबू हाजिर हुए। जेल सुपरिटेंडेंट से 9 और जेलर से 8 नवंबर इडी दफ्तर में पूछताछ होनी है।

**दानिश की भूमिका संदेहास्पद :** इडी को जानकारी मिली है कि जेल में बंद वीआइपी बंदियों (जो अवैध खनन सहित दूसरे घोटाले के आरोपी हैं) ने जेल अफसरों और कर्मियों से मिलकर इडी अधिकारियों के खिलाफ साजिश रची थी। दूसरी ओर कहा जा रहा है कि दानिश ने ही अफसरों के फंसाने की योजना रचने की साजिश का खुलासा इडी से किया है। (शेष पेज 11 पर)

### हाइकोर्ट ने साजिश की सीलबंद रिपोर्ट मांगी

झारखंड हाईकोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद मनी लाउंड्रिंग केस के आरोपियों प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल की सक्रियता के मामले में इडी अधिकारियों से सील बंद रिपोर्ट मांगी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने इस मामले में इडी को सील बंद रिपोर्ट पेश करने को कहा है। दरअसल, झारखंड में लैंड स्कैम, अवैध बालू कारोबार, शराब टेंडर के कथित घोटाले और अवैध खनन जैसे करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी ईडी के अधिकारियों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रच रहे थे। इस सूचना के बाद इडी ने जेल में छापेमारी भी की। इस दौरान जानकारी मिली कि इडी के एक अफसर को धुर्वा थाने से एसटी-एससी केस में आरोपित करने के बाद एक बार फिर नये सिरे से एक गंभीर आरोप में फंसाने की साजिश जेल से ही रची गयी थी।

## टैक्स चोरी मामले में जीएसटी टीम कर रही जांच

# हजारीबाग में अभय सिंह के घर छापा

- तीन गाड़ियों से पहुंची थी 10-12 लोगों की टीम
- 16 अप्रैल को कोल लिंकेज मामले में गये थे हिरासत में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** टैक्स चोरी के मामले में जांच करने के लिए डीजीजीआइ पटना जोन यूनिट की टीम ने चर्चित कोयला और होटल व्यवसायी अभय सिंह के आवास पर छापेमारी की। टीम को कुछ अहम दस्तावेज भी हाथ लगने की बात कही जा रही है। छापामारी उनके कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत आवास के साथ दफ्तर पर भी की गयी।

जीएसटी की टीम तीन गाड़ियों से 10-12 लोगों की टीम सुबह ही पहुंची और उनके घर को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया था। उनसे कोयला व्यवसाय और होटल के बारे में उनसे जानकारी एकत्र की जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टैक्स चोरी के मामले में ही यह छापेमारी पटना जोनल यूनिट डायरेक्टर जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस की ओर से की जा रही है। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने व्यवसाय से जुड़े कई साक्ष्य छिपाये हैं। इस बात की जानकारी लेने के लिए जीएसटी की टीम ने छापेमारी की है। इससे पहले 16 अप्रैल को कोल लिंकेज मामले में हजारीबाग समेत राज्यभर के जाने-माने कोल व्यवसायी अभय सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया था। उस दौरान भी इनकी गिरफ्तारी को लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही थी।

# खूंटी में 15 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पीएम मोदी 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी में 15 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का उदघाटन भी कर सकते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी दिल्ली से रांची एयरपोर्ट और वहां से सीधा बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू जायेंगे। इस बीच कई तरह के सरकारी कार्यों की तैयारी केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से की जा रही है। पीएम मोदी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के 15 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का उद्घाटन भी कर सकते हैं। कल्याण विभाग की तरफ से सरकार के उप सचिव विनोद कुमार बांके ने इस संबंध में राज्य के 14 जिलों के परियोजना निदेशकों को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि जनजातीय कार्य मंत्रालय की तरफ से उन्हें एक पत्र आया है।

### धर्म में मानवता की भलाई करने की बड़ी क्षमता है : दलाई लामा

**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा ने मंगोलिया के प्रमुख बौद्ध मठ गादेन थेकचोगलिंग के नवनिर्वाचित खंबा लामा गेशे जेत्सुन दोरजी को पत्र लिखकर उन्हें नए पद पर आसीन होने के लिए बधाई दी है। अपने पत्र में दलाई लामा ने कहा कि धर्म में मानवता की भलाई में योगदान करने की बड़ी क्षमता है क्योंकि यह अहिंसा और करुणा में निहित है। हालांकि, यह तभी घटित होगा जब हम में से जिनके पास इसका अध्ययन करने और अभ्यास करने का अवसर होगा।




## दहेज प्रताड़ना मामले के दुरुपयोग पर हाइकोर्ट ने जतायी चिंता

# धारा 498-ए का गलत इस्तेमाल कर रहीं महिलाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए आइपीसी की धारा 498 ए (महिला पर उसके पति या ससुराल वालों के द्वारा क्रूरता) के दुरुपयोग पर चिंता जाहिर की है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अपने ससुराल वालों से असंतुष्ट पत्नियां कानून के इस प्रावधान का हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रही हैं। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने कहा कि ऐसी पत्नियां बिना उचित विचार-विमर्श के मामूली विवाद पर आवेश में आकर ऐसे मामले दायर कर रही हैं। अदालत ने एक महिला द्वारा उसके जेठ और जेठानी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बातें कही।




### ससुराल वालों पर लगाया था प्रताड़ना का आरोप

दरअसल धनबाद की रहने वाली एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ यातना का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उसे रद्द करने के लिए राकेश राजपूत और उनकी पत्नी रीना राजपूत ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। आरोपियों की ओर से पक्ष रख रही अधिवक्ता आशमा खानम ने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि उनके खिलाफ लगाये गये सभी आरोप गलत हैं, क्योंकि कथित घटना के दिन वे ट्रेन से सफर कर रहे थे। बहस सुनने के बाद अदालत ने राकेश राजपूत और उनकी पत्नी के खिलाफ धनबाद सिविल कोर्ट द्वारा लिये गये संज्ञान के आदेश सहित पूरी आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया।

## विकास कार्यों में अधिकारियों की अनदेखी के सीएम के बयान पर दी प्रतिक्रिया

# सिर्फ पदाधिकारियों पर दोष मढ़कर मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेवारियों से बच नहीं सकते : भाजपा

**कहा : आरोपों के बावजूद अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करते सीएम हेमंत सोरेन**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें अबुआ वीर दिशोम अभियान की शुरूआत पर उन्होंने राज्य के पदाधिकारियों पर विकास कार्य की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि घोड़े की चाल घुड़सवार पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि सिर्फ राजनीतिक आरोप लगाकर सीएम हेमंत सोरेन अपनी नाकामी को नहीं ढंक सकते। विगत चार वर्षों से मुख्यमंत्री को वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों के अधिकार की याद नहीं आई। हेमंत सोरेन पहले भी डेढ़ वर्षों तक राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों से काम न लेकर मुख्यमंत्री ने उन्हें लूट की छूट दे रखी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में झारखंड भ्रष्टाचार में डूब गया है। इसलिए मुख्यमंत्री भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ मौन हो चुके हैं। आरोपों के बावजूद दंडात्मक कार्रवाई नहीं करते। उन्हें स्पष्ट करना चाहिये कि कारवाई नहीं करने के पीछे कोई बाहरी दबाव तो नहीं है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन पर मुख्यमंत्री गंभीर होते तो राज्य के हालात कुछ और होते। परंतु भ्रष्टाचार को राज्य की पहचान बना देना, जेल से रसूखदारों द्वारा कानून को ठेंगा दिखाना, केंद्रीय योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारना जैसे अनेक विफलताओं का डर अब उनके बयानों में दिखने लगा है।

## राज्य सरकार को अब आयी आदिवासियों के अधिकार की याद : शिवशंकर उरांव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि चार साल बाद सीएम हेमंत सोरेन को आदिवासियों की याद आयी है। उन्होंने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट के बाद अबुवा वीर अबुवा दिशोम याद आयी लेकिन, परंतु 1932 का खतियान कहां है? उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वननिवासी अधिकार अधिनियम 2006 अनुसूचित जनजाति एवं अन्य अधिकार अधिनियम 2006 में पारित हुआ, जिसका अनुपालन करना राज्य सरकार का कर्तव्य है। कानून को पारित हुए 17 वर्ष बीत गया लेकिन 4 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने को है, अब वन अधिकार पट्टा दिये जाने की याद आयी है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी जनता सचेत रहकर सरकार की अंदरुनी मंशा को जाने, तभी अधिकार मिलेगा।

# पंचायत सचिवालय के स्वयंसेवकों ने झामुमो कार्यालय के बाहर किया नंग धड़ंग प्रदर्शन

**वादाखिलाफी का किया विरोध**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पंचायत सचिवालय के स्वयंसेवकों ने पांच सूत्री मांगों को लेकर सत्ताधारी दल झामुमो दफ्तर के सामने मंगलवार को नंग धड़ंग प्रदर्शन किया। इससे पहले स्वयंसेवकों ने झामुमो दफ्तर के बाहर मार्च निकाला। राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि पूरे राज्य में स्वयंसेवकों की संख्या 18 हजार है। प्रदर्शन में हजारों स्वयंसेवक शामिल हुए। एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों से झामुमो के प्रतिनिधि को दोबारा अवगत कराएगा।

स्वयंसेवकों ने राज्य की झामुमो नेतृत्व वाली सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि रघुवर दास सरकार के कार्यकाल में साल 2016 में उनकी बहाली हुई थी। तब पंचायतों में विकास कार्यों के लिए उन्हें अच्छा खासा इंसेंटिव मिलता था। जन्म प्रमाण पत्र, पीएम आवास योजना, मृत्यु प्रमाण पत्र और राशन कार्ड में नाम जोड़ने और गलत नाम को हटाने के बदले इंसेंटिव मिलता था लेकिन अब इंसेंटिव पर भी आफत हो गई है।

दरअसल, 14 अक्टूबर को भी पंचायत सचिवालय के स्वयंसेवकों ने झामुमो कार्यालय का घेराव किया था तब झामुमो के महासचिव सह सरकार के समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडेय ने कहा था कि रघुवर सरकार की गलत नीतियों की वजह से इनको परेशानी हो रही है। तत्कालीन सरकार ने बिना नियमावली बनाए इंसेंटिव की व्यवस्था देकर झूठी वाहवाही लूटी थी लेकिन उनकी सरकार टेट पास पारा शिक्षकों और पंचायत सचिवालय के स्वयंसेवकों की मांग को लेकर गंभीर है। इधर आश्वासन मिलने के बाद कई दिन गुजरने के बाद भी कुछ नहीं होने पर पंचायत सचिवालय सेवकों ने आपा खो दिया और नंग धड़ंग प्रदर्शन कर सरकार तक बात पहुंचाने की कोशिश की है।


## कार्यालयः जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग

### प्रमाण पत्र मुद्रण हेतु आमंत्रण सूचना

हजारीबाग जिले में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा कूप संवर्द्धन मिशन अन्तर्गत कूप हेतु योग्य लाभुकों को प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना है इस हेतु इच्छुक मुद्रण प्रेस/फर्म को सूचित किया जाता हैं कि प्रति प्रमाण पत्र की छपाई हेतु दिनांक–15/11/2023 तक अपना कॉटेशन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग में समर्पित करेंगे। प्रमाण पत्र Multi colour के दर पर होना चाहिए। विस्तृत सूचना के लिए www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त, हजारीबाग

PR 310943 Rural Development(23-24)#D



## न्यायालय , प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

### न्यायालय सूचना

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध थाना काण्ड में जप्त वाहनों/जप्त वन पदार्थों से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वाहनों/ वन पदार्थो के विरुद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चलाई जा रही है जिसमें अधिकतर वादों में विपक्षी या तो प्रारम्भिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं या किसी–किसी वादों में काफी लम्बे समय से लगातार अनुपस्थित हैं ।

अतः इस सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए जप्त निम्नलिखित सूचीबद्ध वाहनों एवं वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित राज्यसात वादो में सुनवाई की निर्धारित तिथि 22.11.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड सं0 | राज्यसात वाद संख्या | जप्त वाहन / वन पदार्थ | सुनवाई हेतु निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कम्पलेन केस सं030/2023 | 39/2023 | टाटा टरबो 709 JH-01AC-2254 कोयला लदा 062 टन | 22.11.2023 |
| 2 | सदर थाना काण्ड संख्या 55/2022 | 42/2022 | पिकअप भान सं0 JH-01AU-2886 कोयला 25 क्विटल | 22.11.2023 |
| 3 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 109/2022 | 07/2023 | पावर ट्रैक्टर मॉडल 430 बॉडी नं0 1928G —T7701001008 उसके डाला पर लदा 03 टन कोयला | 22.11.2023 |
| 4 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 22/2020 | 10/2023 | ट्रैक्टर चेचिस नं0 206003T9920 ईजन नं0 T7701001028 उसके डाला पर 80 Cft.कोयला | 22.11.2023 |
| 5 | बरकट्ठा थाना काण्ड संख्या 19/2022 | 51/2022 | न्यू हॉलैण्ड ट्रैक्टर सं0– JH-12C-8254 कोयला–02टन | 22.11.2023 |
| 6 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 68/2022 | 16/2023 | सोनालिका ट्रैक्टर ईजन नं0 4F1065170F18 चेचिस नं0 H295R10706935 कोयला 03 टन | 22.11.2023 |
| 7 | कम्पलेन केस संख्या 120/2023 | 03/2023 | HMT ट्रैक्टर ईजन नं0 GPI21806 चेचिस नं0 2A0625118001 कच्चा जलावन | 22.11.2023 |
| 8 | कटकमदाग थाना काण्ड संख्या 62/2020 | 59/2022 | 1. स्कॉट पॉवर ट्रैक्टर ईजन नं0 R327316305D 2. पॉवर ट्रैक्टर इं0 नं0 E3166839 कोयला 2–2 टन | 22.11.2023 |
| 9 | कम्पलेन केस सं0 1671/2022 | 38/2022 | विद्युत चालित आरा मशीन–1, साल बोटा 50 पीस | 22.11.2023 |
| 10 | कम्पलेन केस संख्या 97/2022 | 13/2022 | स्वराज ट्रैक्टर ईजन नं0 331008/SBH 02893 कोयला 03 टन | 22.11.2023 |
| 11 | कम्पलेन केस संख्या 1370/2020 | 52/2020 | बजाज पलसर मो0 सं0 JH-02AE-5533 | 22.11.2023 |
| 12 | चौपारण थाना काण्ड संख्या 48/2020 | 57/2021 | ट्रक सं0 – NL-01G-6987 कोयला–20 टन | 22.11.2023 |
| 13 | कम्पलेन केस संख्या 828/2020 | 34/2020 | हौण्डा एक्टिवा स्कूटी नं0 JH-01BL-1766 एकेसिया बोटा– 136 पीस | 22.11.2023 |
| 14 | कम्पलेन केस संख्या 1670/2022 | 34/2022 | विद्युत चालित आरा मशीन–1, साल बोटा– 5 पीस, चिरान पटरा– 5 पीस | 22.11.2023 |
| 15 | कम्पलेन केस संख्या 750/2019 | 36/2019 | टाटा 407 JH-02AN-9631 साल बोटा– 27 पीस | 22.11.2023 |
| 16 | कम्पलेन केस संख्या 1856/2022 | 44/2022 | डिजल इंजन आरा मिल–1, बोटा– 5 पीस, पटरा– 15 पीस | 22.11.2023 |
| 17 | कम्पलेन केस संख्या 1141/2022 | 20/2022 | डिजल पम्प–1, कोयला 4 बोरा | 22.11.2023 |
| 18 | कम्पलेन केस संख्या 1744/ 2019 | 46/2019 | हिरो होण्डा सी0डी0 डॉन चे0 नं0 02K26F09280 आरा पती–1, बोटा– 04 पीस, पटरा– 05 पीस | 22.11.2023 |
| 19 | केरेडारी थाना काण्ड संख्या 45/2022 | 49/2022 | 1.हिरो पैशन प्रो0 मो0सा0– JH-13D-7796 2.हिरो स्पलेण्डर प्लस मो0सा0– JH-02Q-7800 , कत्था–42 किलो | 22.11.2023 |
| 20 | जी0 एफ0 वाद संख्या 217/2016 | 48/2016 | जे0 सी0 बी0 मशीन– 1, हिरो होण्डा मोटर साईकल–1 | 22.11.2023 |
| 21 | कम्पलेन केस संख्या 110/2023 | 31/2023 | ट्रैक्टर ईजन नं0 E-3256223 कोयला 03 टन | 22.11.2023 |
| 22 | कम्पलेन केस संख्या 92/2023 | 41/2023 | ट्रैक्टर ईजन नं0 3095 FL 52F66542 चिरान पटरा– 180 पीस | 22.11.2023 |
| 23 | कम्पलेन केस संख्या 1690/2023 | 82/2023 | डिजल इंजन आरा मशीन सेट–1, साल बोटा– 5 पीस | 22.11.2023 |
| 24 | कम्पलेन केस संख्या 1691/2023 | 83/2023 | आरा मशीन सेट–1, साल बोटा– 6 पीस | 22.11.2023 |
| 25 | कम्पलेन केस संख्या 1692/2023 | 84/2023 | आरा मशीन सेट–1, साल बोटा– 16पीस | 22.11.2023 |
| 26 | कम्पलेन केस संख्या 1693/2023 | 85/2023 | आरा मशीन सेट–1, बोटा– 18 पीस | 22.11.2023 |
| 27 | कम्पलेन केस संख्या 1752/2023 | 86/2023 | आरा मशीन सेट–1, बोटा– 10 पीस , चिरान– 69 पीस | 22.11.2023 |
| 28 | कम्पलेन केस संख्या 1753/2023 | 87/2023 | आरा मशीन सेट–1, बोटा– 18 पीस, चिरान 141 पीस | 22.11.2023 |
| 29 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 104/2021 | 88/2023 | 1.सोनालिका ट्रैक्टर चे0 नं0 – 030ZF27311 2.पावर स्कॉट ट्रैक्टर ई0 नं0 AI03U02 कोयला–02–02 टन | 22.11.2023 |
| 30 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 31/2023 | 90/2023 | 1.सोनालिका ट्रैक्टर ई0 नं0 – 3092F42B40530 2.जॉन डियर ट्रैक्टर ई0 नं0 R130874LTD100785 कोयला– 03–03 टन | 22.11.2023 |
| 31 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 302/2022 | 91/2023 | कोयला– 12 टन पम्प– 15 HP | 22.11.2023 |
| 32 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 142/2022 | 92/2023 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ई0 नं0 – RHL2EAN0336 कोयला– 03 टन | 22.11.2023 |
| 33 | कम्पलेन केस संख्या 1020/2023 | 52/2023 | पिकअप भान ई0 नं0 NPH014760P कोयला 03 टन | 22.11.2023 |
| 34 | कम्पलेन केस संख्या 950/2023 | 49/2023 | 1.इण्डोफार्म ट्रैक्टर– 3035 2.होण्डा साईन मो0सा0 ई0 नं0 JC65E72079590 बोटा– 30 पीस | 22.11.2023 |
| 35 | कम्पलेन केस संख्या 1162/2023 | 48/2023 | पॉवर ट्रैक ट्रैक्टर ई0 नं0 T99200080088 कोयला– 2.5 टन | 22.11.2023 |
| 36 | कम्पलेन केस संख्या 109/2023 | 59/2023 | हुण्डई सेन्ट्रो कार नं0 CH-03N-1618 कोयला– 32 बोरा | 22.11.2023 |
| 37 | बड़कागांव थाना काण्ड संख्या 222/2022 | 57/2023 | जॉन डियर ट्रैक्टर इ0 नं0– PY 3029D163697 कोयला– 03 टन | 22.11.2023 |
| 38 | कम्पलेन केस संख्या 1297/2023 | 56/2023 | महिन्द्रा पिकअप भाना नं0 JH-12G-1864 चिरान पटरा– 204 पीस | 22.11.2023 |
| 39 | कम्पलेन केस संख्या 726/2023 | 54/2023 | पल्सर मोटरसाईकिल सं0– JH-02AC-7539 चिरान पटरा– 183 पीस | 22.11.2023 |
| 40 | कम्पलेन केस संख्या 2991/2022 | 63/2022 | टाटा 407 EX Turbo- JH-10J-6948 कोयला– 6 टन | 22.11.2023 |
| 41 | कम्पलेन केस संख्या 2211/2020 | 94/2020 | टाटा टर्बो 407 ई0नं0 – EQZ 631852 बोटा– 58 पीस | 22.11.2023 |

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR.NO.310866 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D


## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने केंद्र से मांगा कोल रॉयल्टी का बकाया ₹1.50 लाख करोड़

**नयी दिल्ली/रांची।** नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्र के विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन के दूसरे दिन मंगलवार को झारखंड के पेयजल एंव स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने ट्रांसमिशन लाइन का काम पूरा नहीं होने का मामला उठाया। श्री ठाकुर ने केंद्रीय विद्युत मंत्री राज कुमार सिंह से कहा कि उनके स्तर से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन को निर्देश देने की जरूरत है। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन झारखंड में 2012 से ट्रांसमिशन लाईन बनाने का काम कर रहा है, परंतु काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है। इस कारण पलामू और लातेहार में पर्याप्त बिजली नहीं पहुंच पा रही है। इसलिए पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ट्रांसमिशन लाईन कार्य को अविलंब पूरा करे। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर उचित कार्रवाई करेंगे। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि झारखंड में कई इलाकों में अब भी बिजली नहीं पहुंच पाई है। उन क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने 1,500 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की है। मिथिलेश ठाकुर ने केन्द्र से अनुरोध किया कि योजनाओं को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार कोल रॉयल्टी मद के 1.5 लाख करोड़ का झारखंड को अविलंब को दे, ताकि राज्य में विकास कार्य सुचारू रूप से चल सके।

## तुष्टिकरण के नाम पर ध्रुवीकरण नहीं होता तो डुमरी के नतीजे हमारे पक्ष में होते: सुदेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/गिरीडीह।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव के नतीजों से स्पष्ट होता है कि तुष्टिकरण के नाम पर ध्रुवीकरण नहीं होता तो परिणाम हमारे पक्ष में होता। इस उपचुनाव में अनुकूल वातावरण नहीं था। विपरीत परिस्थिति में इतना जनादेश मिलना साधारण नहीं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डुमरी इसरी बाजार स्थित तेरापंथी कोठी में आयोजित डुमरी उपचुनाव समीक्षा बैठक के दौरान कही। बैठक में डुमरी उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में वोट करने के लिए मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि डुमरी की जनता ने अपने कदम हमारे गठबंधन की ओर बढ़ा दिए हैं। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, उमा कांत रजक, डॉ देवशरण भगत, यशोदा देवी उपस्थित रहे।

## झारखंड के सभी नगर निकायों में इस बार मनेगी जल दिवाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की पहल पर राज्य के 31 नगर निकायों में 7 से 9 नवंबर के बीच जल दिवाली मनाने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग ने सभी नगर निकायों को पत्र लिखकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया है। वाटर फॉर वुमेन और वुमेन फॉर वाटर कार्यक्रम के तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को निकटतम वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कराया जाएगा और उन्हें जल शोधन और जल शोधन के दौरान विभिन्न प्रक्रिया और आपूर्ति की जानकारी दी जायेगी। सरकार चाहती है कि महिलाओं में शुद्ध पेयजल और पेयजल आपूर्ति को लेकर सेंस आफ ओनरशिप डेवलप हो।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से नगर निकायों से आग्रह किया गया है कि वह एनयूएलएम के साथ संबंध स्थापित कर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को नजदीकी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट ले जायें। महिलाओं को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक ले जाने की ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था नगर निकाय करेगा। साथ ही महिलाओं के लिए एक हैंडबैग, स्टील वॉटर बॉटल, जलपान, पोस्टर, बैजेज की व्यवस्था इत्यादि का भी प्रबंध नगर निकाय ही करेगा।

## एनटीपीसी की बादाम कोयला परियोजना में खनन कार्य जल्द होगा शुरू : महाप्रबंधक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हजारीबाग जिला के कोयला खनन परियोजनाओं में एनटीपीसी की 49वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पकरी बरवाडीह, पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट, चट्टी बरियातू, केरेडारी एवं बादाम कोयला खनन परियोजना के तमाम पदाधिकारी, एसोसिएट्स, सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी एवं अन्य इस मौके पर उपस्थित हुए। परियोजना के अधिकारियों ने 49वें वर्ष में प्रवेश करने पर सभी कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बादाम कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक प्रवीण अनंत राव पांडे ने कहा कि जल्द ही बादाम कोयला खनन परियोजना में खनन कार्य शुरू होगा। परियोजना को एमडीओ अलॉट हो चुका है। भूमि अधिग्रहण का काम भी तेजी से चल रहा है। पकरी बरवाडीह एवं पकरी बरवाडीह नॉर्थवेस्ट कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने परियोजना की महत्वपूर्ण उपलब्धियां गिनायीं। उन्होंने कहा कि आसपास के क्षेत्रों में एनटीपीसी द्वारा कई तरह के विकास कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में चट्टी बरियातू और केरेडारी के परियोजना इंचार्ज फैज तैय्यब ने कहा कि चट्टी बरियातू व केरेडारी परियोजना बहुत कम समय में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हुई है। सभी परियोजना प्रमुखों ने तेज गति और सुरक्षा के साथ काम करने पर बल दिया। पर्यावरण संरक्षण और आसपास के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की बात कही।

## खबर एक नजर में

### आइपीएस रामकुमार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

**रांची।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए 2015 बैच के आइपीएस आर रामकुमार विरमित किए गए हैं। इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आर रामकुमार केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के तहत सीबीआई एसपी के पद पर योगदान देने के विरमित किए गए हैं।

### स्पीकर से नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने की मुलाकात

**रांची।** नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने स्पीकर रवींद्रनाथ महतो से शिष्टाचार मुलाकात की। स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष ने एक–दूसरे को फूलों का गुलदस्ता दिया। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि अमर बाउरी एक तेज–तर्रार नेता हैं और उनके नेतृत्व में राज्य के मुद्दों को विधानसभा के पटल पर प्रमुखता से रखा जायेगा। नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में वे सदन में जनता की आवाज बनकर उभरेंगे। वहीं,अमर बाउरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है। वे उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की उम्मीदों पर खरा उतारने का प्रयास करेंगे। राज्य के सभी ज्वलंत मुद्दों को अपने संवैधानिक अधिकार के अंतर्गत सदन के पटल पर रखेंगे।

### सीसीएल के कई अधिकारी बदले

**रांची।** सीसीएल प्रबंधन ने कई अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसका आदेश मुख्यालय स्थित अधिकारी स्थापना शाखा ने जारी कर दिया है। रजरप्पा एरिया के एरिया सेल्स मैनेजर चंद्र भूषण त्यागी का तबादला बीएंडके एरिया में एरिया सेल्स मैनेजर के रूप में कर दिया गया है। उन्हें एरिया जीएम को रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। वहीं रजरप्पा एरिया में पदस्थापित एसओ (उत्खनन) का तबादला सीआरएस, बरकाकाना में जीएम के पद पर किया गया है। उन्हे मुख्यालय स्थित निदेशक (टी/ओ) को रिपार्ट करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा कथारा एरिया में डिप्टी मैनेजर (पर्सनल) के पद पर पदस्थापित सुप्रिया भारती का तबादला गिरिडीह एरिया में कर दिया गया है। उन्हें एरिया जीएम को रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। ढोरी क्षेत्र में सहायक प्रबंधक (कार्मिक) के पद पर पदस्थापित सुश्री शालिनी यादव का प्रोबेशन पीरियड समाप्त होने के बाद उनकी सहायक प्रबंधक, ई3 ग्रेड में पुष्टि कर दी गई है। वह वहीं पदस्थापित रहेगी।

### आरइओ के चार इंजीनियर बदले

**राम प्यार प्रसाद को मुख्य अभियंता का अतिरिक्त प्रभार**

रांची। राज्य सरकार ने ग्रामीण कार्य विभाग में चार इंजीनियरों का स्थानांतरण–पदस्थापन किया है। अधीक्षण अभियंता कार्य अंचल हजारीबाग राम प्यार प्रसाद को स्थानांतरित करते हुए अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री प्रसाद को अपने कार्य के साथ अगले आदेश तक मुख्य अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एसई कार्य अंचल रांची के तकनीकी सलाहकार बीडी राम को अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य अंचल हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। वे एसई कार्य अंचल गिरिडीह का भी काम देखेंगे। वहीं अधीक्षण अभियंता कार्य अंचल दुमका मनोहर कुमार को मुख्य अभियंता प्रावैधिक रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एसई अनुश्रवण अभियंता प्रमुख कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग रांची प्रमोद कुमार को अपने कार्यों के साथ मुख्य अभियंता अनुश्रवण अभियंता प्रमुख कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### सीबीआई और निजी स्टील कंपनी को प्रतिवादी बनाने पर केंद्र ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची।** जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉ. लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से सीबीआई और निजी स्टील कंपनी को प्रतिवादी बनाने को लेकर हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गई। जिस पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से समय मांगा गया। मामले में जीवीके पावर की ओर से भी जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। प्रार्थी की ओर से ज्ञानरंजन नाथ शहदेव ने पैरवी की। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने में की सुनवाई की। पूर्व में कोर्ट ने सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज और नेशनल मिनिरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को मामले में प्रतिवादी बनाया था।

## 10 नवंबर तक राइस मिलरों को रजिस्ट्रेशन के लिए करना होगा आवेदन

# झारखंड में दिसंबर से शुरू होगी धान खरीद की प्रक्रिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 में किसानों से धान क्रय का काम दिसंबर महीने के पहले सप्ताह से शुरू होना है। इस संबंध में खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड की ओर से सभी जिलों को जरूरी निर्देश भेजे जा चुके हैं। इस आधार पर अब सभी जिलों में तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। धान की खरीद शुरू करने से पहले अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन किया जायेगा। साथ ही राईस मिलरों का रजिस्ट्रेशन होगा। अधिप्राप्ति केंद्रों के साथ संबद्धता संबंधी कार्य पूरे किए जाएंगे।

### रांची में शुरू हुई प्रक्रिया, निबंधन जरूरी

रांची जिला प्रशासन ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेश पर सूचना जारी करते कहा है कि रांची जिलों में अवस्थित सभी राईस मिलरों को रांची जिले के अधिप्राप्ति धान का मिलिंग कार्य करने को अपना निबंधन कराना जरूरी होगा। इसके लिए मिलरों को जिला प्रबंधक, झारखंड राज्य खाद्य निगम, रांची के ऑफिस (ब्लॉक–बी, समाहरणालय भवन, रांची) में निर्धारित फॉर्मेट में निबंधन कराना होगा। इसे पूरी तरह से भर कर 10 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक जमा भी करना है।

### ऐसा होगा फॉर्मेट, पूरी सूचना देना अनिवार्य

राईस मिलरों को रजिस्ट्रेशन के लिए जो फॉर्मेट भर कर देना है, उसमें राईस मिल का नाम, मिल मालिक का नाम, मिल मालिक का मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, मिलर की मिलिंग क्षमता (मीट्रिक टन, प्रति घंटा), मिलर की भंडारण क्षमता और भंडारण क्षमता की भौतिक स्थिति (अच्छा, खराब) संबंधी जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा इसमें मिल के चालू अवस्था में होने, न होने, मिल के मुख्य द्वार पर चालू हालत में सीसीटीवी लगे होने या न होने, सीसीटीवी कैमरा में एक माह का वीडियो रिकॉर्डिंग का डीवीआर लगे होने या न होने, मिल पर किसी तरह के बकाया (हां, नहीं), मिल सीएमआर के रूप में फोर्टिफाइड राइस सुपूर्द करने में सक्षम है या नहीं तथा मिल में ब्लेंडिंग मशीन लगी है या नहीं, इससे संबंधित सूचना भी देंगे।


स्पीड न्यूज

## डीबीएमएस कॉलेज में दिवाली मेला आयोजित



जमशेदपुर। डीबीएमएस कॉलेज,कदमा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रोट्रेक्ट क्लब द्वारा दीवाली मेला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष बी चंद्रशेखर द्वारा किया गया। इस मेले में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाये गये थे, जिसमें रंगोली, केंडल दिया, स्वयं निर्मित ज्वेलरी, गृह सज्जा के सामान, स्वयं निर्मित केक, गृह स्टाल, लकी ड्रा एवं चॉकलेट आदि का प्रदर्शन किया गया था। फूड स्टाल भी लगाया गया था। मेले की सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी की जीविका संस्था ने भी अपना स्टाल लगाया था जो दिव्यांग बच्चो के विकास के लिए कार्य करती है। इस मेले में छात्र छात्राओं के अलावा अभिभावक लोगों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। स्वादिस्ट व्यंजनों का स्वाद भी लोगों ने चखा। प्रबंधन समिति के सचिव श्रीप्रिया धर्म्रराजन, सह-सचिव उषा रामनाथन, तमिल सेल्वी बालाकृष्णन, गवर्निंग बॉडी सचिव सतीश सिंह एवं गीता नटराजन ने मेले को सफल बनाने में पूर्ण योगदान दिया। मौके पर रोट्रेक्ट क्लब के मॉडरेटर अंजली गणेशन,सदस्य दीक्षा, आफरीन शगुफ्ता, शैलजा, पियाली, सलोनी, एस देवी, जया अगरवाला, खुशबू, असरीता रेनू, सोनाली, सीता, परमजीत, परविंदर आदि मौजूद थे। प्राचार्या डॉ जूही समर्पिता एवं उप प्राचार्या डॉ मोनिका उप्पल ने मेले की सफलता के लिए रोट्रेक्ट क्लब के सभी सदस्यों को बधाई दी।

## शफायत हुसैन की स्मृति में रक्तदान शिविर आज



जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा एहसिन फाउण्डेशन के सहयोग से स्व शफायत हुसैन की स्मृति में रेड क्रॉस भवन में आज रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। रेड क्रॉस के पेट्रन व एहसिन फाउण्डेशन के संस्थापक आशीफ मेहमूद के संयोजन में उनके पिता स्व. शफायत हुसैन की स्मृति में बीते वर्ष से यह रक्तदान शिविर का आयोजन हो रहा है। एहसिन फाउण्डेशन पिछले 4 वर्षों से रेड क्रॉस की एक महत्वपूर्ण सहयोगी संस्था के रूप में नियमित रूप से सामाजिक कार्यों को शहर में कर रही है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदाताओं से रक्तदान का आग्रह किया है।

## चंदूलाल भालोटिया की स्मृति में नेत्र शिविर संपन्न



जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से चन्दूलाल भालोटिया सोशल वेल्फेयर ट्रस्ट के संयोजन में रेड क्रॉस सोसाईटी के पैट्रन तथा जाने माने समाजसेवी स्व. चन्दूलाल जी भालोटिया के पुण्य स्मृति में 698वां नेत्र शिविर के तीसरे दिन ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों को विदाई दी गयी। इससे पूर्व जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की, जिसके पश्चात नेत्र रोगियों को रेड क्रॉस की टीम ने चश्मा पहनाया तथा डेढ़ महीने की दवा प्रदान की एवं आंखों की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर उन्हें विदा किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह के साथ राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, कार्यकर्ता अशोक घोषाल, अशोक कुमार सिंह, विशाल सिंह, आशीष एवं श्याम कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थें। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने आने वाले पर्व त्योहार को देखते हुए अगला नेत्र शिविर 25 नवम्बर से आयोजित किया जायेगा।

# सूर्यधाम में छठ महोत्सव सांस्कृतिक संध्या 19 को, निशि पांडेय व ममता राउत देंगी प्रस्तुति

## दिवाली को श्रीराम मंदिर में जलाये जायेंगे 11000 दीये

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सूर्य मंदिर समिति द्वारा आगामी छठ महोत्सव एवं दीपावली की पूर्व संध्या पर श्रीराम मंदिर परिसर में होने वाले दीपोत्सव की तैयारी एवं रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से मंदिर समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

गत रविवार को सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर में समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में सूर्य मंदिर कमेटी के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह समेत तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यगण मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में छठ महोत्सव पर होने वाले सांस्कृतिक संध्या एवं श्रीराम मंदिर में दीपोत्सव के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान श्रीराम मंदिर में दीपोत्सव एवं छठ महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर परिसर में दीपावली की पूर्व संध्या पर ग्यारह हजार मिट्टी के दीये एवं आतिशबाजी कर दीपोत्सव मनाने के साथ पूरे श्रद्धाभाव एवं धूमधाम से छठ महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि छठ महोत्सव को लेकर सूर्य मंदिर समिति सभी पहलुओं पर व्यापक तैयारी कर रही है।

छठ पूजा में मंदिर परिसर के दोनों छठ घाटों की सुंदर साफ-सफाई, पूरे मंदिर परिसर की पुष्प सज्जा, मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं, छठ महोत्सव के प्रभारी कमलेश सिंह ने छठ महोत्सव के तहत होने वाले सांस्कृतिक संध्या की जानकारी देते हुए बताया कि महापर्व छठ के प्रथम अर्घ्य 19 नवंबर को संध्याकाल में सुप्रसिद्ध लोक गायिका निशा पांडेय के संग सुर संग्राम की विजयी प्रतिभागी एवं प्रसिद्ध गायिका ममता राउत एंड स्थानीय कलाकारों की टीम सिदगोड़ा के टाउन हॉल मैदान में भक्ति संगीत की धारा श्रद्धालुओं के बीच बहाएंगी। छठ पूजा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य मंदिर कमेटी की ओर से 1100 जरूरतमंद व्रतधारियों को निःशुल्क पूजन सामग्री भेंट की जाएगी।



तैयारी बैठक में उपस्थित सूर्यधाम कमेटी के पदाधिकारीगण।

### कार्यक्रम प्रभारी किये गये नियुक्त

बैठक में छठ महोत्सव के दौरान होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर प्रभारी की नियुक्ति की गई है। जिनमें छठ महोत्सव के प्रभारी कमलेश सिंह एवं मिथिलेश सिंह यादव, सांस्कृतिक संध्या के प्रभारीः अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सुशांत पांडा, प्रचार-प्रसार प्रभारीः गुंजन यादव, अमरजीत सिंह राजा, पूजन सामग्री वितरण प्रभारीः पवन अग्रवाल, टुनटुन सिंह, पूजन सामग्री पैकिंग प्रभारी : श्याम भक्त मंडल एवं भाजपा गोलमुरी मंडल, छठ घाट व्यवस्था प्रभारीः राकेश सिंह, रूबी झा, आमंत्रण पत्र प्रभारीः दिनेश कुमार एवं कुलवंत सिंह बंटी, यातायात व्यवस्था प्रभारीः बोलटू सरकार, श्रीराम प्रसाद, बबलू गोप एवं भाजपा बिरसानगर मंडल के कार्यकर्तागण, स्वागत एवं अतिथि सत्कार प्रभारीः रामबाबू तिवारी, संजीव सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, गुरुदेव सिंह राजा एवं खेमलाल चौधरी, पूजा प्रभारीः अखिलेश चौधरी एवं दीपक कुमार, महाप्रसाद वितरण प्रभारीः पवन अग्रवाल एवं श्याम भक्त मंडल, प्रेस (प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक) प्रभारीः प्रेम झा एवं प्रमोद मिश्रा। बैठक में सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, रूबी झा, शशिकांत सिंह, कंचन दत्ता, कृष्ण मोहन सिंह, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा, संजीव सिंह, मिथिलेश सिंह यादव, गुंजन यादव, रामबाबू तिवारी, कमलेश सिंह, पवन अग्रवाल, राकेश सिंह व अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# टाटा मोटर्स ने लांच किया वीआरएस

## कर्मचारियों की छंटनी से लागत नियंत्रित करेगी कंपनी

विशेष संवाददाता

जमशेदपुर। टाटा मोटर्स लिमिटेड ने जमशेदपुर प्लांट में कार्यरत अपने कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम) लॉन्च की है। कंपनी के सूत्रों ने कहा कि कर्मचारी 8 नवंबर से 8 दिसंबर 2023 तक इस योजना के लिए आवेदन दे सकते हैं। कंपनी ने अपना उत्पादन लागत नियंत्रित करने के उद्देश्य के तहत वीआरएस लेकर आ रही है। यद्यपि वीआरएस की शर्तें एवं सुविधाओं की व्याख्या करने वाले सर्कुलर के आने का अभी इंतजार है। टाटा मोटर्स से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि वीआरएस योजना के लिए वे कर्मचारी पत्र हैं जो कंपनी के पेरोल पर हैं और उनकी उम्र 45 वर्ष अथवा उससे ज्यादा हो। इस श्रेणी के सभी कर्मचारियों के लिए वर्ष की वीआरएस पेशकश की गई है। बता दें कि टाटा मोटर्स इसके पहले 15 दिसंबर 2021 को कोरोना काल के बाद कर्मचारियों के बीच वीआरएस लेकर आई थी जिसमें उन कर्मचारियों को लाभ मिला जिनकी 3 से 4 साल नौकरी बची थी। स्कीम लेने वालों में ज्यादातर मेडिकल अनफिट लंबे समय से अवकाश पर चले गए कर्मचारियों और दो-तीन साल सर्विस बचे कर्मचारी व अधिकारी शामिल थ। इस बार के पैकेज में लाभांश के रूप में सेवा के वर्षों और या शेष कार्यकाल ग्रेच्युटी नगदी कारण निरंतर स्वास्थ्य बीमा के साथ-साथ वित्तीय और सेवानिवृत्ति योजना पर मार्गदर्शन के आधार पर विच्छेद मुआवजा शामिल है जो की ऑटोमोबाइल उद्योग में सर्वश्रेष्ठ कहा जा रहा है। यद्यपि कंपनी के सर्कुलर में योजना की विशेषताओं की चर्चा नहीं है। संभवतः बुधवार को विस्तृत सर्कुलर कंपनी जारी करेगी।



कंपनी का जमशेदपुर प्लांट।

## गुरुनानक देव जी का 554वां प्रकाश पर्व 27 को, निकलेगा नगर कीर्तन



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। नगरकीर्तन में गुरु प्यारी साध संगत की सुरक्षा के मद्देनजर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने सख्त कदम उठाते हुए गतका टीमों द्वारा प्रदर्शित किये जाने वाले कुछ खतरनाक स्टंटों पर पाबन्दी लगायी है। मंगलवार को सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह एवं महासचिव अमरजीत सिंह ने संयुक्त तर्क देते हुए बताया है कि नगरकीर्तन में भाग लेने वाली गतका टीमों से कह दिया गया है कि वे नगरकीर्तन के दौरान जोखिम भरे खतरनाक स्टंट जैसे ब्लेड बेल्ट का प्रयोग, आँख में पट्टी बांधकर स्टंट, ईंधन और आग वाले स्टंट तथा नारियल तोड़ने वाले स्टंट का प्रदर्शन नहीं करेंगे, सुरक्षा के लिहाज से इनपर नगरकीर्तन के दौरान पाबन्दी रहेगी। नगरकीर्तन को लेकर अन्य जानकारी देते हुए सरदार भगवान सिंह, अमरजीत सिंह और गुरचरण सिंह बिल्ला ने बताया कि शोभायात्रा में भाग लेने वाले जत्थों को क्रम संख्या आवंटित कर दिया गया है साथ ही साथ जजों को भी नियुक्त कर दिया गया है। पालकी साहिब की देखरेख व्यवस्था की जिम्मेदारी तरणप्रीत सिंह बन्नी पर होगी।

**नगरकीर्तन में जत्थे क्रमानुसार इस प्रकार रहेंगे :**

1 घुड़सवार,
2 गतका पार्टी (मानगो, साकची, टूइलाडुंगरी),
3 निहंग जत्थेबंदी
4 टर्बन बैंक,
5 सिख विजडम
6 विभिन्न स्कूल,
7 सीजीपीसी,
8 जाग्रति मंच,
9 अकाली दल,
10 पालकी साहिब,
11 स्त्री सत्संग सभा,
12 सफाई टीम।

## खबर एक नजर में

### माधुरी दीक्षित के फैन पप्पू सरदार से मिले राजस्थान खो-खो टीम के छात्र



जमशेदपुर। जमशेदपुर शहर में पहली बार आयोजित हुए तीन दिवसीय सीआईएससीई राष्ट्रीय छात्र खो-खो चौंपियनशिप में शामिल हुए राजस्थान की 11 छात्रों की टीम मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के प्रशंसक के रूप में शहर में अपनी पहचान बना चुके पप्पू सरदार से मिले। साकची बाजार स्थित मनोहर चाट दुकान में पप्पू सरदार से मिलने के पहले छात्रों ने शहर के कई क्षेत्र क्रमशः जुबली पार्क, जुलोजिकल पार्क, पी एण्ड एम मॉल, बिष्टुपुर एवं साकची बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान राजस्थान के छात्रों की टीम का नेतृत्व कर रहे स्प्रिंगफील्ड स्कूल, मानसरोवर, जयपुर के शिक्षक पंकज गुप्ता ने कहा कि टाटा की नगरी जमशेदपुर शहर काफी स्वच्छ एवं सुदर है। उन्होंने बताया कि सोशाल मीडिया के माध्यम से छात्रों को पप्पू सरदार के बारे में जानकारी पहले से प्राप्त थी। शहर आने से पहले ही समय निकालकर पप्पू से मिलने का मन सभी छात्र बनाये हुए थे। पप्पू सरदार भी छात्रों से मिले और उन्हें यादगार स्वरूप कलम भेंट किया। मालूम हो कि खो-खो समारोह का आयोजन तारापुर स्कूल एवं उसके सहयोगी विद्यालयों केरल समाजन मॉडल स्कूल व गुलमोहर उच्च विद्यालय के द्वारा एग्रिको खेल मैदान में 4 से 6 नवंबर तक किया गया था।

### इनर व्हील क्लब ईस्ट ने एमटीएमएच के कैंसर मरीजों में बांटे कंबल



जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर इस्ट की तरफ से आज मेहरबाई टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल में कैंसर पेशेंट्स के लिए 100 कम्बल दिए गए। कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए भी गेट वेल सून प्रिंट मेसेज के साथ मग बांटे गए। मेहरबाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ सुजाता मित्रा ने क्लब के इस कार्य के लिए बहुत सराहना की। इंटरनेशनल इनर व्हील की एडिटर/मीडिया मैनेजर प्रभा रघुनन्दन इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही जिनके हाथों से यह सब चीजें दी गयी। कंबल के स्पांसर मनोज चौधरी और सुशीला चौधरी थी। हमारे क्लब के पास्ट प्रेजिडेंट रमा खन्ना ने सारे मग स्पांसर किये। कार्यक्रम को आयोजन करने में सबसे बड़ा हाथ क्लब की मेंबर डॉ नीलम सिन्हा का रहा। मौके पर इंटरनेशनल इनर व्हील की एडिटर/मीडिया मैनेजर प्रभा रघुनन्दन, इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 की डीइएसओ अलकनंदा बक्शी, डीइएसओ निभा मिश्रा, सीजीआर मंजू रानी सिंह, सीजीआर अर्चना, प्रेजिडेंट संपा उपाध्याय के साथ सारे क्लब मेंबर्स उपस्थित थीं।

### आजादनगर थाना शांति समिति ने नये प्रभारी मिथिलेश कुमार का किया अभिनंदन



जमशेदपुर। मंगलवार को प्रातः 11 बजे आजादनगर थाना के नए प्रभारी मिथिलेश कुमार का आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान अध्यक्ष एवं हज्ज कमिटी के सदस्य शेख बदरुद्दीन,दुर्गा पूजा समिति के अभिनव कुमार सिन्हा,जवाहर नगर गुरुद्वारा कमेटी के गुरुचरण सिंह, परडीह के वरिष्ट समाजसेवी अपूर्व पाल, ताहिर हुसैन,सामाजिक संस्था ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य अफताब आलम,समाजसेवी मोइनुद्दीन अंसारी,रिटायर्ड फौजी नौशाद आलम,एमजीएम मेडिकल कॉलेज के रिटायर्ड हाजी जमील असगर, फसी अहमद,रोलेक्स ट्रैवल एजेंसी के अभिभावक शाहबाज खान ने गुलदस्ता एवं फूलों की माला पहना कर नए थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार का अभिनंदन किया नए थाना प्रभारी ने आए हुए लोगों को आश्वाशन दिया के आम नागरिकों में किसी भी तरह की समस्या होने पर मेरे फोन नंबर का संपर्क करे और मैं अविलंब उस समस्या को हल करने की कोशिश करूंगा।आए हुए लोगों ने कहा के मिथिलेश कुमार पिछले पंद्रा वर्ष आजादनगर थाना में प्रभारी रह चुके है और साथ ही साथ कपाली,चांडिल, एमजीएम,मानगो,गोलमुरी ट्रैफिक के भी थाना प्रभारी रह चुके है और इनसे हमें पूरी उम्मीद है के क्षेत्र में शांति बनाए रखने में नए थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार का अहम योगदान रहेगा।

### नीमडीह में आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



चांडिल। नीमडीह प्रखंड के चिंगड़ा पारकीडीह में आयोजित संस्कृत कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंम्ब्रम ने उद्घाटन किया। इस दौरान कमिटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि सुखराम हेंम्ब्रम को ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। इस मौके पर झामुमो नेता सुखराम ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी रिती रिवाज को बचाए रखने हेतु इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिए। इस मौके पर सुबोध महतो, नंदू गुप्ता, निखिल महतो, हाडीराम सोरेन, भास्कर टुडू, जगदीश मार्डी, शंकर हंसदा, प्रहलाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में उपस्थित हुईं विधायक सविता महतो



चांडिल। मंगलवार को चांडिल प्रखंड के रसुनिया पंचायत के हाथीनादा मे नाईके बाबा स्व सीताराम टूडू के पुण्य तिथि पर आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो के साथ चांडिल के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक उपस्थित हुए। इस दौरान नाईके बाबा स्व सीताराम टूडू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कि गई। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, शंकर लायेक, राहुल वर्मा, मिलन तंतुबाय, शिवराम हांसदा, राजु किस्कू, श्यामल गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जमुना ऑटो ने ग्रामीणों की शर्तें मानी, बाउंड्री का रास्ता साफ

प्रबंधन 1.5 एकड़ का फुटबॉल मैदान विकसित करने और 20 फीट चौड़ा रास्ता देने पर सहमत

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

गम्हरिया। जियाडा द्वारा आवंटित जमना ऑटो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के हथियाडीह फुटबॉल मैदान की जमीन को लेकर ग्रामीणों के साथ चल रहा विवाद मंगलवार को कुछ शर्तों पर समाप्त हो गया। हालांकि ग्रामीणों ने मंगलवार को फिर से विरोध शुरू किया था, किन्तु पुलिस-प्रशासन की मुश्तैदी और मंत्री चंपाई सोरेन के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ग्रामीणों ने कुछ शर्तें रखी जिसे कंपनी के अधिकारियों ने मानते हुए खेल के मैदान का समतलीकरण का काम प्रारम्भ करवा दिया है। ग्रामीण द्वारा 95 मीटर लंबा और 65 मीटर चौड़ा फुटबॉल मैदान एवं 20 फीट का रास्ता बनाने की शर्त रखी गई थी। इसको लेकर थोड़ा बहुत विवाद हुआ। कंपनी के अधिकारियों ने इसपर अपनी सहमति प्रदान करते हुए सीमांकन का काम शुरू करवा दिया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इससे पूर्व कंपनी के अधिकारी जब उक्त भूमि पर कार्य कराने पहुंचे तो ग्रामीणों द्वारा इसका जमकर विरोध शुरू कर दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के आक्रोश को समझा-बुझाकर शांत कराते हुए वार्ता के लिए तैयार किया। इस दौरान गम्हरिया के सीओ गिरीन्द्र टूटी, दंडाधिकारी सत्येंद्र महतो, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश कुमार, सब इंस्पेक्टर सत्यवीर सिंह, अभिषेक कुमार, गम्हरिया थाना के सब इंस्पेक्टर भास्कर ठाकुर, जमना ऑटो के कार्यकारी निदेशक एसपी सिंह कोहली, प्लांट हेड सुधीर चंदेल, झामुमो नेता रंजीत प्रधान, महेश्वर महतो, दीपक मंडल आदि मौजूद थे। इस दौरान कंपनी के कार्यकारी निदेशक एसपी सिंह कोहली ने बताया कि प्रबंधन की मंशा ग्रामीणों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर उनका सर्वांगीण विकास में सहभागी बनना है।



अपनी बात रखते ग्रामीण।

## पीएम मोदी की सभा में खूंटी जायेंगे हजारों कार्यकर्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो


जमशेदपुर। 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड आएंगे। जहां वे खूंटी जिले के उलिहातू में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम के खूंटी आगमन को लेकर एक ओर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है तो वहीं, दूसरी ओर पार्टी पीएम मोदी की सभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की व्यापक तैयारी कर रही है। इसी क्रम में, भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा सभा की तैयारी एवं सफलता को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक गत सोमवार को बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन सभागार में सम्पन्न हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रांची के विधायक सी पी सिंह शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा आदि मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि झारखंड की जनता से प्रधानमंत्री का विशेष लगाव रहा है। पीएम ने केंद्र सरकार की अनेकों सफल योजनाओं को झारखंड की धरती से पूरे देश को समर्पित किया है। विधायक सी पी सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अलग राज्य झारखंड निर्माण कर दशकों पुरानी मांग और अलग राज्य के सपने को साकार किया था।





## बंधागोभी की खेती बनी आलोका की पहचान





जमशेदपुर। महिलाओं के प्रति समाज की सोच को तोड़ते हुए घाटशिला प्रखंड के तमकपाल गांव की रहने वाली आलोका रानी महतो आज महिलाओं के लिये प्रेरणास्रोत बनकर उभरी हैं। यह सफलता की कहानी उस महिला की है जिन्होने घर का काम संभालने के साथ-साथ खेत-खलिहान भी देखती हैं, इन्होंने खेती की शुरूआत तो पुराने तरीके से की, लेकिन आज नई तकनीकों से खेती करके लाभ कमा रही हैं। आलोका रानी महतो की पहचान विशेषकर बंधागोभी की खेती को लेकर है। वे पिछले 6 सालों से सब्जी की खेती कर रही हैं। खेती के कार्य में आलोका को उनके परिवार वाले का भी पूरा सहयोग मिलता है तथा बेहतर जीवनयापन कर रही हैं।

**जोहार परियोजना से पानी की समस्या हुई दूर :** आलोका बताती हैं कि पहले पानी की समस्या होने के कारण कम जमीन में ही खेती कर पाती थीं। आत्मा संस्थान के सहयोग से पिछले साल सोलर पंपसेट जोहार परियोजना के अंतर्गत मिला। सौर उर्जा चालित पंपसेट होने से अब शून्य लागत में सिंचाई का सुविधा प्राप्त हुआ। सिंचाई कुआं से 1.5 एकड़ के खेत में सिंचाई की सुविधा सुलभ हो पाया जिसमें सब्जी की खेती करती हैं। आलोका ने लगभग 2000 बंधागोभी का पौधा लगाया है। इसके अलावा भिंडी एवं लौकी की बुआई अन्य खेत में किया है। बीते दिनों बंधागोभी का उपज होने से आलोका को 40 हजार से अधिक का मुनाफा हुआ। 80-90 हजार सलाना बंधागोभी की खेती से आलोका को लाभ हो रहा है। विगत वर्ष 2022-23 में आलोका रानी को आत्मा अन्तर्गत क्रियान्वित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत 1 एकड़ में गरमा मूंग का प्रत्यक्षण कराया गया जिसका उपज लगभग तीन तोड़ाई में ढ़ाई क्वींटल प्राप्त हुआ है।

# कड़ी मेहनत, प्रतिभा और भाग्य की मेहरबानी से आप सितारा बन चमकते हैं : मंदाकिनी



## झारखंड राष्ट्रीय फिल्म समारोह का हुआ समापन





खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर/आदित्यपुर। 7 नवंबर, 2023 को, श्रीनाथ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग ने झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के सहयोग से बॉलीवुड अभिनेत्री मंदाकिनी और पद्मश्री श्री मुकुंद नायक के साथ एक रोमांचक टॉक शो की मेजबानी की। कार्यक्रम में कई अन्य प्रसिद्ध सदस्य उपस्थित थे, जिनमें जेएनएफएफ के संस्थापक संजय सत्पथी, उदय सत्पथी और संतोष मित्रा, सेलिब्रिटी मैनेजर और एंकर सुश्री श्रावणी मुखर्जी, सलाहकार बोर्ड की सदस्य शालिनी प्रसाद शामिल थे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और जेएनएफएफ की संरक्षक, पूरबी घोष और नितिशा प्रसाद भी उपस्थित रही। अतिथियों का आदिवासी संगीत की धुन पर भव्य पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलाधिपति सुखदेव महतो, कुलपति, डॉ गोबिंद महतो और नोडल अधिकारी, लक्ष्मी महतो द्वारा भव्य फूलों के गुलदस्ते के माध्यम से सम्मानित अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। कुलाधिपति तथा सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कुलपति डॉ गोबिंद महतो ने स्वागत भाषण दिया साथ ही सिने तारिका के कार्यों की सराहना किया। इस अवसर पर श्रीनाथ विवि की छात्राओ द्वारा मंदाकिनी के गानो की प्रस्तुति की गई। मंदाकिनी ने इस भव्य स्वागत के लिए जेएनएफ के सदस्यो और श्रीनाथ विवि के प्रति आभार व्यक्त किया। मुकुंद नायक ने भी यहां उपस्थित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और एक मधुर गीत के साथ अपना भाषण समाप्त किया। टॉक शो सहायक प्रोफेसर ट्विंकल गुप्ता ने अभिनेत्री के साथ सम्पन्न किया, जिसमे अभिनेत्री से कई सवाल किए गए। टौक शो मे अभिनेत्री ने कहा कि हमारे समय में, फिल्म निर्माण एक पारिवारिक मामला जैसा था लेकिन अब चीजें अधिक पेशेवर हो गई हैं। अंत में अभिनेत्री ने छात्र एवं छात्राओ को एक संदेश दिया, अपने समय को महत्व दें क्योंकि समय किसी का इंतजार नहीं करता है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अपने बड़ों और शिक्षकों का सम्मान करें। मंदाकिनी ने बताया कि कुछ एल्बम और फिल्मों में उनकी वापसी हुई है। राजनीति में आने के मुद्दे पर मंदाकिनी ने कहा कि फिलहाल कोई प्लान नहीं है।

**बॉलीवुड में नहीं है कोई नेपोटिज्म :** बॉलीवुड में नेपोटिज्म के मुद्दे पर मंदाकिनी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि केवल फिल्मी सितारों के बच्चों को ही मौका मिल रहा है। कलाकार पहले से बॉलीवुड में काम करते आए हैं, ऐसे में वह भी चाहते हैं कि उनके बच्चे भी इस फील्ड में अपना करियर बनाएं लिहाजा स्टार के बच्चों को काम करने में सहूलियत होती है, इसे नेपोटिज्म नहीं कहा जा सकता, बॉलीवुड में स्ट्रगलिंग के मुद्दे पर मंदाकिनी ने कहा कि शुरूआती दौर में ही इन्हें बेहतरीन फिल्में मिली, इन्हे स्ट्रगल नहीं करना पड़ा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजू मित्रा, संजय सतपति, उदय सतपति समेत फिल्म महोत्सव के सक्रिय सदस्यों की आम भूमिका रही। टॉक शो के बाद अभिनेत्री मंदाकिनी और पद्मश्री मुकुंद नायक को स्मृति चिन्ह, शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया गया।

स्पीड न्यूज

## भूदान यज्ञ कमेटी के प्रभारी ने किया भूदान जमीन का दौरा

**धनबाद।** भूदान यज्ञ कमेटी के धनबाद जिला प्रभारी शिवचन्द्र करण ने जिले के गोविंदपुर प्रखंड के जेलगढ़ा पंचायत का दौरा कर, भूदान की जमीन की वस्तु स्थिति को देखा, दौरे पर आए भूदान के प्रभारी ने स्पष्ट कहा है कि, भूदान की जमीन को अवैध कब्जे से हर हाल में मुक्त किया जाएगा। और भूमिहीन किसानों को जमीन वितरण की जाएगी। जिले में जिन पंचायत में भूदान की जमीन है, उनका दौरा कर इसकी रिपोर्ट जल्द ही तैयार कर ली जाएगी। उन्होंने भूदान किसानों से भी बातचीत की। आपको बताते चलें कि भूदान की जमीन गरीब भूमिहीन किसानों को दिए जाने हैं । इसके लिए विनोबा भावे जी ने भूदान एक्ट भी बनाये था। जिससे गरीब भूमिहीन किसानों को जमीनी फायदा मिल सके, जिसमें वह अपने घर एवं खेती-बाड़ी कर अपना गुजारा कर सके। कई जगहों पर भूमिहीन किसानों को जमीन तो मिली, लेकिन उसका पूरा फायदा उनको नहीं मिला। भू माफिया द्वारा लगातार भूदान की जमीन पर कब्जे होते रहे। और भूदान यज्ञ कमेटी तमासिन बनी रही। अभी भी कागज पर तो भूदान के पास काफी जमीन है। पर जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही है। ऐसे में देखना है कि भूमिहीन किसानों को इसका कितना फायदा होगा।

## चोरी के मामले का चिरकुंडा पुलिस ने उद्भेदन किया

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत शहीद चौक के पास साव मार्केट के रॉयल कम्युनिकेशन मोबाइल दुकान में गत दिनो हुई चोरी के मामले का चिरकुंडा पुलिस ने उद्भेदन किया । मामले में पुलिस ने प बंगाल के आसनसोल नार्थ थाना क्षेत्र के रेल पार इलाके से मो सोनू उर्फ उलिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी का 30 मोबाइल जब्त किया है जिसमें छह नया मोबाइल व 24 पुराना मोबाइल है। जानकारी हो कि चोरी के मामले में दुकान के अमनदीप सिंह द्वारा थाना में मामला दर्ज कराया गया था जिसमें करीब 15 लाख रू के 40-45 मोबाइल चोरी होने की बात कही गई थी। इस संबंध में चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तीन अक्टूबर को मोबाइल दुकान में चोरों द्वारा चोरी की गई थी।चोरी में मो सोनू ने बराकर के अपने एक साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। उसका साथी भागने में सफल रहा लेकिन उसे दबोचने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।उन्होने कहा कि घटना के बाद से पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। कुछ सुराग मिलने के बाद चोरों को दबोचने को लेकर लगातार छापेमारी किया जा रहा था और अंततः मो सोनू को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली।

## डीडीसी ने आधारभूत संरचना विकसित करने का दिया निर्देश




**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीडीसी कीर्ति श्री ने जिले में संचालित विभिन्न कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में ट्रांसफॉर्मिंग केजीबीवी के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा उगम एजुकेशन फाउंडेशन के आपरेशन हेड संजय झा विभिन्न विद्यालयों के वार्डन आदि उपस्थित थे। बैठक में डीडीसी ने सभी वार्डन से संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। उगम एजुकेशन फाउंडेशन के ऑपरेशन हेड ने क्रमवार जिले के विभिन्न विद्यालयों में ट्रांसफॉर्मिंग केजीबीवी के तहत टीम के द्वारा संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उप विकास आयुक्त ने छात्राओं के नामांकन को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पिछले दिनों हुए मरम्मती कार्य/बाला पेंटिंग आदि के संबंध में जानकारी ली व उपलब्ध संसाधन/आवश्यकता की समीक्षा की।

# राज्य सरकार धनबाद में अपराध रोकने में विफल : चंद्र प्रकाश चौधरी

## आजसू के नेतृत्व में महेशपुर से निकला विशाल प्रतिवाद यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** धनबाद में गिरते विधि व्यवस्था के खिलाफ मंगलवार को आजसू पार्टी के जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामाशंकर तिवारी एवं प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश गयाली के नेतृत्व में महेशपुर से एक विशाल प्रतिवाद यात्रा निकाली गयी, जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए नवागढ़ चौक स्थित विनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा पर सांसद ने माल्यार्पण कर समापन किया। बतौर मुख्यअतिथि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे जिले में विधि व्यवस्था नाम का कोई




चीज नहीं है। आये दिन व्यापारियों के साथ लूटपाट हत्या की घटनाएं घट रही है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह फेल है। जिला प्रशासन के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में कोयले की लूट की जा रही है। कोयले की लूट में जिला प्रशासन की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है.राज्य सरकार ने कोयले लूट की छूट दे रखी है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। पूरे राज्य के जनता को इस विफल सरकार के खिलाफ मुखर होना होगा। प्रतिकार रैली में जिला अध्यक्ष मंटू महतो, केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, केंद्रीय सचिव प्रमोद चौरसिया, केंद्रीय सचिव अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, सांसद प्रतिनिधि रामाशंकर तिवारी, पूर्व मुखिया नरेश महतो, जिला प्रवक्ता महेंद्र महतो, गोल्डन तिवारी, गोपाल तिवारी,हलदार महतो, गिरधारी महतो, दयानंद महतो, मनीष सिंह, गौतम गोप, संजय महतो, सुनील शर्मा, आशीष तिवारी, सफीक आलम, संतोष महतो, सुभाष रवानी, राकेश ग्यली, प्रेम कुमार तिवारी,मीना सिंह, उषा सिंह,कुंदन रजक, सुमन पांडे,रवि सिंह,मिथुन बाउरी,रिंकू महतो, दयानंद महतो, गोपाल महतो, गिरधारी महतो,उषा कुमारी, बैजनाथ चौहान,रोहित ठाकुर, सुभाष बोस,शेख संटू, शेख मनीर, अजय पासवान, ललित तिवारी,बजरंग रजक, किशोर कुमार,जीतन नापित, विक्रम कुमार,वरुण सिंह आदि शामिल थे।

# धनबाद में प्रिंस के दो और गुर्गे गिरफ्तार

- रंगदारी के 68 हजार नकदी जब्त
- गैंग्स के लिए रुपयों के ट्रांजेक्शन में थे शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पुलिस लगातार गैंगस्टर प्रिंस खान पर शिकंजा कसता जा रहा है हाल के दिनों में पुलिस ने प्रिंस खान के एक दर्जनों अधिक गुर्गों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, धनबाद के गोविन्दपुर थाना इलाके से प्रिंस खान गिरोह के लिए काम करने वाले दो अपराधीयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विशाल नंदी एवं अरसद दोनो प्रिंस खान के लिए रंगदारी की रकम ट्रांजेक्शन में लिप्त पाए गए हैं। पकड़े गए दोनो अपराधियों के पास से पुलिस ने रंगदारी की 68 हजार रुपये की राशि जब्त की है। बता दें कि धनबाद पुलिस लगातार प्रिंस खान के गुर्गों को जेल भेज रही है अब तक पांच दर्जन से अधिक अपराधी जेल भेजे जा चुके हैं। पकड़ा गया अरसद नया बाजार इलाके में उरढ का संचालन करता है अरसद के खाते से हजारों रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया है। वहीं विशाल नंदी भी प्रिंस खान गिरोह के लिए रुपये के ट्रांजेक्शन में शामिल रहा है। धनबाद पुलिस की टीम लगातार गैंग के पीछे पड़ी है।स्पेशल टीम अनुसंधान कर रही है। वही गैंगस्टर प्रिंस खान की गिरफ्तारी के संबंध में पूछे जाने पर सिटी एसपी ने कहा कि सरकार के द्वारा ही संभव है लेकिन पुलिस लगातार उनके गुर्गों को गिरफ्तार कर जेल भेजना कम कर रही है प्रिंस को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा

# बेसिल अभिकर्ताओं व निवेशकों ने दिया एकदिवसीय धरना

## समर्थन में पहुंचे सांसद पशुपति व विधायक ढुल्लू

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बेसिल इंटरनेशनल कंपनी के खिलाफ उसके निवेशकों व अभिकताओं ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के पास अपनीफ विभिन्न मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय के पास रणधीर वर्मा चौक पर एकदिवसीय धरना दिया। धरना के समर्थन में भाजपा के धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो सहित भाजपा के कई नेता भी पहुंचें। धरना के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि कंपनी में गरीब किसानों ने लोभ में पड़कर अपनी जमा पूंजी लगाई है ऐसे में कंपनी के संचालकों के भाग जाने से उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति है। निवेशकों के द्वारा इस मामले में माननीय उच्च न्यायालय में जो याचिका दायर की है उसे संदर्भ में सितंबर को यह आदेश भी हुआ है कि इस संदर्भ में सरकार एक कमेटी गठित कर कंपनी की जप्त पूंजी की नीलामी करके उस राशि से अभिकताओं व निवेशको का भुगतान करें। जप्त की गई पूंजी लगभग 200 करोड़ की है मामले में पिछले दिनों सरकार ने अस्वस्थ किया था कि बेसिल इंटरनेशनल के तमाम अभिकताओं वन निवेश को का भुगतान जप्त पूंजी से नीलामी के आधार पर कर दी जाएगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ पिछले 7 साल से इस कंपनी के अभिकर्ता और निवेशक परेशान है और दर-दर भटक रहे हैं इनकी मदद में पिछले दिनों स्वयं सांसद भी उतरे थे मामला अब तक राज्य सरकार के विचार अधीन पड़ा हुआ है धरना में बड़ी संख्या में बेसिल अभिकर्ता एवं निवेदक संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता सहित भाजपा से आये अन्य नेताओं में प्रदेश कमेटी के रमेश कुमार राही, जिला अध्यक्ष भाजपा चंद्रशेखर सिंह सहित कई अन्य शामिल थें। मामले में भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी है कि बेसिक के निवेशकों की जमा राशि जल्द वापस नहीं की गई तो वे भी इसके खिलाफ आंदोलन में उतरेंगे।उन्होंने इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार की मंच से काफी आलोचना की।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

## पूर्व सीसीएल कर्मी सुभाष सिंह का निधन।



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद के पुराना सुभाष नगर के स्वर्गीय त्रिभुवन सिंह के पुत्र 57 वर्षीय पूर्व सीसीएल कर्मी सह समाजसेवी सुभाष सिंह का हार्ट अटैक होने से मौत हो गई। खबर मिलते ही सुभाष नगर सहित बेरमो कोयलांचल में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताया जाता है कि रोज की तरह मंगलवार की सुबह में सुभाष नगर स्थित तारा मंदिर के समीप वॉकिंग के दौरान हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। पत्नी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

निविदा रद्ध की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-DWSD/GAR-16/2023-24 दिनांक-17.10.2023 **Construction of Gravel Packed tube well of 300x125 mm dia and 60 mtrs (av.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine with mud pump mounted on Truck) and D.T.H. Rig machine with installation of india Mark-II Hand pump under D.W.& S.Division, Garhwa for the year 2023-24** कार्य जो **PR No. 309395 Drinking Water and Sanitation 23-24 (D)** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है :-

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा।

PR 310917 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, घुर्वा, राँची -834004, झारखण्ड

अति अल्पकालीन ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

PR No.- 303206 Dated : 25.07.2023

अति अल्पकालीन ई-पुनर्निविदा संख्या:- 127/2023-24 दिनांक :- 07.11.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में (रूपये में) | |
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | JH-M-KHU-01 / 2023-24 | 1 | बिरबाँकी से घाघरा होते हुए बदानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(लं० - 10.800 कि०मी०) | 1030.685 | दस करोड़ तीस लाख अड़सठ हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | 2 | बिरबाँकी से बगरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 6.00 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-KHU-03 / 2023-24 | 1 | एन०एच०-33 डोरिया मोड़ से सलगाडीह नहर भाया सुन्दरडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 4.300 कि०मी०) | 1204.59 | बारह करोड़ चार लाख उनसठ हजार रू० मात्र | 09 महीना |
| | | 2 | पुन्डीदीरी से डेगादिरी भाया डिमरा, लंकेया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 5.300 कि०मी०) | | | |
| | | 3 | एन०एच०-33 सिंदुआरी बाजार से टोंडाग मोड़ लोबगा होते हुए जोपनो गुटीबारू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 7.100 कि०मी०) | | | |
| | | 4 | परासी बाजार टांड से बान्दासरना ईचापीड़ी आदिलोर कुतुल, दुरबू पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 5.30 कि०मी०) | | | |
| 3 | JH-M-KHU-04 / 2023-24 | 1 | मरांगबुरू से गम्हरिया पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 10.950 कि०मी०) | 1363.562 | तेराह करोड़ तिरसठ लाख छप्पन हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | 2 | टुईगुदू से कुरिया पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० - 10.150 कि०मी०) | | | |


2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:-09.11.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- 16.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-17.11.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची -834004, झारखण्ड।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०- ............

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 310851 Rural Work Department(23-24)#D


## डीपीएस बोकारो को दुबई में मिला इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड




**बोकारो।** डीपीएस बोकारो को दुबई में हुए एशिया अरब एक्सीलेंस अवार्ड समारोह के दौरान इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड से नवाजा गया। सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से दुबई के होटल शंग्रीला में आयोजित एशिया अरब एजुकेशन एंड लीडरशिप समिट में मुख्य अतिथि मसहामा इंवेस्टमेंट एंड डेवलपमेंट कंपनी के सीईओ फरहद अल मजूरी द्वारा विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने यह सम्मान प्राप्त किया। डीपीएस बोकारो पूरे झारखंड से यह गौरव हासिल करने वाला एकमात्र विद्यालय रहा। विद्यालय को यह सम्मान पाठ्यक्रम में नवोन्मेषिता एवं शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता स्थापित करने के साथ अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक विनिमय कार्यक्रमों के लिए विशेष रूप से दिया गया है। प्राचार्य डॉ गंगवार ने इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे पुरस्कार हमें और बेहतरी की ओर प्रेरित करते हैं।

## फुसरो मे ओम साई वाटर सल्यूशन एवं जिम सप्लिमेंट दुकान का हुआ उदघाटन



**बेरमो।** फुसरो बाजार के अनपति देवी विद्या मंदिर के समीप ओम साई वाटर सल्यूशन एवं जिम सप्लिमेंट दुकान का उदघाटन सोमवार पूजा अर्चना कर किया गया। दुकान संचालक राहुल कुमार ने बताया कि आरो की मशीन व जिम सप्लिमेंट उचित मुल्य पर उलब्ध है। कहा कि जो पानी लोग 20 रूपए में एक डब्बा खरीद कर पिते हैं, लेकिन मशीन के माध्यम से आप जितना मर्जी आप पानी फिल्टर कर उपयोग में ला सकते हैं। इससे आपका व अपके परिवार का सेहर भी ठीक रह सकता है।

एक नजर में

## स्वनिधि से समृद्धि योजना को लेकर चास व फुसरो में शिविर आयोजित



**बोकारो।** पीएम स्वनिधि योजना के तहत आच्छादित लाभुकों को स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग ऑनलाइन करने के लिए शिविर का आयोजन चास नगर निगम क्षेत्र के लिए निगम कार्यालय चास में एवं फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के लिए फुसरो नगर परिषद कार्यालय सभागार में किया गया। इस शिविर में काफी संख्या में स्ट्रीट वेण्डर पहुंच कर विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं से जुड़ने के लिए निबंधन कराया। योजना अंतर्गत स्ट्रीट वेंडरों को शिविर लगाकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनधन योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भवन और अन्य निर्माण श्रमिक योजना के तहत निबंधन प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना वन नेशन वन राशन कार्ड जननी सुरक्षा योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के साथ योग्य लाभुकों को लिंक किया जाना है ताकि सरकार के योजना का लाभ समाज के रेहड़ी/पटरी वाले स्ट्रीट वेंडरों को मिल सके।

## केंद्रीय विद्यालय -1 में 34वीं युवा संसद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**बोकारो।** स्थानीय केवी नंबर वन बोकारो में छात्रों के बीच आयोजित क्षेत्रीय स्तर की 34वीं युवा संसद प्रतियोगिता में केवी हिंनू केवी मेघाहातुबुरु केवी पतरातु केवी जामताड़ा केवी एचईसी रांची सहित मेजबान स्कूल केवी नंबर1 बोकारो ने भाग लिया। मौके पर केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग की सहायक आयुक्त सुजाता मिश्रा केवी गोमो के प्राचार्य बीबी पांडे आदि उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री झारखंड सरकार चंद्रशेखर दुबे व सहायक आयुक्त सुजाता मिश्रा ने विभिन्न गतिविधियों में छात्रों के अटूट उत्साह और सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

# अर्चना की माँ ने छः लोगों पर दहेज हत्या का लगाया आरोप

## मृतका का हुआ सिंदरी दामोदर नदी घाट पर अंतिम संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी थाना क्षेत्र के डोमगढ़ डीकेफोर 145 निवासी विजय पाण्डेय की छोटी पतोहू 32 वर्षीय अर्चना की मौत बीते सोमवार की सुबह संदिग्ध हालात में हुई। इसको लेकर पश्चिम बंगाल के हुगली जिला निवासी मृतका की माँ श्रीमती शर्मा ने मंगलवार को आजसू सिंदरी नगर प्रवक्ता सुमित पाण्डेय सहित पूरे परिवार पर दहेज के कारण गला घोंटकर हत्या का आरोप की लिखित शिकायत सिंदरी थाना में की है। मृतका की छोटी बहन प्रतिमा शर्मा सहित पूरे मायकेवालों के साथ मृतका के ससुरालवालों के द्वारा जबरन मारपीट का भी जिक्र किया गया है।

श्रीमती शर्मा ने पुलिस को दिए लिखित शिकायत में दहेज को लेकर पूर्व में हुई मारपीट की घटनाओं का जिक्र करते हुए मृतका के पति मनीष पाण्डेय, ससुर विजय पाण्डेय, सास मीना देवी, जेठ प्रकाश उर्फ पप्पू पाण्डेय, जेठानी प्रभा देवी, सुमित उर्फ पिंकू पाण्डेय पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने शिकायत पत्र में बताया है कि नौ वर्ष पूर्व अर्चना और मनीष की शादी हुई थी। शादी के बाद से लगातार दहेज के रुप में ससुरालवालों द्वारा गहने और रुपये की माँग की जा रही थी। मृतका अपने पीछे नौ वर्ष और चार वर्ष के दो पुत्रों को छोड़ गई है। मृतका का शव पोस्टमार्टम होकर आने के बाद माँ श्रीमती शर्मा और बहन प्रतिमा शर्मा के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया था। श्रीमती शर्मा ने पूरे सुमित पाण्डेय सहित पूरे ससुरालवालों पर उनकी पुत्री प्रतिमा शर्मा के साथ मारपीट का भी जिक्र अपने लिखित शिकायत में की है। प्रतिमा शर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया कि पोस्टमार्टम के बाद आए शव को देखने के दौरान बहन के ससुर विजय पाण्डेय और जेठ सुमित पाण्डेय ने मारपीट के साथ कपड़े भी फाड़े हैं। सूचना के अनुसार मृतका का अंतिम संस्कार ससुरालवालों द्वारा सिंदरी के दामोदर नदी घाट पर मंगलवार की शाम किया गया। बताते चलें कि सोमवार को अर्चना की संदिग्ध हालात में मौत के बाद सिंदरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया था।

सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि लिखित शिकायत प्राप्त हुई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।


झारखण्ड सरकार,
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय, अनुमण्डल सह जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा।
Email:-simdegagriculture@gmail.com

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

वर्ष 2023 में सिमडेगा जिला अन्तर्गत **PM-KUSUM** (कृषि उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) **Component-B (Phase-III)** योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु/सोलर पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर पर किसानों के बीच किया जाना है, जिसकी चयन प्रकिया एवं पात्रता की विवरणी निम्नवतः है:-

1. इच्छुक किसान जिनके खेतों में **Grid Connectivity** उपलब्ध नहीं है, वह योजना के वेबपोर्टल **http://pmkusum.jharkhand.gov.in** पर संबंधित दस्तावेजों के साथ **2 HP (AC& DC), 3 HP (AC & DC)** एवं **5 HP (AC & DC)** क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए आवेदन कर सकते है।
2. कृषकों को व्यक्तिगत/सामुदायिक स्तर पर सोलर पम्पसेट उपलब्ध करायी जायेगी। कृषकों को पम्प की क्षमता के अनुसार सिचाई कुप **4"/6"/8"/10"** व्यास की डीप बोरिंग अपने स्तर से कराना होगा। इस योजना का लाभ सभी वर्ग/स्तर के कृषकों को दिया जायेगा, जिनके पास कृषि योग्य भूमिका होना अनिवार्य होगा।
3. कृषकों के चयन में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ लघु एवं सिमांत किसानों जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर है, **Micro & Drip Irrigation** से जुड़े हुए किसानों एवं महिला किसानो को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. कृषकों को उर्जा के उपयोग के आधार पर **Dc Pump** एवं **Ac Pump** का चयन स्वयं करना होगा तथा पानी के श्रोत के आधार पर **Submersible / Surface Pump** का चयन करना होगा।
5. जेडा द्वारा जारी वेब पोर्टल पर ऑनलाईन विहित प्रपत्र के साथ प्रमाण (आधार), आवासीय प्रमाण (आधार कार्ड/ मतदाता पहचान पत्र/राशन कार्ड/बिजली बिल) कृषि योग्य भूमि होने का प्रमाण-पत्र (जमीन का अद्यतन लगान रशीद) पोर्टल पर अपलोड करना होगा।
6. समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किय जाने वाले दस्तावेज-समूह के सभी किसानों का आवासीय प्रमाण पत्र (आधार कार्ड/ मतदाता पहचान पत्र/राशन कार्ड/बिजली बिल), समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रशीद, समूह के सभी किसानों का एक स्व-सत्यापित हाल का पासपोट साईज फोटो अपलोड करना होगा।
7. लाभूक अंशदान की राशि **2 HP (AC& DC), 3 HP (AC & DC)** एवं **5 HP (AC & DC)** के लिए क्रमशः रूपये 5000/-, रूपये 7000/- एवं रूपये 10000/-मात्र निर्धारित है तथा शेष राशि अनुदान के रूप में राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।
8. आवेदक को विहित प्रपत्र में शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित कर करके ऑनलाईन आवेदन में संलग्न करना होगा।
9. वैसे लघु एवं सिमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले महँगें ग्रीड आधारित/डीजल पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नही थे। वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हों।
10. वैसे आवेदन **Data Analysis** के दौरान गलत पाये जाते है तो उसे रदद् कर दिया जायेगा।
11. जिन किसानों/उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर सोलर चालित पम्पसेट योजना का लाभ पूर्व में दिया जा चूका है उन किसानों को इस योजना में दुबारा लाभ नहीं दिया जायेगा।
12. यदि एक बार उर्जा यंत्र लगा दिये जायेगें तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह स्थानांन्तरित नही कर सकते है। और इस यंत्र की सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित किसान की होगी। सरकार द्वारा इसकी कोई जिम्मेदारी नही ली जायेगी।
13. जेडा द्वारा जारी वेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये ऑनलाईन आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जायेगा। भौतिक सत्यापन के उपरांत स्वीकृत आवेदनों के लिए बैंक ड्राफ्ट/ आनलाईन पेंमेंट जमा करना होगा।
14. चयन समिति के द्वारा कृषकों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों (वांछित अनुलग्नकों के साथ) की जांच की जायेगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर ऑनलाईन जेडा कार्यालय को अग्रसारित कर दी जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 310862 Agriculture(23-24)D

# मुफ्त राशन

देश के 80 करोड़ लोगों को दिया जाने वाला मुफ्त राशन अगले पांच साल तक मिलता रहेगा। कोरोना काल में तीन महीने के लिये शुरू हुई इस योजना में अब तक छह बार अवधि बढ़ाई गई है लेकिन इस बार इसे सीधे पांच साल तक के लिये बढ़ाया गया है। निस्संदेह, जरूरतमंदों व समाज के वंचित लोगों को सरकार की ओर से संबल मिलना चाहिए ताकि भूख व कुपोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सके। यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि समाज के आर्थिक दृष्टि से सक्षम लोग इस योजना का दुरुपयोग न करें। जाहिर है इस चुनावी वेला में इस दिशा में जांच-पड़ताल की संभावना कम ही होगी क्योंकि इस घोषणा के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की तार्किकता को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। क्या यह घोषणा विपक्षी दलों की गारंटी योजना व मुफ्त की योजनाओं के मुकाबले के लिए है? बहरहाल, इस साल दिसंबर तक पूरी हो रही योजना के अगले पांच सालों तक जारी रहने का बड़ा दबाव देश के अन्न भंडारण पर पड़ सकता है। दरअसल, यह योजना 2020 में तब शुरू हुई थी जब कोरोना संकट के चलते उत्पन्न विषम स्थितियों में एक बड़ी आबादी के सामने खाने-पीने का संकट पैदा हो गया था। उल्लेखनीय है योजना में हर माह पांच किलो गेहूं या चावल और एक किलो दाल मुफ्त दी जाती है। आशंका जतायी जा रही है कि कहीं इस योजना के चलते देश में एक बड़ी आबादी में अकर्मण्यता की सोच विकसित न हो जाए। अनाज भडांरण पर भी इसके प्रभाव का मूल्यांकन होना चाहिए। देश के इतनी बड़ी आबादी को फ्री में अनाज की योजना का विकास योजनाओं पर कितना असर पड़ेगा यह भी देखा जाना चाहिए। इस सरकारी सहयोग का बोझ किन लोगों पर किस प्रकार होगा यह भी चिंतन का विषय है।

# चुनाव और वायु प्रदूषण

दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक कई जगहों पर 450 से ऊपर दर्ज किया गया, जो खासा घातक श्रेणी का होता है। जिसके चलते ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान-4 यानी ग्रैप की चौथी स्टेज लागू कर दी गई है। जिसके तहत स्कूल बंद करने, गैर जरूरी निर्माण पर रोक, भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित तथा निजी वाहनों के लिये ऑड-ईवन सिस्टम लागू करने की घोषणा की गई। कहा जा रहा है कि दिल्ली की हवा इतनी जहरीली हो गई है कि सांस लेना 25-30 सिगरेट के सेवन के बराबर है। इस प्रदूषण का घातक असर बच्चों व गर्भवती महिलाओं पर अधिक होगा। छोटे बच्चों के दिमाग के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इतना ही नहीं, लोगों के श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचने के साथ ही हार्ट अटैक व ब्रेन स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। सोमवार को स्विस ग्रुप आईक्यू एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली दुनिया में सबसे घातक स्तर तक वायु प्रदूषित राजधानी बन गई। दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित दस शहरों में से सात भारत के हैं। यह हमारे नीति-नियंताओं के लिये शर्म की बात होनी चाहिए कि वे अपने नागरिकों को स्वच्छ हवा भी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। कमोबेश यह स्थिति सिर्फ दिल्ली की नहीं है, देश के अन्य राज्यों में स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। दुनिया के दस प्रदूषित शहरों में कोलकाता पांचवें व मुंबई छठे स्थान पर है। ये स्थिति हमारे लचर प्रशासन व गैर जिम्मेदार प्रतिनिधियों की हकीकत बताती है। साथ ही यह भी कि एक नागरिक के रूप में हम प्रदूषण कम करने के दायित्वों के प्रति उदासीन बने हुए हैं। नासा की रिपोर्ट में उन स्थानों को चिन्हित करने की चर्चा होती है जहां पराली जलायी जा रही है। लेकिन हमारी सरकारें देखकर भी आंखें मूंद लेती हैं क्योंकि चुनाव सर पर है और किसान को नाराज नहीं करना है।

# क्रिकेट विश्व कप की जीत और जुनून

**एक** बार कप की जीत-हार का फैसला हो जाने के बाद तो 1.43 अरब विचार सामने आ जाएंगे और असली ज्ञानी ज्ञान देने लगेंगे।

क्लब आधारित खेलों और पेशेवर नजरिये ने कठोर राष्ट्रवाद को नरम किया है। इसकी शुरूआत फुटबॉल से हुई और अब यह क्रिकेट में भी दिख रहा है। इन दिनों चल रहा क्रिकेट विश्व कप इसका उदाहरण है।

क्रिकेट के अतिरिक्त मैं उससे जुड़े राष्ट्रवाद, राजनीति और भावनाओं की भी बात करूंगा। आप अपनी पसंद का मुद्दा चुन लीजिए, मैं तीनों पर बात करूंगा।

क्रिकेट विश्वकप का नॉकआउट (हारने वाला बाहर) दौर शुरू होने वाला है और हमें उलटफेर भी देखने को मिले हैं और करीबी मुकाबले भी। परंतु क्या आपने ध्यान दिया है कि ये मुकाबले कितने दोस्ताना अंदाजा में खेले जा रहे हैं? खिलाड़ियों के बीच कोई जुबानी जंग नहीं होती बल्कि मुस्कराहटों का आदान-प्रदान होता नजर आता है।

हां, बीच-बीच में कंधे उचकाने, भौंहे चढ़ाने, अंपायरिंग पर नाराजगी या क्षेत्ररक्षकों की गड़बड़ी पर चिल्लाने जैसी घटनाएं होती रहती हैं। परंतु इन बातों के बीच खिलाड़ियों में खेल भावना बरकरार रही है। हां, कुछ विवाद भी हुए हैं जिनमें सबसे प्रमुख है अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के दौरान दर्शकों का व्यवहार। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि खिलाड़ी इससे बाहर रहे।

अब बात करते हैं छह सप्ताह तक चलने वाले इस महा आयोजन के उन तीन पहलुओं की जो हैं राष्ट्रवाद, राजनीति और भावना। यह प्रतियोगिता इतने अच्छे माहौल में क्यों हो रही है? इसमें महान सफलताएं विफलताएं, उलटफेर, चूक, अंपायरिंग की शिकायतें सामने आई हैं लेकिन खिलाड़ियों के बीच ऐसा शांत माहौल दिखा है जिसकी उम्मीद ऐसी प्रतियोगिताओं में नहीं की जा सकती है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट में पिछले कुछ समय से ऐसा देखने को मिल रहा है। इन बदलावों को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका रही है। सौरभ गांगुली के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया की स्टीव वॉ के नेतृत्व वाली विश्व विजेता टीम का विजय रथ रोका था और इस खेल में तथा स्लेजिंग (खिलाड़ियों के बीच नोकझोंक) में एक तरह का संतुलन कायम किया था। तब से ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले जैसी नहीं रह गई और क्रिकेट के मैदान में शांति स्थापित हुई।






– शेखर गुप्ता

> जाहिर है वह मैच में हार के बाद दुखी थे और उन्हें लग रहा था कि इससे उनकी टीम की लड़ाकू क्षमता प्रभावित हुई। वह यह नहीं समझ पाए कि यह समय उनके दौर से अलग है और क्रिकेट प्रतिद्वंद्विताओं की प्रकृति बदल चुकी है। इस बदलाव को बेहतर समझने के लिए मुझे आपको क्रिकेट से कबड्डी की ओर ले जाना होगा।

कहने का अर्थ नहीं कि खिलाड़ी अपनी भावनाएं या असहमति नहीं दिखाते। गेंद के साथ छेड़छाड़ समेत ऐसी तमाम घटनाएं घटी हैं। कुलमिलाकर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों के बीच रिश्तों में सुधार हुआ है। उदाहरण के लिए भारत-पाकिस्तान मैच के पहले शाहीन शाह आफरीदी ने एशिया कप के दौरान जसप्रीत बुमराह को पिता बनने पर बधाई दी थी। यह एक अच्छे तेज गेंदबाज की ओर से दूसरे तेज गेंदबाज को दी गई बधाई थी।

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कैमरों के सामने विराट कोहली से अपने भतीजे के लिए हस्ताक्षरित टी शर्ट मांगी। चीजें इतनी सहज थीं कि कुछ पुराने खिलाड़ी असहज हो गए। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान और स्टार स्पोर्ट्स के कमेंटेटर वसीम अकरम ने कहा कि अगर बाबर अपने भतीजे के लिए टी शर्ट चाहते ही थे तो उन्हें वह सार्वजनिक रूप से नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में मांगनी चाहिए थी।

जाहिर है वह मैच में हार के बाद दुखी थे और उन्हें लग रहा था कि इससे उनकी टीम की लड़ाकू क्षमता प्रभावित हुई। वह यह नहीं समझ पाए कि यह समय उनके दौर से अलग है और क्रिकेट प्रतिद्वंद्विताओं की प्रकृति बदल चुकी है। इस बदलाव को बेहतर समझने के लिए मुझे आपको क्रिकेट से कबड्?डी की ओर ले जाना होगा।

आमिर हुसैन बस्तामी, मोहम्मदरजा काबोद्रहंगी, मिलाद जब्बारी और वाहिद रजामिहेर जैसे नाम आपके लिए क्या मायने रखते हैं? आप जानते होंगे कि इनमें से कोई क्रिकेटर नहीं है। ये नाम ईरानी प्रतीत होते हैं जहां क्रिकेट नहीं खेला जाता, कम से कम प्रतिस्पर्धी स्तर पर तो कतई नहीं। वे ईरान के सबसे लोकप्रिय कबड्?डी खिलाड़ी हैं।

मैंने क्रिकेट विश्व कप से जुड़ी इस बहस में उनका नाम क्यों लिया यह समझने के लिए मुझे आपको करीब एक महीना पहले हांगझू एशियाई खेलों में ईरान और भारत के बीच हुए कबड्?डी के फाइनल की बात करनी होगी। इससे आपको खेल और राष्ट्रवाद, राजनीति तथा भावनाओं के तर्क को समझने में मदद मिलेगी।

मुकाबला समाप्त होने में बमुश्किल डेढ़ मिनट का समय बचा था और दोनों टीमें 28-28 अंकों के साथ बराबरी थीं। भारतीय कप्तान पवन सहरावत करो या मरो वाली स्थिति में रेड करने गए। कबड्?डी की दुनिया के इस सबसे बड़े सितारे ने ईरानी डिफेंडर को पाले से बाहर करके एक अंक हासिल किया लेकिन वापस लौटते समय वे ईरानी डिफेंडरों की भीड़ में घिर गए।

अंपायर तय नहीं कर पाए कि क्या करना है। अगर वह सेहरावत और पांचों ईरानी डिफेंडरों को दोषी ठहराते तो क्रमशः एक और पांच अंक देने होते और भारत 33-29 से आगे हो जाता। अगर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलता तो मुकाबला 29-29 की बराबरी पर आ जाता।

दिक्कत यह थी कि पुराने नियमों से यह भारत के पक्ष में 5-1 होना चाहिए था लेकिन प्रो कबड्?डी लीग (आईपीएल के तर्ज बनी सबसे बड़ी कबड्?डी लीग जो भारत की है) के नए नियमों के मुताबिक दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलना चाहिए था।

इस विवाद के कारण स्वर्ण पदक का यह मुकाबला करीब एक घंटे रुका रहा। इराकी रेफरी ने ईरान के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए कहा कि वह अपनी पूरी उम्र बच्चों को यही नियम सिखाते रहे हैं। एशियाई कबड्?डी महासंघ के पाकिस्तानी महासचिव ने उनका समर्थन किया।

भारतीय कप्तान और कोच अपने तर्क देते रहे। कुछ ईरानी खिलाड़ी अपनी बात कहते रहे। लेकिन सबकुछ सभ्य तरीके से हुआ। बाकी खिलाड़ी पिच पर बेहद शांति से बैठे रहे। जब स्वर्ण पदक दांव पर लगा हो तब इतनी शांति से शायद ही कोई बैठ सकता है।

## खास बात

### महामारी बनता कैंसर

**बढ़ते** प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है।

# राजा गाधि का यज्ञ

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

विश्वामित्र ने महर्षि वशिष्ठ को बताया । मेरे पिता महाराज गाधि की एक पुत्री सत्यवती थी। राजा गाधि कन्नोज के राजा थे। उनके राज्य का विस्तार गाजीपुर तक था।गाजीपुर का प्राचीन नाम गाधिपुर है। मरे पिताजी को पुत्र प्राप्त करने की उत्कट इच्छा थी, उनके मन में विचार आया कि एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हो। इसके लिये वो ऋचीक ऋषि को बुलाये। ऋचीक ऋषि महर्षि भृगु के पुत्र एवं प्रसिद्ध महात्मा थे। राजा महात्मा ऋचीक से बोले कि हे प्रभु मैं पुत्र येष्टि यज्ञ के लिये आपको बुलवाय हूं तथा पुत्रयेष्टि यज्ञ करवाने का आग्रह किया। ऋचीक ऋषि ने कहा कि पुत्रयेष्टि यज्ञ के लिये भूमिदान, गौदान, स्वर्णदान,हयदान तथा अन्नदान के साथ-साथ कन्यादान करना पड़ता है। ये सब दान करों तो मैं तुम्हारे लिये पुत्रयेष्टि यज्ञ कराऊंगा और आपको पुत्र की प्राप्ति होगी।राजा तैयार हो गये और उन्होंने अपनी कन्या ऋचीक ऋषि को ब्याह दी और वे पुत्रयेष्टि यज्ञ किये।यज्ञ समाप्ति के बाद वे दो पात्रों में चरु तैयार किये। इसमें से एक अपनी पत्नी सत्यवती को दूसरा चरु रानी को दिये और बोले कि जब तक गर्भ धारण न हो तब तक मैं यहीं रहूंगा। जब एक माह बीत गया और गर्भधारण हो गया तब मुनि अपनी पत्नी सत्यवती एवं रानी के कोख पर हाथ रखे और बोले- यह क्या हुआ। गर्भ परिवर्तन कैसे हो गया। जब अपनी पत्नी सत्यवती से पूछे तो वो बोली कि मैं कुछ नहीं जानती हूं। फिर राजा से पूछा तब उन्होनें भी कहा मैं नहीं जानता।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**


बोकारो (झारखंड) के ललपनिया स्थित लुगु बुरु घंटा बाड़ी धोरोम गाढ़ में डीवीसी के प्रस्तावित हाइडल प्रोजेक्ट के विरोध में आदिवासी समाज द्वारा जनाक्रोश रैली निकाली गई।

इसमें झारखंड, बंगाल व ओडिशा से हजारों आदिवासियों ने प्रोजेक्ट को रद्द करने की मांग की। **– आदिवासी डॉट कॉम**

## रोचक ट्वीट

दूसरों राज्यों को देखें जहां आदिवासियों की संख्या कम है लेकिन वहां पर अधिकार के तहत वन पट्टों का बहुतायत में वितरण हुआ है। उन राज्यों में भी यहाँ की तरह अधिकारी हैं लेकिन काम करने में यह अंतर क्यों आता है, यह समझ से परे है। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





**सुधारों** से देश का श्रमिक सशक्त होगा, देश का नौजवान सशक्त होगा, देश की महिलाएं सशक्त होंगी, देश का किसान सशक्त होगा। लेकिन आज देश देख रहा है कि कैसे कुछ लोग सिर्फ विरोध के लिए विरोध कर रहे हैं **– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# कृषि उत्पादों की कृत्रिम कमी से सावधान रहे सरकार

## कृषि

**भरत झुनझुनवाला**

**पहले** टमाटर फिर प्याज के मूल्यों में भारी वृद्धि से सरकार परेशान है। मंडियों द्वारा एक महत्वपूर्ण सेवा दी जाती है। उनके द्वारा किसान द्वारा लाये जा रहे विभिन्न गुणवत्ता के माल को छांट कर उनको खरीदने वाले अलग-अलग खरीददारों तक पहुंचाया जाता है। सरकार ने दूसरा परिवर्तन आवश्यक वस्तु अधिनियम के दायरे से अनाज, दाल और खाद्य तेल इत्यादि को बाहर करने का किया है। इस अधिनियम के अंतर्गत इनके भंडारण पर प्रतिबन्ध था। निर्धारित सीमा से अधिक भंडारण करने की स्वीकृति किसी व्यापारी को नहीं थी। पूर्व में इस अधिनियम को लाने का उद्देश्य था कि बड़े व्यापारियों द्वारा माल को खरीद कर भण्डारण कर लिया जाता है, बाजार में कृत्रिम अनुपलब्धता पैदा की जाती है, दाम बढ़ाये जाते हैं और फिर उस माल को ऊंची कीमत पर बेचा जाता है। ऐसा करने से एक तरफ किसान को न्यून दाम मिलता है चूंकि बड़े व्यापारी किसान से दाम बढ़ने के पूर्व सस्ता माल खरीद कर भंडारण कर लेते हैं। बढ़े दाम का लाभ व्यापारी को मिलता है। लाभ यह है कि बाजार में माल को खरीद कर उपभोक्ता तक पहुंचाने का कार्य ये बड़े व्यापारी फूड कापोर्रेशन की तुलना में कुशलतापूर्वक कर सकते हैं। फूड कापोर्रेशन को सरकार व्यापार करने के लिए भारी सब्सिडी देती है जबकि व्यापारी उसी कार्य को करके धन कमाते हैं। जो काम धन कमा कर किया जा सके, उसे सब्सिडी देकर करने का कोई औचित्य नहीं बनता है। इसलिए यह व्यवस्था ठीक है। इसमें हानि यह है कि यदि बड़े व्यापारियों ने माल का भंडारण कर कृत्रिम शार्टेज बनाई तो इससे उपभोक्ता को हानि होगी। इसके साथ - साथ सरकार फूड कारपोरेशन को आदेश दे कि वह भी माल को खरीदे और आयात करे। यदि सरकार को ज्ञात होता है कि बड़े व्यापारी प्याज का बड़ी मात्रा में भण्डारण कर रहे हैं तो सरकार फूड कारपोरेशन के माध्यम से प्याज का आयात कर सकती है। इसलिए आवश्यक वस्तु अधिनियम से इन माल को निकालना अपने में सही है बशर्ते कि साथ-साथ सरकार व्यवस्था बनाये, जिसमें कृषि उत्पादों के माल की अधिकता होने पर फूड कारपोरेशन इन्हें खरीद कर निर्यात करे और इनकी कमी होने पर फूड कारपोरेशन समय से पहले आयात करे और संतुलन बनाये रखे।

सरकार द्वारा निर्धारित उत्पादों का समर्थन मूल्य घोषित किया जाता है और इस मूल्य पर जितना भी माल किसान उपलब्ध कराएं, सरकार उसको खरीदने को वचनबद्ध होती है, जिसमें ऊंची कीमत की फसलों में प्रवेश करने का किसान को प्रोत्साहन नहीं है। किसान को ज्ञात है कि यदि वह धान और गेहूं का उत्पादन करेगा तो उसकी खरीद सरकार द्वारा कर ली जाएगी और उसे निर्धारित मूल्य मिल जाएगा। लेकिन जरूरी यह है कि हम ऊंची कीमत की फसलों का उत्पादन करें। जैसे फूल, आर्गेनिक सब्जियां अथवा विशेष आकार की डिजायनर सब्जी इत्यादि।भारत में हर प्रकार का मौसम देश के किसी न किसी हिस्से में उपलब्ध रहता है। जैसे जाड़े के समय में गुलाब के फूल दक्षिण भारत में उत्पादित हो सकते हैं और गर्मी के समय इन्हें पहाड़ में उगाया जा सकता है। सरकार को चाहिए कि हर राज्य में जो फसलें ऊंचे दाम की उत्पादित हो सकती हैं, उनके ऊपर रिसर्च करे और किसानों द्वारा उनका उत्पादन कराए। इससे किसान ऊंची मूल्य की फसलें उत्पादित करके बेच सकेंगे।

आज भी राज्य सरकारों द्वारा किसानों को बिजली पर भारी सब्सिडी दी जा रही है। जिसका परिणाम हो रहा है कि उनके द्वारा भूमिगत पानी का अति उपयोग किया जा रहा है। भूमिगत पानी का जलस्तर गिर रहा है।

## कार्टून वर्ल्ड

### गाजा की त्रासदी



## लेटर टू एडिटर

### विरोध का अधिकार

**कृषि** सुधार बिलों के विरोध में जिस प्रकार विपक्षी दलों के सदस्यों ने राज्यसभा में आचरण की समस्त मयार्दाएं भंग की हैं, इसके लिए उनकी कड़ी से कड़ी भर्त्सना की जानी चाहिए। लोकतंत्र में सरकार का विरोध करने का अधिकार न केवल लोकतंत्र की खूबसूरती है अपितु इससे सरकार की मनमानी अथवा तानाशाही पर भी अंकुश लगता है।

**– रामप्रवेश, गढ़वा**

### राहुल से उम्मीद

**आजादी** से लेकर आज तक कांग्रेस नेहरू गांधी परिवार की बपौती रही है। एक-दो बार छोड़कर कोई राजनेता इसको चैलेंज नहीं कर सका; यदि किसी ने हिम्मत भी की तो कांग्रेस का ही विभाजन हो गया, परन्तु फिर भी यह गांधी परिवार की ही सम्पदा बनी रही। अबकी बार फिर कोशिश हुई परन्तु उन्हीं के पर काट दिए गए।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# मौजूदा आर्थिक दशा अस्थिर सही दिशा की जरूरत

## आर्थिक

**अनल कुमार**

**कोविड-19** महामारी के कारण अर्थव्यवस्था और आर्थिक गतिविधियों में जो गिरावट आई है उससे ठोस तरीके से बाहर निकलना काफी हद तक बैंकिंग तंत्र की ऋण देने की क्षमता पर निर्भर करेगा। चालू वित्त वर्ष के अंत तक सरकारी बैंकों का फंसा हुआ कर्ज 12 प्रतिशत से अधिक होना तय है। ऐसे में चूंकि सरकार इन बैंकों में लगातार पूंजी नहीं डाल सकती इसलिए इनमें सुधार की आवश्यकता है। इन बैंकों में सुधार को लेकर पिछले कई वर्ष से चर्चा चल रही है लेकिन इस दिशा में जमीनी प्रगति कुछ खास नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन और पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य का एक प्रपत्र इस बहस को आगे बढ़ाता है।

राजकोषीय दृष्टि से मौजूदा परिस्थितियां एकदम अस्थिर हैं। इस प्रपत्र में जिन बातों की चर्चा की गई है उनमें बैंकों के बोर्डों को परिचालन स्वतंत्रता देना और प्रबंधन के लिए प्रोत्साहन ढांचे को मजबूत करना जैसी बातें तो पहले से सार्वजनिक हैं लेकिन प्रपत्र ने वित्तीय सेवा विभाग को बंद करने के पक्ष में दलील देते हुए कहा है कि ऐसा करने से बैंक बोर्ड और प्रबंधन स्वायत्तता प्रदान करने को लेकर एक मजबूत संकेत जाएगा। स्वामित्व के मामले में प्रपत्र में सुझाया गया है कि सरकार कुछ बैंकों में अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम कर सकती है। इससे वह परिचालन से दूर होगी और बैंकों के संचालन में सुधार होगा। इसके अलावा चुनिंदा सरकारी बैंकों का सावधानीपूर्वक निजीकरण भी किया जा सकता है।

फंसे हुए कर्ज के निपटान की बात करें तो प्रपत्र में बैड बैंक (ऐसा बैंक जो अन्य बैंकों के फंसे कर्ज व दायित्व को एक खास अवधि के लिए धारण करता है) के विचार पर भी चर्चा की गई है। यदि इसकी स्थापना एक सरकारी संस्थान के रूप में की जाती है, तो जांच एजेंसियां शायद सरकारी क्षेत्र के बैंकरों से इसे बेची जाने वाली परिसंपत्तियों को लेकर जवाबतलब न करें क्योंकि मामला दो सरकारी संस्थानों के बीच का होगा। सरकारी बैंकर प्रायः घाटे को उजागर नहीं करना चाहते क्योंकि उन्हें जांच एजेंसियों से भय लगता है। हालांकि बैड बैंक के कर्मचारियों को भी ऐसी ही दिक्कतों का सामना करना होगा क्योंकि उनका साबका निजी संस्थानों से होगा तथा वे परिसंपत्तियों को बट्टे खाते में डालेंगे। मूल्य की चिंता पर रिपोर्ट का कहना है कि तनावग्रस्त ऋण के लिए अधिक नकदीकृत बाजार बनाया जाए। परंतु ऐसा बाजार विकसित करना हमेशा कठिन होता है क्योंकि सरकारी बैंक शुरूआती दौर में खुलकर भागीदारी नहीं कर पाते। साथ ही मांग में सुधार होने तक किसी खास क्षेत्र में संपत्ति बनाए रखना भी शायद कारगर न हो क्योंकि इसकी लागत संभावित लाभ को खारिज कर देगी।

बहसतलब सवाल यह है कि क्या सरकार में छिटपुट सुधारों से बचने की इच्छाशक्ति है। मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल के आरंभ में इस विषय में सही बातें की थीं लेकिन कुछ खास बदलाव नहीं हुआ। यकीनन हमेशा वर्तमान सरकार को बैंकों के स्वामित्व से फायदा होता है क्योंकि वह उसका उपयोग किसी क्षेत्र या आबादी के किसी हिस्से के समर्थन में कर सकती है। प्रायः राजनीतिक कारणों से अल्पावधि में आर्थिक गतिविधि तेज करने में इनका इस्तेमाल किया जाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### मिहिर की सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा : विजयंत कुमार



भुरकुंडा (रामगढ़)। फिजिक्स वाला द्वारा संचालित पीडब्लू विद्यापीठ के तहत पीडब्लूएनएसएटी 2023 नेशनल स्कॉलरशिप सह नामांकन टेस्ट में थाना चौक भुरकुंडा निवासी संतोष कुमार व अर्चना कुमारी का पुत्र सह ए ला एंग्लाइज स्कूल के 7वीं कक्षा का छात्र मिहिर कुमार पासवान ने सफलता अर्जित की है। मिहिर की सफलता से परिजनों सहित पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। मंगलवार को प्रार्थना सभा में मिहिर कुमार को प्राचार्य विजयंत कुमार द्वारा मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजयंत कुमार ने कहा कि मिहिर की सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय हमेशा बच्चों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक और खुशहाल माहौल प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि मिहिर पासवान न सिर्फ पढ़ाई में बल्कि खेल व कराटे में भी अव्वल भी रहे हैं।

### 10 को धनतेरस, 12 को दीवाली

भुरकुंडा (रामगढ़)। धनतेरस कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की तिरोदशी तिथि जब संध्या काल में पड़े उसी दिन धनतेरस मनाना चाहिए। वहीं दीपावली जिस दिन सूर्यास्त के एक घड़ी के बाद तक अमोस्या हो उसी दिन मां लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। यही शास्त्रों का मत है। उक्त बातें मंगलवार को जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी पंडित रामकुमार पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि दीपावली हिंदुओं का महत्वपूर्ण त्यौहार है और इसका प्रभाव एक वर्ष तक पड़ता है। 10 नवंबर शुक्रवार द्वादशी तिथि को दिन 11:47 तक है। उसके बाद तिरोदशी तिथि प्रवेश कर रहा है जो की दूसरे दिन शनिवार को 01:13 मिनट तक है। जिसके कारण धनतेरस 10 को ही मनाया जायेगा। दीपावली रविवार 12 नवंबर को मनाये। क्योंकि चतुर्दशी तिथि दिन 2:12 तक है उसके बाद अमावस्या तिथि प्रवेश कर रहा है जो की दूसरे दिन सोमवार को दिन 2:41तक है। सांय काल में अमावस्या नहीं होने के कारण दीपावली 12 को मनाये।

### दिगवार में लगा स्वास्थ्य शिविर



**कुजू।** दिगवार स्थित पंचायत सचिवालय में कल्याणी हेल्थ सेंटर रामगढ़ के सौजन्य से मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगा। शिविर में सेंटर के संचालक और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ के चंद्रा के उपस्थिति में भुवनेश्वर से आए जांच टीम के तपस्विनी कुंतीया, प्रणीत पंडा एवं रांची के मनीष सिंह, करण देव द्वारा दर्जनों मरीजों की सीपीआर जांच की गई। साथ ही साथ उसके बचाव के उचित परामर्श दिए गए। मौके पर डॉ श्री चंद्रा ने कहा कि शरीर से बढ़कर कोई धन नहीं होता, इसलिए अपने शरीर का हमेशा खयाल रखना चाहिए। मौके पर वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, रामाशंकर महतो, हरिनारायण कुशवाहा, मनोज गिरि, दिवाकर गिरि, जगदीश महतो, द्वारिका प्रसाद भंडारी, विनोद कुशवाहा, धनु महतो, डॉ रोहन लाल, प्रीतम कुमार, उपेंद्र महतो, पवन यादव, दशरथ महतो, खेमलाल महतो, मनोहर कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, महेंद्र राम, चंदन कुशवाहा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सांडी में युवक ने की आत्महत्या


**कुजू।** ओपी क्षेत्र के सांडी में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। बाद में पहुंची कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। बतया जाता है कि सांडी निवासी सुरेश प्रजापति का पुत्र नीरज प्रजापति (21 वर्ष) सोमवार की रात खाना खाने के बाद सो गया। इसके बाद वह देर रात्रि किचन में जाकर दुपट्टा के सहारे फांसी लगा लिया। हालांकि नीरज ने फांसी किस वजह से लगायी पुलिस इसका जांच कर रही है। उसका अंतिम संस्कार टूटी झरना शमशान घाट में किया गया।

### कुजू उप स्वास्थ्य केंद्र में चोरी



कुजू। सोमवार की रात चोरों ने ट्रांसपोर्ट नगर कुजू स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर दवा व महंगे उपकरण सामग्री की चोरी कर ली। मामले को लेकर आयुष सीएचओ दीपिका मेहता ने कुजू ओपी में आवेदन दी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि मंगलवार की सुबह दस बजे केंद्र को खोलने के लिए पहुँची तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। साथ ही अंदर रखे अलमीरा से होम्योपैथी बैनर, दवा व कई महंगे उपकरण साम्रगी गायब है। वहीं चोरों ने उप स्वास्थ्य केंद्र के बाथरूम के छह दरवाजे की भी चोरी कर ली। उन्होंने चोरी की सूचना सीएचओ द्वारा मांडू प्रखंड चिकित्सा प्रभार प्रभारी रश्मि सांगा को दिया। इसके बाद मांडू प्रखंड चिकित्सा प्रभार प्रभारी रश्मि सांगा समेत कई चिकित्सक उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

### विस्थापित संयुक्त समिति की बैठक,



भुरकुंडा (रामगढ़)। विस्थापित संयुक्त रोड सेल संचालन समिति की बैठक मंगलवार को कुरसे पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता झरी मुंडा एवं संचालन अजय साहू ने किया। बैठक में राजस्व ग्राम देवरिया बरगवां, कुरसे, बलकुदरा एवं दुंदवा के विस्थापित प्रभावित शामिल हुए। भुरकुंडा रोड सेल चालू नहीं करने पर सीसीएल प्रबंधन एवं प्रशासन के खिलाफ समिति के द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही जोरदार आंदोलन करने की बात कही गई। कहा गया की प्रबंधन व प्रशासन विस्थापितों को हमेशा धोखा देते आई है। हम लोगों ने कई बार भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को इस मुद्दे पर कई बार मांग पत्र भी सौंपा है। लेकिन प्रबंधन इस पर चुप्पी साध लेती है। आज तक इस विषय पर प्रबंधन के द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया की बलकुदरा उत्खनन परियोजना के समक्ष विस्थापित संयुक्त सेल संचालन समिति के बैनर तले 29 नवंबर को विशाल धरना व प्रदर्शन करेगी। इसके बाद भी प्रबंधन हमारी मांगों पर पहल नहीं करती है तो समिति आरपार की लड़ाई लड़ेगी। मौके पर राणा प्रताप सिंह, अजय साहू, विजय साहू, फुलेश्वर राम, वीरेंद्र यादव, कैलाश प्रसाद, राजाराम प्रसाद, देवानंद प्रसाद, कपूर सिंह, हरिचरण करमाली, मिहिया बेदिया, चानो देवी, यशोदा देवी, चुन्नी देवी, निक्की देवी, निशा देवी आदि मौजूद थे।

# हजारीबाग में जमीन माफिया और सिस्टम के गंठजोड़ से जनता त्रस्त

## गरीबों का जीना हुआ मुहाल, किसी को नहीं है ख्याल

**अपराधी और कुछ अधिकारी भी बन रहे हैं इस लूट तंत्र का हिस्सा**

अभय कुमार सिंह



**हजारीबाग।** शहर में भू-माफियाओं का गुंडाराज है। भू-माफिया और सिस्टम के गठजोड़ से आम जनता त्रस्त है। यहां खुद की जमीन हासिल करना या संभालकर रखना भी किसी जंग लड़ने से कम नहीं है। जिनकी खुद की जमीनें यहां हैं, वह अपने हक के लिए कभी पुलिस तो कभी प्रशासनिक अफसरों के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन इन्हें न्याय नहीं मिल रहा। भू-माफिया दूसरों की जमीनों को घेरने से पीछे नहीं हट रहे। 50 से 60साल पहले दादा द्वारा बेचा गया जमीन जिसका दाखिल खरीज, म्यूटेशन आदि होकर रसीद कट रहा है और हर तरह से पाक-साफ है, भू-स्वामी के कब्जे में है। वैसी जमीनों पर भी जबरदस्ती पोता या अन्य गोतिया द्वारा विवाद उत्पन्न कराकर लोगों को परेशान किया जा रहा है। इनके बुलंद हौसले के आगे पूरा सिस्टम बेबस नजर आता है। भू-माफिया इस कदर हावी हैं कि अब यह लोग हमला करने से भीनहीं चूक रहे। इसकी सबसे बड़ी वजह है जिले में खदद् और टाई( अधिकारी) का गठजोड़ होना। जब जिम्मेवार हीं ऐसी सिस्टम में साथ गठजोड़ करेंगे तो आम-आवाम और गरीब आदमी आखिर न्याय के लिए कहां जाएगा। इन सभी मामलों में सोफ्ट टार्गेट वे लोग हो रहे हैं जो गरीब है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जो शहर से बाहर रहते हैं या फिर जो शरीफ हैं और लड़ाई झगड़े से दूर रहना चाहते हैं।

जमीन से संबंधित कई ऐसे मामले हैं जहां जमीन मालिक थाने शिकायत लेकर जाता है तो पहले तो एफआइआर ही दर्ज नहीं की जाती। वरिष्ठ अधिकारियों तक शिकायत पहुंचती है तो जैसे-तैसे एफआइआर दर्ज हो जाती है। इसके बाद थानों का स्टाफ ही पूरी खबर इन तक पहुंचाता है। अगर गैर जमानती अपराध में एफआइआर दर्ज हुई है तो जब भी पुलिस इन्हें पकड़ने जाती है तो इन तक पहले ही खबर पहुंच जाती है। एक थाने में यह भी बोला जाता है कि हमलोगों को कई और काम है। जमीन विवाद सुलझाने के लिए हमलोग थाने में नहीं बैठे हैं।

सूत्र बताते हैं कि जेल से निकले अपराधी विवादित जमीन की मामले को सुलझाने के नाम पर लूट में लगें हैं। भू-स्वामी इनके नाम से पावर और एटार्नी कर दे रहें हैं जिससे की उनकी अपराधिक छवि के कारण कोई उनसे विवाद ना करे और वे जमीन को बेचकर अपना कमीशन लेकर निकले लें। एक और बात सामने आ रही है कि ना सिर्फ अपराधिक छवि वाले बल्कि कुछ अधिकारी भी अपने रिश्तेदारों को आगे कर उनके नाम पर विवादित जमीन को औने-पौने दाम में खरीदकर उसे कई गुणा दाम में बेचकर इस लूट तंत्र का हिस्सा बन रहे हैं।

# सरकार की छवि खराब करने का प्रयास नहीं करें जिला प्रशासन : अभिलाष साहू

**प्रकाश कुमार गोलीकांड मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड राज्य आवास बोर्ड के सदस्य अभिलाष साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि हजारीबाग में कांग्रेस के नेता डॉक्टर प्रकाश कुमार के ऊपर जो गोलीबारी की गई है वह किसी भी रूप से बर्दाश्त करने की योग्य नहीं है। डॉ प्रकाश कुमार ने उक्त जमीन 2013 में खरीदी है । जिसे रजिस्ट्री भी है और उक्त जमीन पर भू माफिया अशोक साव उर्फ निरंजन साव के द्वारा लगातार जमीन हड़पने की नीयत से इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है, जिसकी शिकायत दर्जनों बार कोर्रा पुलिस और संबंधित पदाधिकारी के पास डॉक्टर प्रकाश कुमार के द्वारा लिखित रूप में की गई थी। पुलिस थोड़ा सा भी संजीदगी बरती होती तो शायद यह गोलीबारी नहीं होती। इस पूरे मामले में कोर्रा पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। और एक और जहां सरकार आम जनों के हितों की रक्षा के लिए प्रयासरत है ,वहीं दूसरी ओर कोर्रा पुलिस के पदाधिकारी सरकार की छवि को बदनाम करने के प्रयास में लगे हुए हैं। जो हथियार पुलिस के द्वारा जब्त की गई है और जो डॉक्टर प्रकाश कुमार को गोली लगी है। इसी बंदूक से गोली चली है यह संदेहास्पद है। अशोक साव यूनिवर्सिटी में अस्थाई रूप से तृतीय वर्ग का कर्मचारी है। और एक तृतीय वर्ग के लिपिक को एक राइफल का लाइसेंस मिलना, निर्गत होना और पिछले 10 वर्षों में करोड़ों की संपत्ति का मालिक होना भी जांच का विषय है। पूरे कोर्रा थाना क्षेत्र में अशोक साव और उसके गुर्गों के द्वारा भू-माफिया की भूमिका अदा की जाती है और कन्हरी प्रक्षेत्र में जो लोग भी जमीन खरीदते हैं जो थोड़ा कमजोर होते है, उससे अशोक साव के द्वारा रंगदारी की वसूली भी की जाती है ऐसी हम लोगों को सूचना है। पुलिस अविलंब नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार करें। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव , सुरजीत नागवाला ,रीतलाल मंडल , दीपक कुमार गुप्ता ,अशोक देव ,यमुना यादव, मनोज नारायण भगत, निसार खान तस्लीम अंसारी दरोगा जी, मंसूर आलम,रूपलाल साहू,असगरी अंजुम, कविता सिंह, ओम प्रकाश गोप, कृष्णा प्रसाद आदि मौजूद थे।

### रामगढ़ के डीटीओ ने की वाहनों की जांच



रामगढ़। उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में सोमवार की रात एवं मंगलवार सुबह माल वाहक वाहनों यथा ट्रक, हाईवा आदि के खनिज परिवहन दस्तावेजों, ओवरलोडिंग, परिवहन चालान, वाहन परमिट आदि को लेकर जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान कुल 9 माल वाहक चालकों को 2 लाख 10 हजार रुपए का चालान किया गया। मौके पर मोटर वाहन निरीक्षक विमल किशोर सिंह,अन्य कर्मियों व पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### देवरिया पैक्स में जल्द खुलेगा धान अधिप्राप्ति केंद्र : शैलेश कुशवाहा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर देवरिया पैक्स में जल्द धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला जाएगा। इससे क्षेत्र के किसानों में हर्ष का माहौल है। उक्त जानकारी देते हुए मंगलवार को चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने बताया की देवरिया पैक्स कृषि बहुल क्षेत्र के अंतर्गत आता है। देवरिया पैक्स में धान क्रय केंद्र खुलने से क्षेत्र के किसानों को अतिरिक्त खर्च व समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि पतरातू प्रखंड के अधिकतर किसानों का धान बेचने हेतु किसान आईडी भी देवरिया पैक्स के अंतर्गत ही अत्यधिक संख्या में है। देवरिया पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र खोले जाने की अनुशंसा करने पर विधायक अम्बा प्रसाद के प्रति राजदेव मुंडा, रामदेव कुशवाहा, सनोज कुमार, सचिन मुंडा, परमेश्वर राम, आनंद कुमार, संजय महतो, जयवीर दांगी, सूरज देव कुमार, पंकज कुमार, भोला कुमार महतो, कपूर महतो, मदन महतो सहित दर्जनों किसानों ने आभार व्यक्त किया है।

### नियुक्ति संबंधित फर्जी कॉल से रहे सावधान : डीसी

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में डीएमएफटी के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा निकाले गए विज्ञापन के आलोक में आवेदन पत्रों की प्राप्ति के उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है। कुछ अभ्यर्थियों द्वारा अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फर्जी कॉल कर नियुक्ति दिलाने हेतु पैसे की मांग किए जाने संबंधित मामले पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने संज्ञान लेते हुए सभी जिले वासियों से इस तरह के किसी भी फर्जी कॉल से सावधान रहने की अपील की है। वहीं, उन्होंने फर्जी तरीके से कॉल कर नियुक्ति हेतु पैसे की मांग किए जाने संबंधित मामलें में सामने आए शख्स इमराज कुमार दूरभाष संख्या 9641270121 के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं को लेकर छावनी परिषद के अधिकारी से मिले कुंटू बाबू

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़ ।** पिछले दिनों फुटपाथ दुकानदार संघ के दुकानदारों ने भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवास पर जाकर अपनी विभिन्न समस्याएं उन्हें बताई थी। जिसके बाद मंगलवार को कुंटु बाबू ने फुटपाथ दुकानों का दौरा किया और उनके द्वारा बताई गई मुख्य समस्या का छठ के बाद प्रशासन और छावनी परिषद द्वारा बार बार उन्हें हटाए जाने की थी।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए कुंटू बाबू के नेतृत्व में दुकानदार संघ के कुछ वरिष्ठ व्यवसायियों के प्रतिनिधिमंडल ने छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश से मिलकर अपनी समस्या बताई। अधिशासी अधिकारी ने कुंटू बाबू को बताया कि सड़क चौड़ीकरण किया जाने वाला है उससे पहले हम सर्वे करवा रहे हैं जिससे दुकानदारों को चिन्हित कर उन्हे पुराने सब्जी मार्केट में उनका व्यवस्थित दुकान का आवंटन हो और हमेशा प्रशासन द्वारा किए जाने वाले अतिक्रमण अभियान से उन्हें निजात मिले। अनंत आकाश ने दुकानों की डिजाइन और उसे बनाने की लागत के साथ उसके बैंक द्वारा फाइनेंस की भी विस्तार पूर्वक चर्चा की, जिसपर कुंटू बाबू सहित सभी प्रतिनिधियों ने सहमति जतायी । अधिशासी अधिकारी से मिलनेवाले प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से भाजपा मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,समाजसेवी प्रदीप शर्मा,मोहन पांडे,खन्नूलाल सोनकर,नंद किशोर सोनकर, प्रेम मेहता, हामिद हुसैन, पप्पू, महेश, प्रमोद, गंगा साव,शानू,सरवर, शकील, कमलेश, पप्पू, शाहबाज, शमशेर आदि शामिल थे ।

# डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले को मिला पहला स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग द्वारा प्रतिमाह जारी किए जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में सितंबर माह के डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले को पूरे देश मे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । वहीं, फाइनेंशियल इंक्लूजन एवं स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में रामगढ़ जिले को पहला, स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में तीसरा एवं शिक्षा के क्षेत्र में 11वां स्थान पूरे देश में प्राप्त हुआ है। नीति आयोग के डेल्टा रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा जिला प्रशासन रामगढ़ के सभी अधिकारियों, जिले में कार्यरत पीरामल फाउंडेशन की टीम एवं कर्मियों सहित सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी गई है । उन्होंने आगे भी इसी तरह कार्य करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को दिया है।

## लंबित जाति, आय, आवासीय और जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र 15 नवंबर तक करें निष्पादित : डीसी



**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में ऑनलाइन लंबित जाति, आय, आवासीय एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद ने अंचलवार लंबित प्रमाण पत्रों की विस्तृत जानकारी उपायुक्त को दी। जिसपर उपायुक्त ने जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को अंचलवार किस प्रमाण पत्र में कितने आवेदन कितने समय से लंबित है की सूची तैयार कर सभी अंचल को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को लंबित आवेदनों को 15 नवंबर तक निष्पादन करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम शर्मा को वैसे बच्चे जिनका जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनाया जा सकता है किंतु किसी कारणवश नहीं बन पा रहा है की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में आ रही कठिनाइयों से संबंधित बैठक आयोजित कर उन्हें दूर करते हुए जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी बीडीओ, सीओ वअन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### ज्ञान गंगा मेमोरियल में विज्ञान प्रदर्शनी




दारू। ज्ञान गंगा मेमोरियल 10 + 2 विद्यालय में मंगलवार को वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी, हरली पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मो फारुक एवम रामदेव खरिका पंचायत मुखिया प्रतिनिधि प्रभात सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी, कराटे, सरस्वती वंदना, हमर सोना झारखंड, डांडिया एवं सोशल मीडिया से होने वाला नुकसान को नाटक द्वारा प्रदर्शित कर दिखाया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में चंद्रयान का लैंडिंग, स्वच्छ भारत अभियान,पेड़ बचाओ,पवन एवम जल से विद्युत उत्पन्न करने के तरीके को दिखाया गया। इस पूरे कार्यक्रम में बच्चों को चार हाउस गंगा, जमुना, सरस्वती एवम सिंधु में बांटा गया जिसमे पूरे कार्यक्रम में जमुना हाउस अव्वल रहा। विद्यालय के संस्थापक शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष वार्षिक महोत्सव मनाया जाता है इस बार कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक के सभी विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिए हैं जिसमें अधिकतर बच्चे मुख्य रूप से विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया है। विजेता बच्चों को जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं मीडिया कर्मी के हाथों पुरस्कृत किया गया।

### गौरव पटेल ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



विष्णुगढ़। पंचायत कुशुंभा टोला अलखरी में 25 केबी का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल ने किया । ग्रामीणों ने श्री पटेल को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर मुख्य रूप से कुसुंभा पंचायत मुखिया दुलारचंद पटेल , टिपुलाल महतो , पवन पासवान , नारायण महतो कैलाश महतो ,फूलचंद सोरेन ,राजू बेसरा ,दिलीप सिंह ,लाला सोरेन, बबन मुर्मू ,महेंद्र सोरेन , समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे।

### एनटीपीसी की 49वां स्थापना दिवस मना



**हजारीबाग।** कोयला खनन परियोजनाओं में हर्षोल्लास के साथ एनटीपीसी की 49वां स्थापना दिवस मनाया गया। पकरी बरवाडीह, पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट, चट्टी बरियातू, केरेडारी एवं बादम कोयला खनन परियोजना के तमाम पदाधिकारी, एसोसिएट्स, सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी एवं अन्य इस मौके उपस्थित हुए। स्थापना दिवस के जश्न की शुरूआत एनटीपीसी ध्वजारोहण के साथ की गई और उसके बाद प्रयोजना प्रमुखों द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया गया। परियोजनाओं के प्रमुखों ने अपने वक्तव्य में सबसे पहले 49 वर्ष में प्रवेश करने पर सभी कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और अपने विचार रखें। सबसे पहले बादम कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक प्रवीण अनंत राव पांडे ने कहा कि जल्द ही बादाम कोयला खनन परियोजना में खनन कार्य शुरू की जाएगी। हमारी परियोजना को एमडीओ अलॉट हो चुका है और भूमि अधिग्रहण का काम भी तेजी से चल रहा है। पकरी बरवाडीह एवं पकरी बरवाडीह नॉर्थवेस्ट कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने शुभकामनाओं के साथ परियोजना की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को बयां करते हुए कहा कि हम निरंतर अपने लक्ष्य को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन हमें ध्यान में रखना है कि हम सब अपने लक्षण को प्राप्ति के सफर में खुश रहें खुश रहना हम सबके लिए जरूरी है। उनके संबोधन के बाद चट्टी बरियातू एवं केरेडारी के एचओपी इंचार्ज फैज तैय्यब ने कहा कि हमारी दोनों ही परियोजनाएं बहुत कम समय में अपने लक्षण को प्राप्त करने में सफल हुई है जहां चट्टी बरियातू ने रिकॉर्ड 119 दिन में एक मिलियन मेट्रिक टन का कोयला उत्पादन कर रिकॉर्ड बनाया।

७ है पी ४ : स्थापना दिवस में शामिल लोग

### बीडीओ और सीओ से मिले भाजपा कार्यकर्ता



**दारू।** सदर विधायक मनीष जायसवाल के दारू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रखंड के नए बीडीओ मनीष कुमार और सीओ अदिति गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात की। भाजपा कार्यकताओं ने बुके देकर दोनों अधिकारियों का स्वागत किया। बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि हम सभी को मिलकर प्रखंड का विकास करना है जिसमें आप सभी का सहयोग जरुरी है। प्रखंड के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले यह हम सब की जिम्मेवारी हैं और हम सब मिलकर अपनी जिम्मेवारी का पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे। अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता का स्वागत करते हुए भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें अंचल का प्रभार मिलने पर शुभाकनायें दी। ब्अशोक कुशवाहा ने बालू घाट की नीलामी नहीं होने कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने जल्द से जल्द बालू घाट की नीलामी करने का प्रयास का आग्रह किया। मिलने वाले में भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, अशोक कुशवाहा, विकास यादव, निरंजन यादव, किशुन प्रसाद, देवदत्त कुशवाहा, अरविंद कुमार साहित्य के अन्य लोग मौजूद थे।

### डॉ. आरसी प्रसाद को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**बड़कागांव।** बड़कागांव में चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा देने वाले डॉ.आर.सी प्रसाद की 3वीं पुण्यतिथि पर गुरु चट्टी स्थित हहारो नदी के शमशान घाट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्मशान घाट में डॉक्टर आर सी प्रसाद की धर्मपत्नी सरोज रानी द्वारा गुरु चट्टी बड़की नदी श्मशान घाट में पुत्र डॉ. अविनाश कुमार के नेतृत्व में प्रसाद के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धासुमन अर्पित क नमन किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवों के साथ पौधा लगाकर,गरीब,वृद्ध, महिला,पुरुष के बीच उनके परिवार वालों ने अपने निजी खर्चे से वस्त्र का वितरण किया।मौके पर पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,सुबोध सिंह,दिनेश सिन्हा,सुरेंद्र महतो,प्रवीण महतो, पारस कुमार,घनश्याम जायसवाल, वीरेंद्र महतो के अलावा अन्य लोगों उपस्थित थे।

### जमीन विवाद निपटाने को लेकर बैठक



बरही। थाना परिसर में जमीन विवाद को निपटरा करने के लिए थाना दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी रामनारायण खलखो व संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर अंचल क्षेत्र से दो जमीनी विवाद संबंधी मामला आया। सीओ रामनारायण खलखो ने बताया कि जमीन का विवाद एक गंभीर मामला होता है।इस विवाद के कारण कई परिवार आपसी दुश्मनी कर उसका खामियाजा भुगतने के लिए तैयार हो जाते है।समाज में विधि व्यवस्था भंग होने की संभावना बढ़ जाती है।इसलिए इस मामले को गंभीरता से सुलझाना आवश्यक है। सीओ ने जनप्रतिनिधि से भी सहयोग की अपील की है।

## स्पीड न्यूज

### साली को भगाने वाला जीजा गिरफ्तार

**सिसई।** सिसई पुलिस ने साली को लेकर फरार आरोपी सैंदा निवासी विष्णु लोहरा को बिहार के भोजपुर जिला से गिरफ्तार कर मंगलवार को गुमला जेल भेज दिया। 10 अक्टूबर 2023 को युवती की मां शनियारो देवी ने अपने पुत्री के अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाकर अपने दामाद विष्णु लोहरा के खिलाफ सिसई थाना में प्राथमिक दर्ज करायी थी।

### हिंडाल्को जीइटी टीम ने कई गांव में सीएसआर कार्यों का किया निरीक्षण



**घाघरा।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा में नवनियुक्त जीईटी के तीन सदस्यीय टीम पूजा सेठी, देवज्योति दास, अश्विन सोमन ने प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर सीएसआर के तहत संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। जिसमें आंगनबाड़ी इटकिरी व आदर में जाकर बच्चों से रूबरू हुए। बच्चों को हिंडालको (मि. एंड मिनरल्स) मद से डेस्किट बैग का वितरण भी किया गया। बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र में आने के लिए टीम के सदस्यों ने प्रेरित किया। मौके पर हिंडाल्को सीएसआर के अभय भारती, सेविका दीदी, अभिभावक बादल राम, सुरेश उरांव व अन्य उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव को देख बूथ लेबल पर पार्टी को करें मजबूत : राजनील



**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रदेश प्रतिनिधि सह बिशुनपुर प्रखंड प्रभारी राजनील तिग्गा मौजूद थे। श्री तिग्गा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना है। प्रखंड के पदाधिकारियों को पंचायतों की जिम्मेवारी दी जायेगी। साथ ही सक्रिय साथियों को बूथ लेबल एजेंट की जिम्मेवारी भी दी जायेगी। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी प्रेम दत्ता, जय सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्र लोहरा, बंधन उरांव, विजय नायक, राजू खेरवार, तेजनरायण उरांव, बुधराम भगत और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तस्करी के लिए जा रहे 11 गौवंशीय पशु जब्त, दो तस्कर हुए गिरफ्तार




**गुमला।** डुमरी पुलिस ने तस्करी के लिए जा रहे ग्यारह गोवंशीय पशुओं को जब्त किया। साथ ही दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। मंगलवार को डुमरी थाना में प्रेस कान्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बैजु उरांव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की कुछ तस्कर पशुओं को मारते पीटते हुए तस्करी के लिए ले जा रहे हैं। सूचना के बाद डुमरी पुलिस के सअनि जितेंद्र सिंह मामले के सत्यापन के लिए वहां पहुंचे तो देखा कि दो तस्कर पशुओं को मारते हुए हांक कर ले जा रहे हैं। पुलिस टीम कार्रवाई करते हुए ग्याहर पशुओं को जब्त किया। वहीं दो तस्कर चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवे नगर निवासी सरफुल्ला मियां व अजबुल मियां को गिरफ्तार किया। छापामारी टीम में थाना प्रभारी रवि कुमार, सअनि जितेंद्र सिंह व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### फसल राहत योजना की डीसी ने की समीक्षा



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना खरीफ 2023 की समीक्षा बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें उपायुक्त ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना खरीफ के कार्य प्रगति की प्रखंडवार समीक्षा कर योजना की प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने योजना के कार्य प्रगति में सुधार लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को सभी बीटीएम, एटीएम, बीसीओ व बीएओ के कार्यों की समीक्षा करने एवं कार्य योजना निर्धारित कर सुधारात्मक प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी थे।

### मणिपुर का जलना प्रधानमंत्री को नहीं दिखलाई पड़ रहा है : बॉबी भगत



**घाघरा।** मणिपुर में हो रहे आदिवासियों पर अत्याचार के विरुद्ध मंगलवार प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बॉबी भगत के नेतृत्व में महिला कांग्रेस ने चांदनी चौक में नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इसके पूर्व जुलूस की शक्ल में बैंक आफ इंडिया घाघरा के समीप से हाथों में तख्ती और नरेंद्र मोदी का पुतला लिए हुए कांग्रेसि चांदनी चौक घाघरा पहुंचा और पुतला दहन किया। मौके पर बॉबी भगत ने कहा नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार में आदिवासी कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। मौके पर यूथ कांग्रेस के संदीप कुमार, बिंदेश्वर साहू, महासचिव सौरभ भगत, मोद्दासिर अंसारी, मो इम्तियाज अहमद, अमित साहू, वसीम अंसारी, सुधीर उरांव, पवन पासवान, सुदामा कुमार, नौशाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

### कस्तूरबा विद्यालस में डालसा ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** सौ दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन तथा नेशनल लीगल सर्विस डे के तहत डालसा ने मंगलवार को कस्तूरबा विद्यालय गुमला में कार्यक्रम किया। जिसमें डालसा ने कस्तूरबा विद्यालय को बेस्ट लीगल एड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के तौर पर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस के अधिवक्ता इंदु पांडे, शंभू सिंह सदस्य पीएलए तथा पीएलबी तितरू उरांव ने भी भाग लिया। ज्ञात हो कि डालसा, गुमला सौ दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन तथा नेशनल लीगल सर्विस डे कैंपेन के तहत जागरूकता शिविर जिले के विभिन्न गांवों, कारा, स्कूल, ब्लॉक में आयोजित किया जा रहा है।

# 10 को लोहरदगा आयेंगे केके सोन

- आकांक्षी जिला लोहरदगा जिला के केंद्रीय प्रभारी सह संयुक्त सचिव श्रम एवं नियोजन मंत्रालय करेंगे दौरा
- केंद्रीय प्रभारी के आगमन को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों संग बैठक कर की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व अन्य।

**लोहरदगा।** आगामी 10 नवंबर 2023 को आकांक्षी जिला अंतर्गत लोहरदगा जिला के केंद्रीय प्रभारी सह संयुक्त सचिव, श्रम एवं नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार केके सोन के आगमन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इस बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडीकेटर्स, पिछली बैठक में संयुक्त सचिव केके सोन द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन और अवार्ड मनी से क्रियान्वयन किये जा रहे योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी।

बैठक में अवार्ड मनी अंतर्गत डेयरी प्लांट की स्थिति, ई-लाईब्रेरी की स्थिति, दीदी कैफे का संचालन, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, फैशन डिजाईनिंग स्किल प्रशिक्षण, 50 बेडेड आवासीय विद्यालय, कल्याण विभागीय विद्यालय में सौरचालित पेयजल, सोलर लाईट की व्यवस्था आदि की जानकारी ली गयी जिसमें संबंधित पदाधिकारियों द्वारा अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी।

नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के निर्धारित इंडीकेटर्स की समीक्षा की गई जिसमें स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत संरचना, शिक्षा और वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास का इंडीकेटर शामिल है। सभी संबंधित विभागों को अपना प्रतिवेदन अद्यतन किये जाने का निदेश दिया गया।

# आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकें कार्यकर्ता : बंधु तिर्की

- आदिवासी कांग्रेस की बैठक घाघरा में संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री बंधु तिर्की।

**घाघरा।** प्रखंड के झखरा कुम्बा में मंगलवार को जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी की बैठक घाघरा प्रखंड अध्यक्ष प्रेमचंद भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड सरकार कोर्डिनेशन कमेटी के बंधु तिर्की मुख्य शामिल हुए। मौके पर उपस्थित कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर गुमला जिले के सभी प्रखंडों के आदिवासी कांग्रेस कमेटी को मजबूत सशक्त बनाने को लेकर यह रिव्यू की जा रही है। पार्टी की मजबूती और कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ता करें। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम कार्यकर्ता करेंगे। अभी से चुनाव की तैयारी को लेकर कमर कस लें। निश्चित तौर पर लोगो का वोट केंद्र से भाजपा की सरकार को हटायेगा। भाजपा पार्टी सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। लोगों को छलने का काम किया है।

# विभिन्न समस्या को लेकर डीसी से मिले नीच डुंगरी के ग्रामीण

## नीच डुंगरी गांव में नहीं है बिजली, सड़क, नाला, स्कूल और आंगनबाड़ी

**पूर्व में भी सौंपा था ज्ञापन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




उपायुक्त से मिलने पहुंचे ग्रामीण।

**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम और जिला महासचिव फिरोज आलम के नेतृत्व में मंगलवार को रायडीह प्रखंड के नीच डुंगरी के ग्रामीण गांव की समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मुलाकात की। नीच डुंगरी गांव में सड़क, बिजली, नाली, स्कूल व आंगनबाड़ी की सुविधा नहीं है। गांव के ग्रामीण इससे पूर्व भी समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा था लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर फिर से ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेता मुख्तार आलम व फिरोज आलम ने कहा कि बार-बार ज्ञापन सौंपने के बाद भी जन समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य नहीं किया जा रहा है। जिसकी कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। नेताओं ने कहा कि जिले के पदाधिकारी अपने पद का दुरूपयोग कर रहें हैं और जनता का काम नहीं कर रहे हैं। झारखंड में गठबंधन की सरकार जनहित के कई योजनाएं चला रखी है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर लोगों की समस्या का समाधान कर रही है। वहीं पदाधिकारी जनता के कार्यों को नहीं कर रहे हैं जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं ज्ञापन सौंपने के बाद उपायुक्त ने आश्वासन देते हुए कहा है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर जल्द समस्याओं को दूर करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

# नेशनल एथलेटिक्स में इंटर कॉलेज की अल्पना शैली उरांव ने जीता स्वर्ण

## विद्या भारती के 34वां राष्ट्रीय एथलेटिक्स बेतिया में बिहार-झारखंड का कर रही थी प्रतिनिधित्व

**एसजीएफआई के लिए चयनित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पदक ग्रहण करती और पदक-सर्टिफिकेट के साथ अल्पना (इनसेट)।

**लोहरदगा।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में बेतिया बिहार में आयोजित 34वां राष्ट्रीय खेलकूद एथलेटिक्स समारोह 2023 के अंतर्गत तरुण वर्ग के भाला फेंक में उत्तर पूर्व क्षेत्र (बिहार एवं झारखंड) का प्रतिनिधित्व करते हुए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा की कक्षा 11वीं की छात्रा अल्पना शैली उरांव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही वह एसजीएफआई के लिए क्वालीफाई कर ली है। भाला फेंक प्रतियोगिता में उसका मुकाबला देश भर के 11 क्षेत्र के 10 एथलीट् छात्राओं से था। अल्पना ने 23.67 मीटर दूर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। उसकी सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र सचिव नकुल कुमार शर्मा, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, खेलकूद के क्षेत्रीय सह प्रमुख सुरेश मंडल, प्रांत संचालक सच्चिदानंद लाल, स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, लोहरदगा नगर क्षेत्र में विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल थे।

# 93 उम्मीदवार हुए चयनित

- रोजगार मेला में 319 उम्मीदवारों को भविष्य के लिए किया गया शॉर्टलिस्ट
- जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर गुमला द्वारा एक दिवासीय रोजगार मेला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर गुमला द्वारा एक दिवासीय रोजगार मेला का आयोजन नगर भवन परिसर में मंगलवार को किया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला परिवहन पदाधिकारी एवं जिला नियोजन पदाधिकारी श्रीराम बारी, व्यवस्थापक के रूप में उपस्थित यंग प्रोफेश्नल श्री रवि कुमार गहलोत के द्वारा किया गया। इस एक दिवसीय निजी क्षेत्र के रोजगार मेला में कुल 14 कम्पनियों ने भाग लिया। जिसमें गुमला जिले के 07 तथा 06 अन्य राज्यों के प्रमुख कम्पनियों शामिल हुई। जिसमें गुमला जिले के कुल 817 शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों ने भाग लिया। उन 817 उम्मीदवारों में से उक्त कम्पनियों के द्वारा प्रारंभिक चयन के रूप में कुल 93 उम्मीदवारों का चयन हुआ।

# एनएफएसएम योजना से किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो लोहरदगा।** एनएफएसएम योजना के तहत कृषि, सहकारिता तथा पशुपालन विभाग से किसानों को रबी फसल के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कैरो, गजनी, नरौली आदि गांव के 34 किसानों के बीच सरसों बीज, एक लीटर नैनो युरिया तथा जैविक खाद वितरण प्रखंड परिसर कृषि सिंगल विंडो सेंटर कैरो पर किया गया। बीटीएम ज्ञान साहू ने बताया कि राज्य सरकार रबी फसल को प्रोत्साहित करने को लेकर किसानों के बीच सरसों पायलट प्रोजेक्ट योजना के तहत सरसों का बीज निशुल्क बांट रही है। योजना के तहत चयनित किसानों के बीच मंगलवार को सिंगल विंडो सेंटर मे प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के 34 किसानों के बीच सरसों बीज तथा अन्य समाग्रही का वितरण किया गया। वहीं एनएफएसएम योजना के तहत किसानों के बीच दो किलोग्राम सरसों का बीज एक लीटर तरल नैनो युरिया तथा जैविक खाद का वितरण किया गया है।

### एसपी ने किया कंस्ट्रक्शन साइड का निरीक्षण



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बसिया से सिसई तक चल रहे निर्माणाधीन सड़क के कंस्ट्रक्शन साइट कुम्हारी का निरीक्षण किया। साथ ही बानागुट्टू की सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं कंस्ट्रक्शन साईड में उपस्थित पदाधिकारी को वाहनों के रखरखाव के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर एएसपी अभियान मनीष कुमार, एसडीपीओ बसिया विकास आनंद लागुरी, इंस्पेक्टर एसएन मंडल एवं थाना प्रभारी मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक आज

**कैरो।** कैरो थाना परिसर में बुधवार को 11.30 बजे पूर्वाह्न आगामी त्योहार छठ और दीपावली के मद्देनजर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक रखी गयी है। यह जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि बैठक में प्रमुख, उपप्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, मुखियागण, शांति समिति के सदस्य, सभी छठ पूजा कमेटी के पदाधिकारीगण, सभी प्रबंधकगण सदर सेक्रेटरी मंदिर मस्जिद अन्य पूजास्थल, सभी सद्भावना दूत सहित प्रखंड के सभी गणमान्य लोग बैठक में भाग लेंगे।

### बोलेरो की चपेट में आने से युवक घायल, रिम्स रेफर

**भंडरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पलमी गांव के जहगीर मोड़ के समीप बीती देर शाम अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार एक 22 वर्षीय व्यक्ति गंभीर से जख्मी हो गये हैं। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की पहचान भरनो थाना क्षेत्र के सुपा महुवा टोली निवासी शनि उरांव के 22 वर्षीय मंगरा उरांव के रूप में हुई। बाइक सवार को धक्का मारने के बाद अज्ञात बोलेरो के चालक वाहन समेत मौके से निकल भागने में सफल रहा। सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल की सहायता की तथा थाना पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर भंडरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से जख्मी मंगरा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उसकी प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत बेहतर चिकित्सा के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया जाता है कि मंगरा भंडरा की ओर से अपने बाइक से घर जा रहा था इसी क्रम में विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही अज्ञात बोलेरो ने धक्का मार दिया। जिससे मंगरा की बाइक अनियंत्रित हो कर से सड़क जा गिरा। इस घटनाक्रम में मंगरा के सिर पर गहरी चोट लगी। घटना का अंजाम देकर भाग बोलरों का नंबर स्थानीय ग्रामीणों नोट कर पुलिस को दे दिया। पुलिस पड़ताल कर रही है।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में एनसीसी कैडेटों के लिए लगाया गया एनुअल ट्रेनिंग कैंप

- 10 दिवसीय कैंप में कैडेटों को वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट की दी गयी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** 46 झारखंड बटालियन एनसीसी के द्वारा गुमला पालिटेक्निक कॉलेज में आयोजित एनुअल ट्रेनिंग कैंप संपन्न हो गया। इस कैंप में गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा के आर्मी विंग कैडेट ने भाग लिया। कैंप के दौरान कैडेटों को वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, सामाजिक कार्य आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस 10 दिवसीय कैंप के दौरान कैडेट्स को कई जानकारी दी गईं। स्वास्थ्य विभाग की एस शर्मा के द्वारा जल जनित रोगों की जानकारी दी गई। वहीं अग्निशमन विभाग गुमला के सौजन्य से कैडेटों के लिए एक लाइव डेमोस्ट्रेशन आयोजित किया गया। जिसमें उन्हें आग के प्रकार, लगने के कारण और रोकने के उपाय बताये गये।

### श्यामाकांत बने श्री काली पूजा समिति पालकोट रोड के संरक्षक

**गुमला।** श्री काली पूजा सह सेवा समिति पालकोट रोड गुमला में पूजा के सफल संचालन के लिए पूजा समिति का गठन कर पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें संरक्षक श्यामा कांत मिश्रा, अध्यक्ष उदय साहू, उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, निरज गुप्ता, कुंदन राय, सचिव सतीश नायक, सह सचिव मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष दीपक सोनी, पूजा प्रभारी कृष्ण कुमार (मुन्ना), अभय सोनी, राजा चौधरी को बनाया गया।

# अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने की हिदायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जूम मीटिंग से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें अंचलवार और थानावार अवैध बालू उठाव/ परिवहन, बॉक्साईट खनन/ परिवहन, पत्थर का खनन/ परिवहन, कोयला का अवैध परिवहन से संबंधित पृच्छा हुई। इसमें सीओ और थाना प्रभारियों द्वारा की गयी छापेमारी, एफआईआर, दंड आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने सभी सीओ को औचक निरीक्षण की संख्या बढ़ाने, बालू के साथ बॉक्साईट/ कोयला/ पत्थर के अवैध खनन व परिवहन की जांच करने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के चेकनाका में जांच करने का निर्देश दिया गया। जिन अंचलों की उपलब्धि शून्य है, वैसे अंचल अधिकारियों व थाना को छापेमारी की संख्या व की गयी कार्रवाई की संख्या में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

## अबुआ वीर दिशोम अभियान-2023 के क्रियान्वयन को लेकर डीसी ने की बैठक

# वन अधिकार समिति के गठन को लेकर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल डीसी, डीएफओ, डीडीसी व अन्य।

**गुमला।** उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा लाइब्रेरी सभागार में वनाधिकार अधिनियम-2006 के तहत वनाधिकार समिति के पुनर्गठन के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अबुआ वीर दिशोम अभियान-2023 के क्रियान्वयन तथा ग्राम वन अधिकार समिति, अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति एवं जिला स्तरीय वन अधिकार समिति तथा प्रखंड, अनुमंडल, जिला स्तरीय एफआरसी सेल के गठन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

बैठक में बताया गया कि ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति गठन हेतु वन विभाग के अधिकारियों व कर्मियों की सहभागिता तथा सीओ सहित अंचल कर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित कर जिला के सभी गांव में ग्राम सभा के आयोजन हेतु ग्राम वार शेड्यूल तैयार कर प्रत्येक ग्राम सभा की कार्रवाई उपायुक्त द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जाना है। ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति गठन के अलावा अनुमंडल तथा जिला स्तरीय वन अधिकार समिति का पुनर्गठन भी सुनिश्चित है।

इसके अलावा प्रखंड, अनुमंडल तथा जिला स्तर पर वन अधिकार अधिनियम सेल का गठन भी होगा। उपरोक्त के आलोक में जिला उपायुक्त के द्वारा समस्त कार्रवाई में संलग्न पदाधिकारी को अपने निर्धारित दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ग्राम, अनुमंडल तथा जिला स्तर पर गठित होने वाले वनाधिकार समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया को निर्धारित समय में पूरा करने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही वन पट्टा अधिनियम से संबंधित विषयों पर भी परिचर्चा की गई। उपायुक्त ने प्रखंड स्तरों पर भी उक्त वनाधिकार से संबंधित सभी संबधितों के बीच कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश दिया।

# सीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक मतदाता सूची को लेकर दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते भंडरा सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता।

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बीएलओ व सुपरवाइजरों संग समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में विशेष चर्चा की गई। कहा गया कि 1 जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानकर नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में चढ़ाएं एवं फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने व मतदाता सूची अंतिम प्रकाशन की तिथि के बारे में जानकारी साझा की गयी।

इस दौरान बताया गया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सूची का सत्यापन किया जायेगा। साथ ही बीएलओ द्वारा अनिबंधित योग्य नागरिक एवं भावी मतदाता की सूचनाएं भी प्राप्त की जायेगी।

मतदाता सूची को हेल्दीइलेक्ट्रोल रोल बनाने के उद्देश्य से सभी पीडब्ल्यूडी वोटर को चिह्नित किया जाना है। साथ ही ब्लैक एंड व्हाइट फोटो एवं ब्लर किस्म वाले मतदाता पहचान पत्र मतदाताओं को चिन्हित कर उसे प्रपत्र 8 के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले मतदाता सूची में परिवर्तित किया जायेगा।

# गढ़वा वासियों को मिला दिवाली का तोहफा, शहर में अब नहीं दिखेगी कच्ची सड़क

## विकास विरोधी लोग चाहे जितनी ताकत लगा लें, अवरूद्ध नहीं होगा गढ़वा का विकास : मंत्री मिथिलेश

करीब चार करोड़ रुपए की लागत से शहर के 43 कच्ची सड़कों का होगा पक्कीकरण, मिली प्रशासनिक स्वीकृति



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा शहर वासियों को दिवाली का बेहतर तोहफा मिला है। पूरे शहरी क्षेत्र में तीन करोड़ 74 लाख 91 हजार 530 रुपए की लागत से 43 कच्ची सड़कों का पक्का निर्माण किया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा शहर का सर्वे कराने के बाद यह बात सामने आयी कि पूरे राज्य भर में गढ़वा ही एकमात्र ऐसा शहर हैं जहां सबसे अधिक कच्ची सड़कें मौजूद हैं। इस रिपोर्ट के सामने आते ही उन्होंने तत्काल शहर की सभी कच्ची सड़कों का पक्कीकरण कराने का निर्णय लिया। इसके पहले चरण में पूर्व में 54 कच्ची सड़कों का पक्कीकरण की स्वीकृति प्रदान करायी गई थी, जिसका कार्य प्रारंभ है। अब 43 अन्य कच्ची सड़कों का पक्का निर्माण कराने की स्वीकृति सरकार ने प्रदान कर दी है। मंत्री ने बताया कि गढ़वा में अब एक भी कच्ची सड़क देखने को नहीं मिलेगा। जहां नई कॉलोनी बसी है या बस रही है सिर्फ उन्हीं क्षेत्रों में ही कच्ची सड़क बच गई है। अगले चरण में उन सब का भी पक्का निर्माण कराया जाएगा। गढ़वा शहर अब पूरी तरह से कच्ची सड़क मुक्त हो गया है। यह गढ़वा वासियों के लिए दिवाली का अमूल्य तोहफा है। अब शहर में लगभग 160 कच्ची सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के विकास कार्य में लगातार विकास विरोधियों द्वारा टांग अड़ाया जा रहा है। फिर भी वे अपने एक सूत्री अभियान संपूर्ण गढ़वा का विकास करने में पूर्ण मनोयोग से लगे हुए हैं। इस कार्य में गढ़वा वासियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। विकास विरोधी लोग चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, उनके रहते गढ़वा का विकास कभी अवरूद्ध नहीं होगा। बल्कि विकास के पथ पर गढ़वा और तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। चाहे शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र आज पूरी तरह से सभी क्षेत्रों में गढ़वा की तस्वीर बदल गई है। गढ़वा वासियों ने परिवर्तन चाहा और 2019 में परिवर्तन कर भी दिया। अब लोगों के परिवर्तन की उम्मीद पूरी तरह से पूर्ण हो रही है।

### इन सड़कों का किया जाएगा निर्माण

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि 43 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है इनमें वार्ड सात में देव कुमार के घर से दिलीप केशरी के घर तक पीसीसी सड़क का निर्माण, एनएच 75 सरसतिया पुल (जोड़ा पुल) आदर्श होटल से मटकोड़वा स्थान होते हुए जरासंध भवन तक, वार्ड 11 में प्रमोद तिवारी के मकान से नागवंती कुंज होते हुए एंगलेश सिंह के घर तक, कुश सिंह के मकान से भुनेश्वर सिंह के घर तक, छोटे लाल तापी के घर से हरिनाथ सिंह व दिवाकर तिवारी के घर तक, चिनिया रोड शिव मंदिर पीसीसी पथ से दिनेश्वर सिंह, अभिमन्यु सिंह के घर तक, मुन्ना तिवारी के घर से आनंद तिवारी, कमलेश तिवारी एवं रामनाथ तिवारी के घर तक, विनोद सिंह के घर से सरयू दुबे के घर से विनय तिवारी के घर होते हुए अनुज चौबे के घर तक, शैलेश सिन्हा के घर से रामाशीष तिवारी के घर तक, गढ़वा-चिनिया मेन रोड से रमेश सिन्हा के घर तक, गोविंद पांडेय के घर से राजा जनक तिवारी के घर होते हुए ब्रह्मस्थान तक, कृष्णा बैठा के घर से बीरबल राम के घर तक, वार्ड 14 में धनंजय सिंह के घर से सतेन्द्र तिवारी के घर तक, संतोष तिवारी के घर से अभय द्विवेदी, पीएचईडी चहारदीवारी, राजू राम के घर होते हुए विजय तिवारी के घर तक, अजय महतो के घर से भिखारी महतो के घर तक, ममता के घर से दामोदर प्रसाद के घर होते हुए प्रेम राम के घर तक, पीएचईडी चहारदीवारी से नागेश्वर भुईयां के घर तक, रवीन्द्र के घर से राधेकृष्ण के जमीन तक, वार्ड 18 में गोपाल सोनी के घर से मनोज मेहता के घर होते हुए ब्रह्म कुआ तक, वार्ड 14 में विश्वनाथ राम के घर (छठ घाट) से कामेश्वर राम के घर तक, सहिजना शिव मंदिर से अनिल सिन्हा एवं अजीत सिन्हा के घर तक, सहिजना अनिल सिंह के घर से उमेश सहाय के घर तक, वार्ड 18 में प्रदीप दास के घर से काशीनाथ केशरी के घर तक सहित 43 पीसीसी सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

# दीपावली के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू

## कार्तिक मास में खान-पान में कर देते हैं लोग परिवर्तन

उमा शंकर



**कोडरमा।** दीपों का त्योहार दीपावली का चहल-पहल शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के इलाकों तक में शुरू हो गयी है। लोग जहां अपने-अपने घरों में दीपावली मनाने की तैयारी में जुटे हैं तो वहीं कुम्हार दीपक एवं पूजा-पाठ के लिए मिट्टी का बर्तन हाड़ी, कलश आदि बनाने में भी रात-दिन एक कर दिया है। पवित्र कार्तिक मास की शुरूआत होते ही हिन्दू धर्मावलम्बी दीपावली के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत लोगों ने खान-पान में भी परिवर्तन कर दिया है। कार्तिक महीना के प्रवेश करते ही लोग मीट, मछली, अंडा, मुर्गा खाना तो दूर, लहसून-प्याज तक को खाना छोड़ दिया है। दीपावली को लेकर लोग अपने घरों की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन में लगे हुए हैं। कार्तिक महीने में बहुत सी महिलाएं तुलसी पेड़ के समीप संध्या में स्नान कर घी के दीये जलाने में जुटी हैं। वहीं बहुत सी महिलाएं आंवला वृक्ष की पूजा करने में लगी है। इसके पूर्व दीपावली का त्योहार मनाने के लिए सफाई अभियान के बाद घरों की सजावट में जूट गई है। आज आधुनिक युग में भले ही घरों की सजावट के लिए रंग-बिरंगे चायनिज बल्बों की बिक्री बढ़ गयी है। हालांकि लोग आधुनिकता के दिखावे में इसकी खरीददारी भी जोर-शोर से करते हुए देखे जा रहे हैं, लेकिन पवित्रता के प्रतीक मिट्टी से बने हुए दीये की मांग आज भी पूर्व की तरह ही देखी जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए कुम्हार भी दीपावली के महीनों पूर्व से ही मिट्टी के दीये के साथ-साथ पूजा में लगने वाले अन्य तरह के मिट्टी के बर्तन एवं घरौन्दा के लिए खिलौना (चुक्का-चुक्यिा, चूल्हा) बनाने में रात दिन एक कर दिए हैं। शहरी क्षेत्र के पुरनानगर, बरसोतियाबर, जयनगर रोड, झुमरीतिलैया, असनाबाद, इन्दरवा एवं ग्रामीण क्षेत्र के चाराडीह, लोचनपुर, बेकोबार आदि गांवों में इस पेशे से जुड़े लोग मिट्टी के दीये और बर्तन बनाने में जुटे हैं।

**दिवाली पर आखिर क्यों लगाते हैं दीये से बना काजल? इसके पीछे की वजह जान कर हो जाएंगे हैरान :** दीपावली का त्यौहार प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। दीपावली के दिन दीये जलाने की प्रथा है और इस दिन मां लक्ष्मी संग भगवान गणेश की पूजा मुख्य रूप से की जाती है। दीपावली का पर्व अनेक मान्यताओं से जुड़ा है जैसे कि मां लक्ष्मी की कृपा से घर में धन आगमन होना, दीये जालाने से प्रकाश के रूप में सकारात्मक ऊर्जा का घर में वास करना और इसी के साथ एक मान्यता है कि दीपावली के दिन जो दिया जलाते हैं, उस दिये से काजल बनाना, जो धन संचय से लेकर नजर न लगने तक शुभ माना जाता है।

### दिये से बने काजल लगाने के कई फायदे

दीपावली के दिन काजल बनाने की मान्यता वर्षों पुरानी है। दीपावली की रात बने काजल को आंखों लगाने से बुरी नजर या नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव नहीं पड़ता है, जीवन में आ रही परेशानियों से शीघ्र छुटकारा मिलता है, यदि आप दीपावली के दिन बनें काजल को लगाते हैं तो आपको इसका शुभ फल मिलता है और जीवन में अपार सफलता मिलती है, दीपावली प्रकाश का पर्व है, इस काजल को लगाने से सकारात्मक विचारों से आप अपने हर कार्य को पूर्ण कर सकते हैं, यदि दीपावली के दिन बने काजल को आप अपने घर की तिजोरी या दुकान पर रखी तिजोरी में लगाते हैं तो आपके धन पर दूसरों की बुरी नजर का असर नहीं होगा। ऐसा करने से आपको कभी भी धन हानी नहीं होगी और पैसों को बरकत होगी।

## होल्डिग टैक्स नहीं देने वाले बकायेदारों का खाता फ्रीज करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा-सह-प्रशासक नगर पंचायत डोमचांच संदीप कुमार मीणा के द्वारा नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र के होलि्ंडग टैक्स नहीं देने वाले बड़े बकायेदारों का खाता फ्रीज करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने राजस्व संग्रहन, होलि्ंडग टैक्स, ट्रेड लाईसेंस से संबंधित समीक्षा बैठक की। इसमें नगर पंचायत राजस्व एजेंसी के कार्यों पर असंतोष जताया तथा छः माह ज्यादा होने के बाद भी मात्र 48 प्रतिशत राजस्व वसूली पर नराजगी जताई। एजेंसी के प्रतिनिधि ने बैठक में कहा कि कई लोग टैक्स नहीं दे रहे, इससे बकाया टैक्स राशि काफी बढ़ गई है। इस पर प्रशासक ने सभी के साथ कड़ाई से पेश आने को कहा। कई मकान मालिक अपने मकान का व्यवसायिक उपयोग कर रहे जबकि नगर पंचायत डोमचांच को आवासीय होलि्ंडग्स टैक्स दे रहे हैं। उन सभी को चिन्हित कर व्यवसाय के लिए अनुज्ञप्ति की मांग करने का निर्देश दिया। प्रशासक के द्वारा राजस्व एजेंसी हर हालत में शत-प्रतिशत टैक्स वसूली करने का निर्देश दिया।

**इनका खाता हो सकता है फ्रीज :** फ्रीज किये जाने वाले खातों में वार्ड नं.-08 स्थित बाजार रोड के अनिल कुमार सुण्डी, संजय कुमार एवं सुनील सिन्हा, वार्ड नं.-07 स्थित ढाब रोड के युवराज मेमोरियल स्कूल, वार्ड नं.-08 स्थित गिरीडीह रोड के संजय कुमार, वार्ड नं.-10 स्थित गिरीडीह रोड के हीरालाल सुन्डी, महेश प्रसाद एवं मनोज कुमार मेहता, वार्ड नं-12 स्थित गिरीडीह रोड के मंयक कुमार, सरयू मंडल, बासूदेव पंडित एवं बंसत कुमार मेहता के नाम शामिल हैं।वहीं दूसरी ओर अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर प्रशासक नगर पंचायत डोमचांच संदीप कुमार मीणा द्वारा नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र अंतर्गत छठ घाटों का भ्रमण किया। वहीं उन्होंने शिवसागर तालाब, नवा आहार तालाब, टाको आहार तालाब एवं महेशपुर घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर प्रबंधक को निर्देश दिया कि अपने स्तर पर सभी छठ घाटों की साफ-सफाई करें। साथ ही सभी छठ घाटों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर पानी की साफ-सफाई करें।

## जेवर चोरी मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार

**कोडरमा।** जयनगर थाना काण्ड सं0-219/23 का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस संबंध में एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि उक्त कांड में वादी 50 वर्षीय गोविंद प्रसाद बिहारी पिता स्व. जमुना प्रसाद बिहारी कटिया परसाबाद थाना जयनगर के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के द्वारा इनके दुकान से जेवरात की चोरी करने के आरोप में दर्ज कराया गया था। कांड के उद्भेदन हेतु थाना प्रभारी जयनगर पु०अ०नि० उमानाथ सिंह एवं अनुसंधानकर्ता पु.अ.नि पंचम तिरंगा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में सूचना संकलन एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर छापेमारी करते हुए सोनु सिन्हा उर्फ सोनु कुमार सिन्हा एवं चांदनी देवी को उनके वर्तमान चुनाभट्ठा सुखदेव नगर थाना रांची जिला से गिरफ्तार करते हुए इनके निशानदेही पर कांड में चोरी गए जेवरात एवं कांड में प्रयुक्त कार व मोबाईल बरामद किए गये। वहीं इसमें गिरफ्तारी भी हुई है, जिसमें 28 वर्षीय सोनु सिन्हा उर्फ सोनु कुमार सिन्हा पिता दीपक प्रसाद सिन्हा बरवाडीह बसरिया चौपारण थाना हजारीबाग निवासी एवं 26 वर्षीय चांदनी देवी पति सोनु सिन्हा उर्फ सोनु कुमार सिन्हा दोनो वर्तमान पता चुनाभट्ठा सुखदेव नगर थाना रांची जिला के नाम शामिल हैं। अभियुक्तों के पास से जप्त समानों में एक जोड़ा पायल, दो नकचन (नोजपीन), एक लाल का मारुति वैगनार कार, एक सैमसंग कम्पनी का मोबाईल शामिल है। छापेमारी दल में उमानाथ सिंह थाना प्रभारी जयनगर, पु.अ.नि. पंचम तिग्गा जयनगर थाना (अनुसंधानकर्ता), पु.अ.नि. सुनिल पासवान व सशस्त्र बल शामिल थे।

# चतरा कॉलेज में स्वागत सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** चतरा कॉलेज चतरा के बीएड संभाग में मंगलवार को स्वागत सह सम्मान समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप आए हुए में आए महाविद्यालय के प्राधानाचार्य डॉ आर .पी राय ,2021-2023 के टापर, अन्य विभाग के विभागाध्यक्ष का स्वागत फूल मालाओं ,चंदन टीका से किया गया। उनके स्वागत में स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चतरा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर पी राय , बीएड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह एवं सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बीएड संभाग के शिक्षकों में प्रोफेसर शोभा कुजूर , प्रोफेसर. डॉ मुमताज अंसारी, प्रोफेसर कंचन सोय मुरुम, प्रोफेसर अमित कुमार सिंह एवं कॉलेज के अन्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश झा, डॉ मनीष दयाल ,एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे । इस कार्यक्रम में बीएड संभाग के 2022 -24 के एवं 2023 -25 के सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अलफीया मीनत ने किया। जिसमें सत्र 2021-23 के परीक्षा मे उच्च अंक लाने वाले चार विद्यार्थियों क्रमशः प्रथम स्थान पर प्रियंका कुमारी 85.9% द्वितीय स्थान पर सोविता श्रीवास्तव एवं संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर कुमारी गोल्डी,अमित कुजूर 83% को सम्मानित किया गया। चतरा कॉलेज चतरा के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की बधाइयां और शुभकामनाएं देते हुए कहा विद्यार्थियों ने अपने हूनर और शब्दों से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।. जीवन में भी अपने देश समाज और महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहें और अपने कार्य को सफल रूप से करें। सारी बंदिशें, दुविधा, संकोच होने के बावजूद भी विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है यह बधाइयां के योग्य है। उनके वक्तव्य के बाद बीएड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह ने इस कार्यक्रम के आगमन के लिए सभी अतिथि गण, विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया एवं अनंत बधाइयां दी। उन्होंने पढ़ने पर बल देते हुए कहा जो परिश्रम करते हैं सफलता उन्हें ही मिलती है। पढ़ने और मेहनत करने के अलावा और कुछ भी चीजें सम्मान नहीं दे सकती है।

## स्पीड न्यूज

### पंचायत समिति की बैठक संपन्न

**रमना।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति की बैठक मंगलवार को सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय के उपस्थिति में संपन्न हुई। मौके पर प्रमुख करुणा सोनी ने सरकारी राशन गोदाम से राशन चोरी होने का मामला उठाया। करुणा सोनी ने कहा कि राशन की चोरी हो जाने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं होना संदेह उत्पन्न कर रहा है। जबकि यह मामला आम चर्चा में है। बैठक में विभिन्न विभाग के अधिकारी, पदाधिकारी या प्रतिनिधि के उपस्थित नहीं रहने से करुणा सोनी सहित सभी सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमाकूल कार्रवाई की मांग किया है। साथ ही घर के उपर से गुजरें हाई टेंसन तार को हटाने की मांग को प्रमुखता से रखा। बैठक में मड़वनिया मुखिया ने प्राथमिक विद्यालय कोरगा में अतिरिक्त शिक्षक नियुक्ती की मांग किया। जबकि कर्णपुरा मुखिया अजीत कुमार पांडेय ने पंचायत के सिद्धी टोला, वियार टोला आंगनबाडी केंद्र की स्थापना कराने तथा भागोडीह के बीडीसी कविता विश्वकर्मा ने मुरली टोला में आंगनबाडी केंद्र के छत ढलाई कराए जाने का मामला उठाया। मौके पर सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय ने कहा कि सदस्यों के द्वारा बैठक में लाए गए प्रस्ताव को संबंधित विभाग को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी ,कर्मी के विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

### दीपावली पर होगा तीन दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन

**रंका।** अनुमंडल अंतर्गत कटरा पंचायत के दमारन गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के मैदान में दीपावली के अवसर पर तीन दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। 11 से 13 नवंबर तक चलने वाले कार्यक्रम में कथावाचक रविंद्र दास जी महाराज के द्वारा भगवान श्री राम का कथा सुनाया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष ने बताया कि श्री राम कथा का आयोजन दीपावली एवं लक्ष्मी पूजा के अवसर पर किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हमारे बुजुर्ग अभिभावकों की मांग पर विशेष रूप से किया जा रहा है। बुजुर्गों का यह मानना है कि श्री राम कथा का कार्यक्रम होने से इस गांव में सुख शांति एवं समृद्धि आएगी। इस कार्यक्रम का आयोजन नवयुवक समिति दमारन के तत्वावधान में किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, सचिव वीरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष अजय यादव, उपाध्यक्ष अमरकांत यादव, उपसचिव अनिल कुमार, संयोजक नंदलाल यादव, उप संयोजक रमेश यादव, संरक्षक बलिंदर यादव, उप संरक्षक संतोष प्रसाद, समिति प्रधान रमाशंकर एवं सदस्य संतोष कुमार, बीरबल कुमार, विपिन कुमार, प्रदीप कुमार, कुलदीप कुमार, कमलेश यादव, रमेश यादव, जयशंकर एवं रामलाल उपस्थित थे।

### पंचायत सचिव की पहल पर अब तक 1203 पीएम आवास पूर्ण



निमार्णाधीन पीएम आवास

भवनाथपुर। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचयतो में जहां हठी लाभुकों के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना अधर में लटकी हुई है, वहीं प्रखंड के एक पंचायत ऐसा भी है, जहां उक्त पंचायत के सचिव अजीत कुमार सिंह के पहल पर अब तक 1203 पीएम आवास को पूर्ण कर लिया गया है। जबकि 87 लंबित व अधूरे पीएम आवास के लाभुकों द्वारा अपने अपने आवास को पूर्ण करने की दिशा में रेस हो गए है। जानते चले कि प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत में जरूरतमंद परिवारों को वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 1290 प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुआ था, जिसमे ज्यादातर लाभुकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास को ससमय पूर्ण कर लिया गया, जबकि कई ऐसे हठी लाभुक थे, जो आवास योजना का पहला किस्त की राशि लेने के बाद भी कार्य प्रारंभ नही करा पाये थे। लंबित व अधूरे पड़े पीएम आवास को अविलंब पूर्ण कराने संबंधी जिला प्रशासन की कड़ी निर्देश के बाद भवनाथपुर प्रखंड प्रशासन रेस हो गया। बनसानी पंचायत सचिव अजीत सिंह और पंचायत के मुखिया पति राजेश्वर पासवान के द्वारा लंबित और अधूरे पड़े पीएम आवास के लाभुके के घर घर पहुंचकर तथा उन्हें जागरूक करते हुए आवास को पूर्ण करने को प्रेरित किया। उनकी पहल पर अमल करते हुए पीएम आवास योजना के लाभुकों ने आवास को पूर्ण करने की दिशा में लग गये है। जबकि प्रखंड के कई ऐसे पंचायत है, जहाँ पीएम आवास योजना के लाभुक एक दो वर्ष पूर्व आवास का प्रथम किस्त लेने के बाद भी कार्य प्रारम्भ नही कर सके है।

### फर्जी लोग उठा रहे पेंशन, बगैर पेंशन लिए ही चल बसे कई जरूरतमंद लाभुक

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत चपरी पंचायत के कई ऐसे जरूरतमंद महिला पुरुष जो सरकार द्वारा मिलने वाली वृद्धा व दिव्यांगता पेंशन पाने के लिए प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला प्रशासन तक अपनी गुहार लगाते रहे और पेंशन का लाभ लिए बिना ही वे इस दुनिया से चले भी गए। इसके विपरीत उसी पंचायत में वृद्धावस्था के 40 और दिव्यांग पेंशन के 11 कुल 51 ऐसे लोग है, जो वृद्धा व दिव्यांगता पेंशन की पात्रता व अहर्ता पूरी नहीं करने के बावजूद फर्जी ढंग से पिछले छह सात वर्षो से लगातार सरकार द्वारा मिलने वाली पेंशन की राशि का लाभ उठा रहे है। पेंशन का लाभ लेने वाले ऐसे फर्जी और अयोग्य व्यक्तियों के कारण बीपीएल सूची में नाम होने के बाद भी जरुरतमंद वृद्ध और दिव्यांग लोग पेंशन का लाभ लेने से वंचित रह जा रहे है। फर्जी तरीके से वृद्धा व दिव्यांगता पेंशन पाने वाले अयोग्य व्यक्तियों का सूची से नाम काटने को लेकर पंचायत के कई लोगो द्वारा बीडीओ को लिखित आवेदन देने के बावजूद प्रखंड प्रशासन द्वारा फर्जी तरीके से पेंशन का लाभ उठा रहे फर्जी लाभुकों के विरुद्ध बिना कोई कार्रवाई किये ही मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता रहा है।

### चोरी करते तीन चोरों को ग्रामीणों ने धर दबोचा, भेजा गया जेल

**टंडवा(चतरा)।** थाना क्षेत्र के सेरनदाग निवासी मनोज कुमार साहू के घर मे चोरी करने गए तीन चोरों को ग्रामीणों ने धर दबोचा। इसकी सूचना स्थानीय थाना में देकर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात्रि मनोज कुमार साहू अपने घर में सपरिवार खाना-पीना खा कर सो रहा था कि तीन चोरों ने घर में घुस कर सो रही महिला की जेवरात को खोलने की कोशिश कर रहा था, जैसे ही लोगों की नींद खुली वैसे ही तीनों चोर कुछ समान लेकर फरार हो गया। और दूसरे की घर मे चोरी करने चल दिया। इस दौरान वहीं बगल में एक गरीब बुढ़े के घर से कुछ पैसा व समान चुरा कर भाग रहा था। जो सुबह होते ही ग्रामीणों ने मुख्य चोर टंडवा हरिनगर के विशाल दास को धर दबोचा एवं उसी के ब्यान अनुसार कुमारंग के दो सगे भाई प्रवीण मिश्रा एवं निशांत मिश्रा को भी पकड़ लिया। ततपश्चात तीनों चोर को पुलिस की हवाले कर दिया। एवं मनोज कुमार साव ने तीनों चोर के खिलाप थाना में मामला दर्ज कराया। जिसपर पुलिस द्वारा त्वरित कर्रवाई करते हुवे तीनो चोर को जेल भेज दिया गया।

### सांसद प्रतिनिधि ने फीता काट कर किया, ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**कुन्दा(चतरा)।** प्रखंड के तारादोहर गाँव में मंगलवार को 25 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार यादव ने फीता काटकर किया ।उल्लेखनीय है की पिछले 2 महीने से तारादोहर के ग्रामीण अंधेरा में रहने को मजबूर थे ।वही सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से उक्त ट्रांसफार्मर मुहैया कराया गया है ।जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश झा व सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव के प्रयास से ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है। मौके पर भीम यादव,विजय यादव,रामस्वरूप यादव, विकास कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**इटखोरी।** सीबीएसई के निर्देश पर अंडर हब आफ लर्निंग के तहत मंगलवार को साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण तथा दीपावली विषय पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा चतरा के डीएवी पब्लिक स्कूल, टंडवा के दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा चतरा के नाजेरथ स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। सीनियर व जूनियर ग्रुप में उत्कृष्ट पेंटिंग बनाने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के द्वारा मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य हर गोविंद तिवारी, कुशाकांत पुरी, नवीन गोस्वामी, रवि अनमोल लकड़ा तथा शिवानी राजहंस ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। डेढ़ घंटे की अवधि में सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने काफी आकर्षक पेंटिंग बनाई। पेंटिंग को पुरस्कृत करने के लिए जूरी का गठन किया गया था। जिनके द्वारा सीनियर ग्रुप में नाजेरथ स्कूल चतरा की छात्रा एंजेल सोरेन एक्का के द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर बनाई गई आकर्षक पेंटिंग को प्रथम स्थान के लिए चयनित किया गया। जबकि डीएवी स्कूल छात्र के अनुभव कुमार की पेंटिंग को द्वितीय व दिल्ली पब्लिक स्कूल टंडवा की छात्रा अंजली भारती की पेंटिंग का चयन तृतीय स्थान के लिए किया गया।

### समाजशास्त्र विभाग में संगोष्ठी का आयोजन



**टंडवा(चतरा)।** वनांचल महाविद्यालय टंडवा के स्मार्ट कक्ष में समाजशास्त्र विभाग द्वारा ₹विकासशील भारत में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं एवं चुनौतियाँ ₹विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में कर्णपूरा महाविद्यालय बड़कागाँव से समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष पवन कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। सर्वप्रथम उन्हें पुष्प-गुच्छ देकर प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय नारायण दास एवं विभागीय शिक्षक डॉ सुनिल कुमार सिन्हा ने सम्मानित किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य ने एवं संचालन प्रो नवल किशोर प्रसाद ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रो मनोज कुमार सिन्हा ने संगोष्ठी समापन की घोषणा की। इस अवसर पर डॉ प्रमोद कुमार पाठक, डॉ सरोज कुमार तिवारी, डॉ अनिल कुमार, प्रो मुनेश्वर सिंह, प्रो मनोज कुमार सिन्हा, प्रो मनोज कुमार पांडेय, प्रो रामदेव पासवान प्रो अनिल राणा, प्रो प्रतिमा शरण, के साथ बहुत संख्या में छात्र, छात्राओं के अलावे शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों में -सहायक प्रफुल्ल कुमार पांडेय, छोटन राम, विजय राम, पुस्तकालय सहायक अनिल महतो, नीलम कुमारी, रामवृक्ष साव आदि उपस्थित थे ।

### भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने सीओ एवं बीडीओ से की मुलाकात

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में जनसमस्याओं की यथा शीघ्र समाधान हेतु मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी के नेतृत्व में अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से भाजपा का प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर क्षेत्र की तमाम समस्याओं पर बातचीत किया तथा अंचल कार्यालय से लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय तक लोगों की समस्याओं का समाधान यथा शीघ्र करने पर चर्चा हुई। सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए दोनो पदाधिकारी प्रखंड एवं अंचल की विधि व्यवस्था को सुधारते हुए जन समस्या को यथाशीघ्र समाधान करने की बात कही भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल प्रत्येक मंगलवार को पदाधिकारी के साथ बैठ कर जन समस्याओं के समाधान में प्रगति के बारे समीक्षा करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अक्षयवट पांडेय भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी गणेश प्रसाद साहू जगदीश अजय सिंह संजू देवी प्रमोद सिंह रामचंद्र प्रसाद गुप्ता महेश मुंडा विजय साहू राजमणि सिंह अरुण पांडेय बिहारी साहू समेत अन्य उपस्थित थें।

### सरसों बीज का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य पंचायत भवन में मुखिया रानी सिंह, 20सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह, बीटीएम जावेद अली की उपस्थिति में एनएफएसएम मिनीकिट योजना के तहत सरसों बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम में 115 किसानों के बीच आरएच-725 किस्म के सरसों मिनी किट बीज का वितरण किया गया। मिनी किट वितरण कार्यक्रम से पहले आधे घंटे का संक्षिप्त प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें बीज की किस्म के बारे में, अवधि-136 से 143 दिन, रोपण की विधि, बुआई बोर्ड, इसकी उपज-12-15 क्विंटल/हेक्टेयर के बारे में किसानों को बताया गया। एक फली में 17 से 18 दाने होते हैं और आगे की खेती आदि के लिए यह बहुत अधिक उत्पादन हो सकता है। किसानों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी में निबंधित कर बीज का भी वितरण किया गया। मौके पर रामचन्द्र दास, प्रदीप राम, निरंजन सिंह, रंजीत सिन्हा, आनन्द कुमार दास आदि मौजूद थे।

### ढिबरा लदा चार पहिया टाटा वाहन समेत तीन लोग गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** गुप्त सूचना के आधार पर मरकच्चो पुलिस ने बरियारडीह मरकच्चो पथ पर मरकच्चो पावर हाउस के समीप ढिबरा लदा एक चार पहिया टाटा ऐसी वाहन समेत तीन लोगों को सोमवार की रात्रि लगभग 2 बजे गिरफ्तार कर थाना ले आयी। मिली जानकारी के अनुसार ढिबरा लदा उक्त वाहन धनवार क्षेत्र से मरकच्चो पंचखेरो डैम से होते हुए मरकच्चो बरियारडीह पथ पर आ रही थी। उसी समय रात्रि गश्ती पार्टी में एएसआई शशि शेखर शर्मा 2 बजे रात ढिबरा गाड़ी समेत 3 लोगों को गिरफ्तार कर मंगलवर को प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। जिसमें 22 वर्षीय आशीष कुमार काली मंडा डोमचांच, 30 वर्षीय राजकुमार मेहता फुलवरिया निवासी, 35 वर्षीय दिवाकर मेहता नावाडीह डोमचांच निवासी के नाम शामिल हैं।

### जीएस पब्लिक स्कूल में दीया कलश सज्जा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस पब्लिक स्कूल में कलश साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्लास तीसरी से आठवीं क्लास के बच्चों ने भाग लिया। वहीं प्रतिभागी बच्चों ने सुंदर कलश तथा दीया का निर्माण कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। वहीं निदेशक नितेश सिंह ने बच्चों की कला की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों को अपनी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा से जोड़ना है। कलश निर्माण और साज सज्जा उसी का एक भाग है। उन्होंने कहा कि कलश विश्व ब्रह्मांड, विराट ब्रह्म व भू-पिंड यानी ग्लोब का प्रतीक माना गया है। उन्होंने कहा कि कलश पर लगाया जाने वाला स्वस्तिक का चिह्न चार युगों का प्रतीक है। वहीं प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने कहा कि बच्चों में अच्छे गुणों का विकास करना विद्यालय का दायित्व है।

### टंडवा एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में मना 49 वाँ स्थापना दिवस

**टंडवा(चतरा)।** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में एनटीपीसी के 49 वें स्थापना दिवस काफी हर्सोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख स्वपेंदु पंडा ने कार्यक्रम की शुभारंभ परियोजना के प्रशासनिक भवन प्रांगण में एनटीपीसी ध्वज को फहराने के बाद किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे एनटीपीसी की राष्ट्र निर्माण में भूमिका व प्रतिबद्धता को दोहराते हुए निरंतर विकास के नए कृतिमान स्थापित करने एवं नए आयाम करने के दृढ़ संकल्प को व्यक्त किया है। साथी ही नॉर्थ करणपुरा के विगत वर्ष की उपलब्धियां को साझा किया। एवं एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा यूनिट एक से वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 6 नवंबर 2023 तक लगभग 2983 .58 मेगावाट यूनिट बिजली उत्पादन किया है।

## स्पीड न्यूज

### श्रीराम ने कुंभकरण और लक्ष्मण ने मेघनाद का किया वध


आरती में शामिल स्टेशन प्रबंधक अनिल द्विवेदी।

**बरवाडीह।** बरवाडीह के पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित रामलीला के 9 वें दिन सोमवार को कुंभकरण और मेघनाद वध का मंचन किया गया। कार्यक्रम में स्टेशन प्रबंधक अनिल कु.दिवेद्वी ने सपरिवार पहुंच प्रभु श्रीराम की आरती कर मंचन का शुभारंभ कराया। अपने संबोधन के दौरान श्री दिवेद्वी ने सबसे पहले रामलीला में सुंदर अभिनय कर रहे पात्रों की भूरि-भूरि प्रसंशा की। वहीं कार्यक्रम में नीतू मेडिकल हॉल के संचालक मनोज जयसवाल, रामलीला मंडली के संजय चौरसिया, रमेश कुमार, प्रीतम कुमार के साथ-साथ नवल किशोर, बिरेंद्र ठाकुर, संजय मिस्त्री, रिक्की गुप्ता, विजय कुमार, रवि कांत, सुभम दुबे, मनी सोनी और संजीव श्रीवास्तव समेत कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

### मोटरसाइकिल सवार ने सड़क पार कर रहे युवक को मारा धक्का, घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकइयाटांड ग्राम के पास सोमवार की देर शाम एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने सड़क पार कर रहे एक युवक को धक्का मार दिया। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार विजय प्रजापति 30 वर्ष पिता शुकर प्रजापति ग्राम मकईयाटांड़ थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के पास सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार मार ने धक्का दिया और फरार हो गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### छात्रों के बीच पोशाक का किया गया वितरण

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोंटी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय इटके में मंगलवार को वर्ग एक व दो के अध्ययनरत 26 छात्र छात्राओं के बीच मुखिया शांति देवी, स्कुल के अध्यक्ष मो ओजैर, एचएम प्रेम जीवनधर लकड़ा ने संयुक्त रूप से पोशाक का वितरण किया। पोशाक वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए एचएम लकड़ा ने बताया कि वर्ग एक व दो मे पढ़ने वाले 26 छात्र-छात्राओं का विभाग द्वारा दो दो सेट ड्रेस, एक एक स्वेटर व एक-एक सेट जुता मौजा उपलब्ध कराया गया था। जिसे मंगलवार को टोटी पंचायत मुखिया के हाथों छात्र-छात्राओं के बीच वितरण किया गया। वितरण के मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक चन्द प्रकाश पाण्डेय, मो. साजिद, राजदेव उरांव, शिक्षिका लिलि सुशिला कुजुर सहित कई स्कुली छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### कोयला लदी हाईवा दुर्घटनाग्रस्त, चालक की दबकर दर्दनाक मौत


घटना स्थल पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के अमझरिया घाटी तालाब के पास मंगलवार की सुबह लगभग 10:30 बजे कोयल लदी एक 16 चक्का हाईवा यूपी 64 बीटी 7017 अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिनी ओर स्थित एक सूखे पेड़ से टकराते हुए पलट गयी। दुर्घटना में हाईवा वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया व वाहन के केबिन में बैठे चालक की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश सिंह के रूप में हुई है। इधर घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर कड़ी मेहनत से शव को बाहर निकला व पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त हाईवा सिंगरौली मध्य प्रदेश से कोयला लेकर हजारीबाग जा रही थी। इसी क्रम में अमझरिया घाटी तालाब के समीप तेज गति होने के कारण हाइवा असंतुलित हो गयी व एनएच किनारे सूखे पेड़ से जा टकराई, जिस कारण उक्त हादसा हुआ।

### प्रज्ञा केंद्र में अज्ञात ने लगायी आग

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मसीयातू ग्राम निवासी मोहम्मद तनवीर ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर प्रज्ञा केंद्र में आग लगाने का आरोप लगाया है। मोहम्मद तनवीर ने आवेदन देकर कहा है कि की मेरा प्रज्ञा केंद्र में रविवार की रात्रि करीब 2:00 बजे अज्ञात लोगों द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगा दिया है घटना के समय मैं सोया हुआ था और लगभग 2:00 बजे रात्रि में मैं सौच के लिए उठा तो देखा की प्रज्ञा केंद्र में आग लगा हुआ है। जिसके बाद मैं और मेरा भाई मोहम्मद तहमीद मिलकर आग बुझाए। आवेदन में कहा गया है कि इससे पहले भी मेरा गांव के ही मोहम्मद अयूब पिता स्वर्गीय मोहम्मद जहूर एवं मोहम्मद तबरेज पिता मोहम्मद अयूब हम लोगों के साथ जान माल नुकसान पहुंचाने की कोशिश किया है। जिसका गांव के मुखिया एवं ग्रामीणों की बैठक कर पंचायती भी हुआ है। मेरा दावा है कि मेरे प्रज्ञा केंद्र में इन्हीं दो लोगों के द्वारा आग लगाया गया है। आवेदन में जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## रेलवे ट्रैक से मिली सर कटी लाश के मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन, हत्या कर ट्रेक पर रखा था शव

# हत्या में शामिल चार अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

▸▸ बेटे ने पिता के शव की पहचान कर दर्ज कराई थी प्राथमिकी


पुलिस की गिरफ्त में चारों अभियुक्त।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बीते सप्ताह बुधवार को उकामाँड रेलवे ट्रेक पर बरवाडीह पुलिस के द्वारा बरामद किए गए एक सिर कटे अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त के साथ- साथ पुलिस को इस घटना के उद्भेदन में सफलता मिली है। जानकारी देते हुए छिपादोहर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक सुखदेव सिंह थाना क्षेत्र के सीठियाटांड़ ग्राम का निवासी था। उसके बेटे बबलु सिंह ने अपने पिता के शव की पहचान की है। बबलू सिंह को तेतरियाटाँड में रोड के पास कुछ कपड़ा खुन लगा हुआ मिला था, जो की उसके पिता का था। जिसके बाद उसने लिखित आवेदन के साथ छिपादोहर थाना में मृतक का खून लगा कपड़ा एवं जुता प्रस्तुत किया जिसके आधार छिपादोहर थाना कांड संख्या-37/2023, दिनांक 02/11/2023, धारा 364/302/34 भादवि के अन्तर्गत प्रा.अभि. नितेश खलको, पिता विनोद खलको, थाना छिपादोहर, हंसराज टोला के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया। उधर कांड की गंभीरता को देखते हुए मामले के शीघ्र उद्भभेदन हेतु पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिनके नेतृत्व में पुलिस ने कांड का उद्भभेदन करते हुए कांड में संलिप्त कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। चारो अभियुक्तों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक सुखदेव सिहं (बैगा) के हत्या कर साक्ष्य को छुपाने की नियत से मृतक के शव को चारो मिलकर उकामाँड डाउन रेलवे ट्रेक पर रात्रि में रख दिया तथा ट्रेन से मृतक सुखदेव सिहं का सिर एवं हाथ कटने के बाद शव को रेलवे ट्रेक पर ही छोड़कर मृतक का सिर एवं हाथ को अलग झ अलग जगह फेंक दिया गया था। जिसे बरवाडीह पुलिस ने बरामद करते हुए पोस्टमार्टम हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेजा था। पुलिस को चारों अभियुक्तो के निशानदेही पर पर हत्या में प्रयुक्त सामान एवं हत्या के समय पहने हुए कपड़ा जिसमें मृतक सुखदेव सिहं (बैगा) का खुन लगा हुआ को बरामद कर लिया गया है।

#### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता

गिरफ्तार चारों अभियुक्त छिपादोहर थाना क्षेत्र के ही निवासी है। जिसमें हंसराज टोला निवासी नितेश खलको 22 वर्ष, पिता विनोद खलको, बरखेता निवासी मतियस उराँव 19 वर्ष, पिता स्व.राजेन्द्र उराव, सीठियाटांड़ निवासी विनेश्वर सिह 22 वर्ष, पिता स्व.जुगेश्वर सिंह, लाहीबार निवासी शिवराज सिंह 23 वर्ष, पिता रमन सिंह का नाम शामिल है।

#### छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी व कर्मी

छापामारी दल में एसडीपीओ दिलु लोहार, इंस्पेक्टर अनिल उराँव, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, पुअनि रंजीत राम, काशी महली और रवि कुमार, सअनि बिरबल हांसदा, राजेश कुमार के साथ साथ सशस्त्र बल छिपादोहर थाना रिजर्व गार्ड, कम्ह 04 एवं सैट138 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## विधायक बैद्यनाथ राम ने किया बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा का उद्घाटन

▸▸ राष्ट्र व समाज के निर्माण में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है : बैद्यनाथ राम


उद्घाटन करते विधायक बैद्यनाथ राम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि बैंकों का खुलना क्षेत्र के समृद्धि का परिचायक है। राष्ट्र व समाज के निर्माण में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैंक लोगों के पैसे जमा लेता है और फिर उस पैसे को लोगों को ऋण के रूप में देता है। इससे लोगों को स्वरोजगार का अवसर प्राप्त होता है। लोग आत्मनिर्भर व स्वाबलंबी बनते हैं। विधायक शहर के रेलवे स्टेशन रोड में पुलिस निरीक्षक बंगला के सामने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा के उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होने आगे कहा कि लातेहार में कई कोलियरी व खदानें खुल रहीं हैं। ऐसे में यहां बैकों का खुलना न सिर्फ आम लोग वरन बैंकों के लिए भी अच्छा है। इससे पहले विधायक ने फीता काट कर व दीप प्रज्ज्वलित कर बैंक का उद्घाटन किया। मौके पर बैंक ऑफ महाराष्ट्रा के प्रबंध निदेशक एएस राजीव ने कहा कि वर्ष 1969 इस बैंक की स्थापना हुई थी। यह बैंक भारत सरकार का उपक्रम है और सभी प्रकार के बैंकिंग व्यवसाय करता है। उन्होने बैंक की कई योजनाओं की जानकारी दी। अंचल प्रबंधक शिखा चौधरी ने कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुख्य उदेश्य ग्राहकों की संतुष्टि है। उन्होने कहा कि आज भारत देश के तकरीबन हर एक जिले में इसकी शाखायें हैं। इससे पहले विधायक श्री राम व गृह स्वामी बद्री प्रसाद को बैंक के द्वारा शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने एटीएम का भी उदघाटन किया। मौके पर उप अंचल प्रबंधक रांची रोहित रमन, सीनियर मैनेजर, रांची प्रताप होरो, शाखा प्रबंधक गजेंद्र पड़हार, कैशियर अजीत कुमार, संदीप कुमार, खुशबू कुमारी, आयशा के अलावा महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, रामहरि प्रसाद, लक्ष्मण यादव, नवल प्रसाद, गोविंद प्रसाद, रामप्यारे साहू, अधिवक्ता सुनील कुमार, प्रेम दास, रामदेव प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, राकेश दुबे, पंचम प्रसाद, संजय सिंह, अंकित पांडेय व संतोष प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का किया गया आयोजन


ग्रामीणों की समस्या सुनते उपायुक्त।

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। इस दौरान गणेशपुर ग्राम निवासी मिथिलेश भुइंया ने वन विभाग के क्षेत्र में आ रहे इनके मकान को ध्वस्थ किए जाने की जानकारी से उपायुक्त को अवगत कराते हुए मामले की जांच करने तथा आवास निर्माण के संबंध में उपायुक्त से मांग की है। ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य रूप से भूमि विवाद संबंधित, मुआवजा भुगतान, नियोजन आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

## रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्यों ने मगध पीओ से मिलकर क्षेत्र की समस्या से कराया अवगत

▸▸ पीओ एस नारायणा ने हर संभव समस्या का समाधान करने का दिया आश्वासन


पीओ से मुलाकात करते मोर्चा के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** गोलीटांड़ फूलबसिया सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने मगध परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात कर क्षेत्र के समस्या से अवगत कराया। वहीं रैयत विस्थापित मोर्चा झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकत्ताओं ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। बैठक मे मुख्य रूप से स्थानीय लोगो को रोजगार, शिक्षा, नौकरी, मुआवजा, पानी, बिजली, स्कूल बस, प्रदूषण नियंत्रण सहित अन्य समस्या से अवगत कराकर समाधान की मांग की। इसपर पीओ एस नारायण ने यूनियन द्वारा समस्या को अपने कार्यालय के रजिस्टर मे लिख कर सीसीएल के वरीय अधिकारी को जानकारी देने की बात कहकर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय सचिव झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन मगध संघमित्रा क्षेत्रीय सचिव गुरुदयाल साव अरवीएम केंद्रीय सदस्य विजय साव रैयत विस्थापित मोर्चा मगध परियोजना अध्यक्ष रामचंद्र उरांव उपाध्यक्ष बीरेंद्र गंझू, दीपा देवी, चंदा देवी कोषाध्यक्ष कुलदीप गंझू, उपकोषाध्यक्ष कुलेश्वर गंझू, संयुक्त सचिव सुशीला देवी, हीरामनी देवी, संगठन सचिव प्रदीप गंझू, कार्यकारणी सदस्य खुशियाल गंझू, कार्यकारी अध्यक्ष राजमनी देवी झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन मगध परियोजना अध्यक्ष राजकुमार उरांव सचिव राजेश गंझू सहित अन्य लोग उपस्थित मौजूद थे।

## एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने संतोष कुमार


अध्यक्ष को बधाई देते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला में एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का चुनाव जिले के सभी करीब 90 एमपीडब्ल्यू के सहमति से चुनाव कराया गया। चुनाव का अगुआनी करते हुए एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के तत्कालीन अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि यह चुनाव निष्पक्ष कराया गया है और चुनाव का प्रक्रिया बैलेड पेपर के द्वारा किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार अपना नॉमिनेशन किए थे। संतोष कुमार, यहेजकल तिग्गा, रवि प्रकाश, वहीं सचिव पद के लिए कुल चार उम्मीदवार थे जिसमें अनिल कुमार, संजय कुमार रवि, विकेश कुमार, सीताराम कुमार और कोषाध्यक्ष के लिए कुल दो उम्मीदवार थे। विकाश कुमार तिवारी और विशाल कुमार अग्रवाल चुनाव शांति पूर्ण कराया गया। चुनाव में कुल 87 मत दिए गए। जिसमे संतोष कुमार को 71 मत प्राप्त हुआ। रवि प्रकाश को कुल 05 मत प्राप्त हुआ। यहेजकेल तिग्गा को कुल 11 मत प्राप्त हुए। वहीं सचिव पद के लिए सीताराम कुमार को कुल 05 मत, विकाश कुमार को कुल 18.मत, अनिल कुमार को कुल 24 मत, संजय कुमार रवि को कुल 39 मत प्राप्त हुआ और कोषाध्यक्ष के लिए विकाश कुमार तिवारी को कुल 19 मत और विशाल कुमार अग्रवाल को कुल 64 मत प्राप्त हुआ। एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के नए जिला अध्यक्ष संतोष कुमार को 71 मतो से मनोनीत किया गया। सचिव के लिए संजय कुमार रवि को 39 मतों से मनोनीत किया गया। कोषाध्यक्ष के लिए विशाल कुमार अग्रवाल को 64 मतों मनोनीत किया गया। इस तरह से एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ।

### सोलर पैनल को क्षतिग्रस्त करने की जांच हो: जिप उपाध्यक्ष


क्षतिग्रस्त सोलर पैनल।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कोमर ग्राम स्तिथ कोमर डैम के किनारे सोलर पैनल से सिंचाई की व्यवस्था की गई है। जिसे सोमवार की रात्रि में कुछ आपराधिक तत्वों ने सोलर प्लेट को पत्थर से तोड़ दिया। जिससे सिंचाई व्यवस्था ठप हो गई है। डैम के आस-पास सैकड़ो एकड़ जमीन में खेती बारी की जाती है और सिंचाई का मुख्य साधन सोलर पैनल ही है। फिलहाल किसानों के द्वारा कई एकड़ में टमाटर की फसल भी लगाई गई है। घटना से एक तरफ जहां सार्वजनिक संपत्ति की क्षति हुई। वहीं दूसरी ओर किसानों में आक्रोश भी है। मामले पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने दोषी व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। वहीं इस संबंध में ग्रामीणों ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर दोषियों पर कारवाई का मांग किया है।

## चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर दुबी के समीप अज्ञात अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

# चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी की गोली मारकर हत्या


घटनास्थल पर पड़ा चौकीदार का शव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा में दिन दहाड़े अज्ञात अपराधियों ने कानून को खुली चुनौती देते हुए चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना को चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर मंगलवार की देर शाम दुबी के समीप अंजाम दिया गया है। मार्ग से गुजर रहे प्रमोद साहू व अन्य ने गम्भीर अवस्था मे सड़क किनारे पड़े देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी व ऑटो से लेकर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घटना स्थल पर एक लोडेड पिस्टल भी मिला है जिसे पुलिस अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि घटना को क्यों और किन उग्रवादियों या अपराधियों के द्वारा अंजाम दिया गया है इसका पता खबर लिखे जाने तक नहीं चल पाया था। मिली जानकारी के अनुसार चौकीदार सदिक अंसारी मंगलवार के शाम माल्हन से बाइक से सब्जी लेकर चंदवा की ओर आ रहे थे, इसी क्रम में घात लगाए अपराधियों ने दुबी के पास सुनसान इलाके में अकेला पाकर उन पर हमला कर दिया व गोली मार दी। उन्हें दो गोली मारी गयी है, एक गोली उनके सर पर वही दूसरी गोली छाती के पास मारी गई है।सूचना के बाद प्रभारी थाना प्रभारी शुभम कुमार अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली व अपराधियों किधर पड़कर लेकर अभियान तेज कर दिया। इधर घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। आक्रोशित परिजन व ग्रामीण शव को लेकर सड़क पर उतर गए हैं।

## एक नजर में

### चंदवा के चकला में खुली खदान परियोजना एवं रेल कॉरिडोर निर्माण को लेकर ग्राम सभा


ग्राम सभा में मौजूद ग्रामीण।

**चंदवा।** अंचलाधिकारी के ज्ञापन 910 दिनांक 4 नवंबर 23 के आलोक में मंगलवार को चकला पंचायत सचिवालय परिसर में गैरमजरूवा आम भूमि के चकला खुली खदान परियोजना के लिए रेल रोड कॉरिडोर निर्माण हेतु अनापत्ति देने के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा के लिए अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के द्वारा ग्रामसभा के शांतिपूर्वक संचालन के लिए अंचल निरीक्षक ऋषि देव कमल को प्रति नियुक्त किया गया था। नियत समय पर ग्राम सभा ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में सभा के कार्यवाही आरंभ की गई, मौके पर अंचल निरीक्षक ऋषि देव कमल, मुखिया रंजिता एक्का, वार्ड सदस्य सोहन लोहरा, पूनम सिंह, अनुज कुमार मुंडा एवं पंचायत सचिव रामकुमार भगत उपस्थित थे। ग्राम सभा में परियोजना को लेकर को लेकर ग्रामीणों में सहमति और अ सहमति दोनों देखी गयी, काफी मशक्कत के बाद भी ग्राम सभा किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी जिसके कारण ग्राम सभा को स्थगित किया कर दिया गया है। उक्त जानकारी अंचल निरीक्षक ऋषि देव कमल ने दी है। बता दे की चकला कोल परियोजना को लेकर ग्रामीण दो गुटों में बाटे नजर आ रहे हैं, एक गुट विरोध पर उतरी है वहीं दूसरी गुट समर्थन में देखी जा रही है।

### मैनेजर के द्वारा दुष्कर्म के प्रयास से पीड़ित युवक के परिजनों ने थाने में दिया आवेदन


मौके पर उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित भारतीय स्टेट बैंक के फील्ड मैनेजर के द्वारा एक आदिवासी 16 वर्षीय नाबालिक युवक से दुष्कर्म करने के प्रयास के मामले में पीड़ित के परिवार वालों के द्वारा मनिका थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। वहीं उसके परिजनों ने बताया कि बीते दिन पूर्व आरोपी मैनेजर के द्वारा नाबालिक युवक के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया था हंगामा होने के बाद पुलिस के द्वारा आरोपी मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन पीड़ित परिवार वालों से आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण कोई भी कार्रवाई नहीं हुई थी। वहीं मंगलवार को पीड़ित परिवार के पिता एवं परिवार के लोगों के द्वारा मनिका थाना में आरोपी के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया है। परिजनों ने बताया कि घटना के विषय में मीडिया ने प्रमुखता पूर्वक खबर प्रकाशित किया जिससे पीड़ित के परिवार वालों को काफी हिम्मत मिला है। पीड़ित परिवार के लोगों ने मीडिया बंधुओं को आभार व्यक्त किया। वहीं थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह ने कहा की पीड़ित लोगों के द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। आवेदन के आधार पर आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मौके पर माले नेता धनेश्वर सिंह, अजय यादव, मुखिया पति सुरेश सिंह, सुदेश्वर सिंह,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### फुटकर दुकानदार संघ ने बालूमाथ अंचलाधिकारी से बाजार टांड में स्थाई जगह देने का मांग की


मांग करते फुटकर दुकानदार।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार रोड में फुटकर दुकानों को हटाये जाने का नोटिस बालूमाथ अंचल कार्यालय से मिलने के बाद फुटकर दुकानदार संघ ने बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा के नेतृत्व में मंगलवार को बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजर से मुलाकात की और अपनी मांगों को लेकर एक आवेदन सौंपा। दिए आवेदन में फुटकर दुकानदारो ने कहा है कि वर्षो से वे लोग बाजार रोड में सड़क किनारे अपनी दुकान लगाकर अपना जीवकोपार्जन करते है। लेकिन कुछ दिन पूर्व बालूमाथ अंचल से उन्हें नोटिस प्राप्त हुआ की आपलोग अपनी दुकानें हटा लें। फुटकर दुकानदार संघ ने मांग करते हुए कहा कि बाजार टांड में उनलोगों को व्यवसाय करने के लिए स्थाई जगह दिया जाए। ताकि वे लोग जीवकोपार्जन कर सके। मौके पर बालूमाथ अंचलाधिकारी ने मामले पर पहल करने की बात कही। आवेदन में मो.रिंकू, लगन राम, नकुल कुमार, मो.नसीम, विनोद प्रजापति, उमेश कुमार, निरंजन रजक, बाजो राम, सुमित कुमार, अशोक कुमार, मो.मंसूर, राजू राम, मो.अमिस, सुनीता उराँव, मनोरमा देवी, कामेश्वर उराँव समेत सैकड़ो लोगो ने हस्ताक्षर किया है।

### शराबियों व जुआरियों का अड्डा बना कामता फील्ड, लोग परेशान


फिल्ड में फेंका गया शराब की बोतलें।

**चंदवा।** प्रखण्ड के कामता पंचायत स्थित राजा फील्ड इनदिनों शराबियों का अड्डा बन गया है। शाम 7 बजने के बाद यहां शरारती तत्व व शराब, गांजा पीने वाले युवकों का जुटान आये दिन देखा जा सकता है। फील्ड में बैठ कर मनचले युवक शराब पीते हैं, इसके बाद बोतलों को ग्राउंड में फेंक कर चल देते हैं. नशा चढ़ने के बाद कई शराबी शराब की बोतल तोड़ देते हैं। जिससे फील्ड में शीशा बिखरा हुआ रहता है. शराबियों व शरारती तत्वों की इस हरकत से प्रति दिन मॉर्निंग वॉक करने व खेल का अभ्यास व प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले युवाओं को काफी दिक्कत हो रही है। सुबह जब खिलाड़ी व मॉर्निंग वॉक करने चंदवा के लोग ग्राउंड पहुंचते हैं, तो ग्राउंड में शराब की बोतल बिखरी हुई मिलती है। ग्राउंड से बोतल की सफाई करने के बाद खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। लोगो ने बताया कि ग्राउंड में शराब की बोतल की कांच पैर में लगने का भी डर हमेशा रहता है. कई बार तो लोग घायल हो चुके हैं। स्थानीय लोगो ने कामता फील्ड को शराबियों से मुक्त कराने की मांग चंदवा पुलिस से की है।

# साइबर फ्राड करते कुजू कोयला खदान के माइनिंग पदाधिकारी समेत दो अपराधियों को गिरिडीह के साइबर थाना पुलिस ने दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह के साइबर थाना पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को दबोचने में सफलता पाया था। सोमवार को मिले सफलता के दुसरे दिन मंगलवार को प्रेसवार्ता कर एसपी दीपक कुमार शर्मा, सदर एसडीपीओ अनिल सिंह और साइबर थाना एसआई गौरव कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने दोनों अपराधियों के अपराध की पूरी जानकारी दिया। लेकिन पुलिस की मानें तो गिरफ्तार अपराधियों में जमुआ थाना क्षेत्र के भगतीयाडीह गांव निवासी हरीश कुमार साइबर अपराधी होने के साथ रामगढ़ के कुजू कोयला खदान में माइनिंग पदाधिकारी भी है और जिसे हर माह पौने दो लाख से अधिक का वेतन मिलता है। पुलिस की मानें तो रामगढ़ के कुजू का माइनिंग पदाधिकारी हरीश कुमार अपने साथी महेन्द्र मंडल समेत गिरोह के साथियों के चक्कर में फंसकर साइबर अपराध से जुड़ा है। वैसे प्रेसवार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में महेन्द्र मंडल ही पूरे गिरोह का सरगना है। क्योंकि महेन्द्र मंडल मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गपैय गांव का निवासी है। साइबर पुलिस ने हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र के साकेतपुरी कॉलोनी में छापेमारी कर महेन्द्र मंडल को पहले दबोचा था। महेन्द्र मंडल के निशानदेही पर ही साकेतपुरी कॉलोनी में छापेमारी किया गया। जहां से हरीश कुमार को दबोचा गया। जबकि कई और अपराधी फरार होने में सफल रहे। फरार अपराधियों में गपैय निवासी बबलू मंडल, बगोदर के अटका निवासी रितेश मंडल और धीरज मंडल शामिल है। एसपी ने प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी दिया कि दोनों अपराधियों के ठिकानों में पर तब छापेमारी किया गया। जब एक अपराधी पचंबा थाना क्षेत्र के यमाहा शोरुम में स्कूटी खरीदारी करने पहुंचा था। इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पहले महेन्द्र की गिरफ्तारी किया। फिर इसके निशानदेही पर हजारीबाग के साकेतपुरी कॉलोनी में छापेमारी कर कुजू कोयला खदान के माइनिंग पदाधिकारी हरीश को दबोचा गया। जबकि इनके पास से 33 एटीएम कार्ड के साथ कई महंगे मोबाइल और 55 हजार नगद रुपए भी बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि सभी फर्जी बैंक पदाधिकारी बनकर बैंक के खाताधारकों को फोन कर ठगी करते थे।

# जनसंख्या नियंत्रण समझा रहे नीतीश ने कह दी अनियंत्रित बात

## बीजेपी बोली दिमाग में घुसा एडल्ट का कीड़ा

एजेंसी



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनसंख्या नियंत्रण में शिक्षित महिलाओं के योगदान को ठीक से समझाने की कोशिश में ऐसी अनियंत्रित बात कर गए कि सदन के अंदर और बाहर भारी बवाल हो गया है। नीतीश ने विधानसभा और विधान परिषद में जातीय गणना सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर अपने भाषण के दौरान उदाहरण के साथ बताया कि किस तरह महिला और पुरुष यौन संबंध का आनंद लेकर भी जनसंख्या नियंत्रण में योगदान कर सकते हैं। नीतीश ने जो कहा उसे यहां लिखा नहीं जा सकता लेकिन सीएम ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने से आबादी बढ़ने की रफ्तार में कमी आई है। नीतीश ने कहा कि जब उनकी पहली बार सरकार बनी तब बिहार की जनसंख्या वृद्धि दर 4.3 प्रतिशत थी जो उनकी सरकार में लड़कियों की शिक्षा में सुधार से 2.9 प्रतिशत तक आ गई है। भारतीय जनता पार्टी ने नीतीश कुमार के इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। विधान परिषद में भाषण के दौरान मौजूद रहीं बीजेपी एमएलसी निवेदिता सिंह ने कहा कि यह विधान मंडल के इतिहास का काला दिन है। उन्होंने कहा कि कुछ बातें पर्दे के पीछे की होती हैं और उसे पर्दे के पीछे ही रहने दिया जाता है। सिंह ने कहा कि पहले तो मुख्यमंत्री ने विधानसभा में ये बात की और फिर विधान परिषद में भी इस बात को दुहराने की हिम्मत की जो बहुत गलत बात है। भाजपा पार्षद ने कहा कि सदन में कानून बनाया जाता है लेकिन उसे सेक्स शिक्षा का क्लास बनाकर मुख्यमंत्री ने महिलाओं और आधी आबादी का अपमान किया है। भाजपा विधायक निक्की हेम्ब्रम ने कहा कि नीतीश कुमार जो बात कह रहे थे उसे मर्यादित तरीके से कहा जा सकता था लेकिन महिलाओं को लेकर वह असंवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री की नजर में महिलाओं के प्रति कोई सम्मान नहीं है। बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने नीतीश के भाषण पर कहा है कि- नीतीश कुमार बीमार हैं। भारत का संविधान ये कहता है कि जो व्यक्ति बीमार है उसे गद्दी पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। ये दूर्भाग्यपूर्ण है। कोई न कोई मुख्यमंत्री को गलत दवाई देने का काम कर रहा है। ये जांच का विषय है। सम्राट चौधरी खुद भी विधान परिषद के सदस्य हैं और नीतीश के भाषण के दौरान सदन में मौजूद थे। बिहार बीजेपी के एक्स हैंडल से वीडियो ट्वीट करते हुए कहा गया है- भारत की राजनीति में नीतीश बाबू जैसा अश्लील नेता देखा नहीं होगा। नीतीश बाबू के दिमाग में एडल्ट ₹ इ₹ ऋ्रॉ फिल्मों का कीड़ा घुस गया है। सार्वजनिक रूप से इनके द्विअर्थी संवादों पर पाबंदी लगानी चाहिए। लगता है संगत का रंगत चढ़ गया है! भाजपा सांसद और पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने कहा है- नीतीश जी शर्म करो ! महिलाओं के बारे में अश्लील, अभद्र, अपमानजनक टिप्पणी से पूरा बिहार शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। ऐसी टिप्पणी करने की हिम्मत कैसे हुई? वहीं आरजेडी नेता और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार के भाषण का बचाव किया है। तेजस्वी ने कहा- अगर कोई इस बयान का गलत मतलब निकालता है तो ये गलत बात है। मुख्यमंत्री का बयान सेक्स एजुकेशन को लेकर था। जब भी सेक्स एजुकेशन की बात की जाती है तो लोग शमार्ते हैं, हिचकते हैं, जिससे बचना चाहिए। इसकी पढ़ाई तो अब स्कूलों में होती है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए व्यावहारिक तौर पर क्या किया जाना चाहिए। इसे गलत तरीके से नहीं लिया जाना चाहिए।

## बरकेला, पांडावीर और बड़ा लगिया तीनों पंचायत की समस्या को लेकर उपायुक्त से मिली सांसद गीता कोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता




**चक्रधरपुर।** खूंटपानी प्रखंड से सदर चाईबासा प्रखंड में शामिल तीन पंचायत बडालागेया, बरकेला एवं पण्डावीर के सभी राजस्व ग्रामों का झारसेवा एवं झारभूमि पोर्टल पर सदर चाईबासा प्रखंड अंतर्गत मैपिंग नहीं होने के कारण उक्त ग्राम के ग्रामीण, छात्र, बेरोजगार को जाति,आय, आवासीय प्रमाण पत्र, नामांतरण, सीमांकन, आनलाइन पंजी -2 त्रुटि निराकरण आदि कार्य नहीं हो पा रहा है जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने आपनी समस्या से सांसद गीता कोड़ा को अवगत कराया था। सांसद गीता कोड़ा ने आज ग्रामीणों की इन्हीं समस्यायों को लेकर उक्त क्षेत्र के ग्रामीण, छात्र, मुन्डा, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम से भेंट कर ग्रामीणों की समस्यायों से अवगत कराया। उपायुक्त ने 10 दिनों के अंदर समस्या का समाधान का बात रखा। साथ ही सांसद ने उपायुक्त से बंद पड़े चापाकल, जलमीनारों का जल्द चिन्हित कर गरमी से पहले मरम्मति कराने का बात रखा। पत्रकारों के द्वारा बालू घाट के संबंधित सवाल पूछे जाने पर सांसद श्रीमती गीता कोड़ा ने कहा कि जिला प्रशासन और सरकार को शीघ्र लघु खनिज बालू इत्यादि उपलब्ध कराने पर विचार करनी चाहिए ताकि आमजन को सुलभ रूप से बालू की उपलब्धता हो, अवैध बालू लोडिंग के नाम पर ट्रैक्टरों की धर पकड़ पर भी सांसद ने चिंता जाहिर की और पकड़े गए वाहनों को शीघ्र छोड़ने की दिशा में पहल करने की बात जिला प्रशासन से कहीं।

## युवती के शव मामले का खुलासा प्रेमी निकला हत्यारा, गिरफ्तार

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर चेक डैम के समीप पांच दिन पूर्व दो नवंबर को बालू में गड़ा एक युवती का शव बरामद पुलिस मंगलवार को बरामद की। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। शव का शिनाख्त 19 वर्षीय मेदी टुडू नामक नामक युवती के रूप में हुई। युवती की हत्या और उसकी हत्या उसके ही प्रेमी एगरीपस टुडू ने इसलिए कर दी थी कि मृतका उस पर शादी करने का दवाब दे रही थी। दरअसल यह एक कच्ची उम्र के प्रेम का दुःखद अंत वाली कहानी है। इसमें दुमका जिले के रानीश्वर प्रखंड के पाकुड़िया गांव में रहने वाली मेदी टुडू और शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के धनबाद गांव में रहने वाला 20 वर्षीय युवक एगरीपस टुडू के बीच काफी दिनों से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों की मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी। आरोपी एगरीपस अपनी बहन के साथ एक शादी समारोह में गया था। जहां मेदी टुडू भी आई थी। वहीं दोनों के बीच प्रेम संबंध पनपा। इसी बीच पिछले महीने दुगार्पूजा के दौरान 26 अक्टूबर को एगरीपस मेदी को उसके घर से अपने गांव ले आया और गांव के बाहर एक घर में उसे चार दिनों तक रखा। साथ रहते मेदी अपने प्रेमी पर यह दवाब बनाने लगी कि वह जल्द से जल्द मुझसे शादी कर ले लेकिन यह बात एगरीपस को पसंद नहीं था और मौका देखकर 29 अक्टूबर की रात वह गला दबाकर मेदी की हत्या कर दी।

## पैसे की लेनदेन में बंगाल के व्यक्ति की हत्या

**दुमका।** जिले कर मसानजोड़ थाना पुलिस ने मंगलवार सुबह ग्रामीण के सूचना पर मयुराक्षी नदी के एक ईंट भट्टा के पास से एक व्यक्ति का शव बरामद किया। शव मिलने की सूचना मिलते ही थाना क्षेत्र के लोगों का भींड़ इकट्ठा होने लगी। जिसमें एक व्यक्ति ने पूर्व पंचायत समिति महताब अंसारी को सूचना दिया कि आपका चाचा का शव थाना क्षेत्र के रानीबहाल पुल से पश्चिम दिशा में मयुराक्षी नदी के एक ईंट भट्टा के पास पड़ा हुआ है। सूचना पर महताब अंसारी ने शव की पहचान अपने चाचा के रुप में किया। मृतक के पुत्र अजीम अंसारी एवं मृतक की पत्नी ने बताया है कि टोंगरा थाना क्षेत्र के दो युवक फारुख अंसारी एक अन्य थाना क्षेत्र के पलाश नामक दो व्यक्ति से मृतक हासीम अंसारी 9 लाख रूपए पाता था। रुपये मांगा तो शनिवार को फारूक एवं पलाश ने हासिम को पार्टी देने की बात कहकर आने को कहा। हासीम शनिवार शाम को फारुख एवं पलाश के पास पहुंच गया। उसके बाद हासीम अंसारी अपने घर नहीं पहुंचा। तब परिजन हासिम के मोबाइल पर संपर्क किया, तो मोबाइल बंद आ रहा था। परिजनों ने फारूक से फोन से पूछा आप हासिम को पार्टी देने की बात कहकर बुलाया था। लेकिन हासिम अभी तक घर नहीं आया है, तो फारूक ने बताया वह कलकत्ता में है। तब परिजन काफी खोजबीन करने लगे तो पता चला कि किसी ने हासिम को शव को मयुराक्षी नदी के एक ईंट भट्टा के नीचे है।

## शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार अन्तर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय देवघर द्वारा पीएम केंद्रीय विद्यालय, गोड्डा में तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम,गोड्डा बैद्यनाथ उरांव एवं प्राचार्य रजनीश कमल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत सहायक निदेशक भुवन भास्कर द्वारा अंग वस्त्र और बांस शिल्प का स्मृति चिन्ह देकर किया। साथ ही इस तीन दिवसीय शिल्प जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य को चर्चा करते हुए बताया कि इन तीन दिनों में वर्ग 6 से 12 तक के अध्यनरत सभी छात्र छात्रा झारखण्ड के पांच हस्तशिल्प यथा बांस शिल्प, डोकरा शिल्प, जादोपटीया लोकचित्रकला, मांदर वादयंत्र और गुड़िया एवं खिलौने के हस्तशिल्पियों द्वारा प्रशिक्षित होंगे एवं में भारत के समृद्ध हस्तशिल्प विरासत के प्रति जागरूक होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एसडीएम ,गोड्डा बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि हस्तशिल्प संस्कृति की पहचान है और ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से निश्चित ही बच्चों के बीच झारखंड के सभ्यता और संस्कृति के प्रति रुझान बढ़ेगा। बच्चों को सिलेबस के अतरिक्त संस्कृति गतिविधियों में शामिल करने से सीखने के प्रति उनका मस्तिष्क ज्यादा सक्रिय होता है।प्राचार्य रजनीश कमल ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हस्तशिल्प की विधा को शामिल करना है ताकि बच्चों में क्षेत्रीय हस्तशिल्प एवम अन्य संस्कृति गतिविधि की जानकारी मिल सके।

# सीनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे गिरिडीह के प्रतिभागी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** देवघर स्थित स्पोर्ट्स कंपलेक्स, कुमैठा में 8 से 10 नवंबर तक आयोजित होने वाले 23वें झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर एवं 9वें झारखंड राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गिरिडीह की टीम भी भाग ले रही है। मंगलवार को गिरिडीह से सात सदस्यीय टीम कोच आकाश कुमार स्वर्णकार और टीम मैनेजर मोहमद कुर्बान अली के साथ देवघर के लिए रवाना हुई। टीम में कृतिका बर्मन, पल्लवी साहा, सौरभ कुमार, अभिजीत सिंह, नयन भट्टाचार्य और नितिन कुमार शामिल है।मौके पर मौजूद जिला ताइक्वांडों संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि देवघर में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता झारखंड ताइक्वांडो संघ के देख रेख देवघर जिला ताइक्वांडो के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राज्य भर के विभिन्न जिलों से लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेंगे। कहा कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया की इस टूनार्मेंट में गिरिडीह के खिलाड़ी अपने अपने आयु और वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीत के अपना स्थान झारखंड टीम में जरूर पक्का करेंगे। मौके पर जिला ताइक्वांडो संघ के मनोहर वर्मा, ज्योति कुमार, रोहित रॉय, शशिकांत विश्वकर्मा, राजकुमार, पंकज कुमार और अन्य खिलाड़ी तनिषा आर्या, सूफी परवीन, ज्यैनब परवीन, कोमल कुमारी, श्लोक कुमार, कृतार्थ, आयुष और अर्पिता ने देवघर रवाना होने के कारण सभी खिलाड़ियों को शुभकमनाए दी।

## स्पीड न्यूज

### गोड्डा महिला कॉलेज की प्रो. नूतन झा ने पीएचडी की डिग्री ली

**गोड्डा।** गोड्डा महिला इंटर कालेज की व्याख्याता प्रो० नूतन झा ने सिद्धों कान्हो मुर्मू विश्व विद्यालय दुमका से हिंदी साहित्य में मानवता विषय पर 3/1123 को पीएचडी की उपाधि प्राप्त की । उनके शोध का शीर्षक था₹ मुक्तिबोध के काव्यों में प्रगतिशील चेतना ₹ एसकेएम विश्वविद्यालय के उपकुलपति द्वारा उन्हें प्रमाणपत्र जारी की गई । प्रो ० नूतन झा ने ये शोध डा ० विनय कुमार सिन्हा पर्यवेक्षक की निगरानी में पीएचडी की है ।

### बालिकाओं को डालसा ने दी विधिक जानकारी

**दुमका।** विधिक सेवा सप्ताह के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर मंगलवार को प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत के नेतृत्व में कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, गादीकोरैया, दुमका में बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राधिकार सचिव ने बालिकाओं को बाल श्रम, बाल विवाह व घरेलू हिंसा विषय पर कानूनी जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह से संबंधित मामलों की शिकायत जिला न्यायालय में दी जा सकती है। बाल श्रम के संबंध में उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बालक से यदि किसी दुकान, फैक्ट्री या किसी सार्वजनिक स्थलों पर कार्य करवाया जाता है, तो इसमें कड़े दंड का प्रावधान है।

### बालू लदे ट्रैक्टर की टक्कर से मुर्गा व्यवसायी की मौत

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सगरभंगा गांव के समीप मंगलवार की शाम करीब पांच बजे बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 22 साल के मुर्गा व्यवसायी विजय मंडल की मौत हो गई। मृतक सगरभंगा गांव का रहने वाला था और मुर्गा लेकर रसिकपुर आ रहा था। हादसे के विरोध में नाराज ग्रामीणों ने गांदो के समीप ग्रामीण पथ को जाम कर दिया। दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों का गुस्सा शांत कराकर शव कब्जे में लिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हटिया होने की वजह से विजय बाइक से मुर्गा लेकर बचने के लिए आ रहा था। गांव से निकलते सामने से बालू लेकर तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने सीधी ठोकर मार दी।

### नेपाल में हेरोईन के साथ एक भारतीय समेत दो गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले से सटे नेपाली शहर बीरगंज में पर्सा पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक भारतीय समेत दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि करते हुए जिला नेपाल पुलिस कार्यालय पर्सा के प्रवक्ता डीएसपी कुमार विक्रम थापा ने मंगलवार बताया की इनरवा चौकी की पुलिस टीम के द्वारा रजत जयंती चौक से पूर्वी चंपारण जिला के नकरदेही ओपी क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी भुलावन पटेल व नेपाल के बारा जिला के कलैया उप महानगरपालिका के वार्ड संख्या 6 निवासी संतोष महतो को हेरोईन के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के पास से 49.520 ग्राम हेरोइन के साथ 3 डिब्बे में रखे गए नाइट्रोभेट के 100 टैबलेट को बरामद किया गया है। डीएसपी कुमार विक्रम थापा ने बताया कि इस मामले में कांड दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## कुख्यात अपराधी मंजेश पासवान गांजा और हथियार के साथ गिरफ्तार

**बेगूसराय।** पुलिस ने मंझौल सहायक थाना क्षेत्र के सिउरी में दो लोगों की गोली मारकर घायल करने के मामले में शामिल तीन आरोपियों को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त एक लोडेड देशी पिस्टल, एक देशी पिस्तौल, सात गोली एवं 1260 ग्राम गांजा जप्त किया गया है। मंगलवार को प्रेसवार्ता में एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि कि कुख्यात अपराधी मंजेश पासवान अपने सहयोगियों के साथ सिउरी स्थित अपने घर के पास सार्वजनिक बैठक के पास गांजा का क्रय-विक्रय हथियार के साथ कर रहा है। सूचना मिलते ही मंझौल डीएसपी श्याम किशोर रंजन के नेतृत्व में टीम को भेजा गया। टीम में शामिल मंझौल सहायक थानाध्यक्ष अजीत कुमार एवं थाना की पुलिस टीम ने हनुमान मंदिर सार्वजनिक बैठक की घेराबंदी करते हुए छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान कुख्यात अपराधी सिउरी निवासी मंजेश पासवान एवं मनीष कुमार उर्फ मन्नु तथा भगवानपुर थाना क्षेत्र के मोख्तियारपुर निवासी सन्नी कुमार को गांजा एवं हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया तथा चार नवम्बर को सिउरी में दो लोगों की गोली मारने की बात स्वीकार किया। मंजेश पासवान पर चेरिया बरियारपुर थाना सहित अन्य जगहों पर कई मामले दर्ज हैं। इसकी गिरफ्तारी से न केवल आसपास हो रहे आपराधिक वारदातें एवं गांजा के कारोबार पर भी रोक लगने की उम्मीद है।

## कुपोषित बच्चों एवं एनीमिया पीड़ित महिलाओं को किया जाएगा चिन्हित

**गोड्डा।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिले में कुपोषण एवं एनीमिया के निवारण हेतु समर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीशा कुजूर , जेएसएलपीएस के डीपीएम एवं बीपीएम, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी ,सीडीपीओ, यूनिसेफ से न्यूट्रीशन कंसलटेंट श्री रूपक दीक्षित ,महिला पर्यवेक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सक, एनजीओ पार्टनर सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहें। समर अभियान से जुड़े मुख्य बिंदुओं की जानकारी देते हुए रउडए स्टेट कंसलटेंट सुश्री समिता के द्वारा इस अभियान के सफल संचालन से सबंधित जानकारियों को उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच साझा किया उन्होंने बताया कि समर अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम जेएसएलपीएस की सक्रिय महिलाएं, सभी महिला पर्यवेक्षिका व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा अपनी भागीदारी निभाई जाए।यह अभियान कुपोषण निवारण हेतु 1000 दिनों की अवधि का योजनाबद्ध अभियान है, जिनके तहत अति गंभीर कुपोषण से ग्रसित बच्चों, गंभीर एनीमिया से पीड़ित बच्चे, किशोरियों, युवतियां, धात्री माता व गर्भवती महिलाओं की पहचान की जायेगी। इन चिन्हित लोगो को उनके निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्रो पर जांच की जाएगी और फिर आखिरकार कुपोषण से ग्रसित बच्चों, गंभीर अनीमिया से पीड़ित बच्चे, किशोरियों, युवतियां, धात्री माता व गर्भवती महिलाओं का उपचार करवाया जायेगा। यह स्क्रीनिंग की प्रक्रिया प्रत्येक तीन माह पर दोहराई जायेगी।बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीशा कुजूर के द्वारा समर अभियान अन्तर्गत चिन्हित सैम, मैम, एनीमिक सस्पेक्टेड केस वाले लाभुकों को यथोचित लाभ प्रदान कराने के निमित्त नया कार्यप्रणाली तैयार करने का निर्देश दिया गया।

## सेन्ट्रल जेल के बंदी की मौत

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी सेंट्रल जेल में बंद एक विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचकर बंदी के परिजन ने जमकर हंगामा किया।साथ ही उन्होने प्रशासन पर साजिशन हत्या करने का आरोप लगाया। वही घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बंदी जिले के चिरैया थाना क्षेत्र के सगुनिया गांव निवासी 30 वर्षीय बिल्टू साह है,जिसे छतौनी पुलिस ने वर्ष 2021 में एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। बताया गया है,कि सोमवार की रात अचानक बिल्टू साह की तबीयत बिगड़ गई, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।वही सूचना के बाद रोते बिलखते पहुंचे परिजन अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। मृतक बंदी के परिजन ने बताया कि तीन दिन पहले सबकुछ ठीक था।परिवार के कुछ सदस्य बिल्टू से जेल में मिलने गये थे।वह बिल्कुल स्वस्थ था। लेकिन आज सूचना मिली कि बिल्टू की मौत हो गई है।परिजन ने बताया कि मृतक बिल्टू के गले पर दाग का निशान है।जिससे लगता है,कि बंदी बिल्टू की हत्या की गयी है।वही उनके इस आरोप की बाबत पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्र ने कहा है, कि पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

## पेज 1 का शेष

### वीसी की नियुक्ति...

ताकि विद्यार्थियों का भविष्य बन सके। यह विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है कि इन राशि का उपयोग विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में करें। **उत्कृष्ट विवि की सूची में कैसे जायें, सोचना होगा :** कुलाधिपति ने कहा कि झारखंड का कोई भी विश्वविद्यालय देश के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों की सूची में नहीं है। हमें इसे गंभीरतापूर्वक लेना होगा। उन कारणों एवं विसंगतियों को दूर करना होगा, जिसके कारण इनकी उत्कृष्टता में बाधा उत्पन्न हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में नित्य हो रहे बदलाव एवं तकनीकी विशिष्टताओं को भी अंगीकृत करना होगा। साथ ही लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रतिबद्ध होकर दूरदर्शिता एवं समर्पण की भावना के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अब हमें सिर्फ राष्ट्रीय नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर भी खड़ा उतरना होगा। **ऐसा रोड मैप बनायें, शिक्षा का विकास हो :** राज्यपाल ने कहा कि रांची विवि का लगभग 100 एकड़ के कैम्पस में शिफ्ट होना तय हुआ है। संरचना अंतर्राष्ट्रीय स्तर की होगी। विद्यार्थी भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा कर सकेंगे। राज्यपाल ने कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षाविदों से कहा कि सभी कठिनाइयों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए भविष्य का ऐसा रोडमैप बनाएं कि उस पर चलकर यहां के विश्वविद्यालय नित्य-नया मुकाम हासिल करें। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विकास हो। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वंचित वर्ग विशेषकर अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लड़के/लड़कियों की सहभागिता को सुनिश्चित करें। उन्होंने छात्रहित में एकेडमिक कैलेंडर के पालन का निर्देश दिया। उन्होंने पिछड़े सुदूरवर्ती क्षेत्रों में तकनीकी संस्थान की स्थापना की बात कही। **क्या बोले डा कुलकर्णी :** राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने कहा कि राज्यपाल उच्च शिक्षा में गुणात्मक शिक्षा लाने को सतत प्रयासरत है। शिक्षा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने विवि में प्रशासनिक सुधार तथा अनुशासन की बात कही। कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव एवं प्राध्यापकों के कार्यों का परिणाम दिखना चाहिए। विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा के साथ रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत रहें। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मंच संचालन एवं आभार राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ संजीव राय ने किया।

### इडी ने बड़ा बाबू से...

वहीं इडी का आरोप है कि दानिश के मोबाइल के जरिये ही मनी लॉन्ड्रिंग के गवाहों को धमकाया जा रहा था। इस मामले इडी ने दानिश से पूछताछ की। **साजिश की इडी को मिली थी शिकायत :** कई बंदियों ने प्रेम प्रकाश के खिलाफ शिकायत इडी और सरकार से की थी। लेकिन प्रेम प्रकाश को जेल में आइ फोन समेत अन्य सुविधाएं मिलने की जानकारी से जुड़ा बंदी पत्र जेल प्रशासन ने कभी एजेंसियों तक पहुंचने ही नहीं दिया। जिन बंदियों ने एजेंसी से शिकायत की थी, जब वह जेल से बाहर निकले तब उन्होंने सशरीर हाजिर होकर एजेंसी को सारी बातें बतायी।

# भारत ने 'प्रलय' बैलिस्टिक मिसाइल का किया सफल परीक्षण

एजेंसी

**बालासोर (ओडिशा)।** भारत ने ओडिशा तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) प्रलय का मंगलवार को सफल परीक्षण किया। एक रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न करीब नौ बजकर 50 मिनट पर प्रक्षेपित की गई मिसाइल ने अपने सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। उन्होंने बताया कि समुद्र तट के पास कई उपकरणों ने इसके प्रक्षेप पथ पर नजर रखी। अधिकारी ने कहा कि प्रलय 350-500 किलोमीटर की कम दूरी वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जो 500 से 1,000 किलोग्राम का पेलोड साथ ले जाने में सक्षम है।

**350-500 किलोमीटर की कम दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है 'प्रलय'**

उन्होंने बताया कि प्रलय को वास्तविक नियंत्रण रेखा और नियंत्रण रेखा के पास तैनात करने के लिए विकसित किया गया है।

प्रलय को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी ) और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनाती के लिए विकसित किया गया है।

प्रलय मिसाइल की तुलना चीन की डोंग फेंग 12 और रूस की इस्कंेडर से की जा सकती है, जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में किया गया था। इसमें पाकिस्तान की रक्षा प्रणाली में सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की ये प्रलय मिसाइल दुश्मनों के लिए प्रलय बन जाएगी। ये मिसाइल इंटरसेप्टर मिसाइलों को मात दे सकती है। बता दें कि इस मिसाइल को 2015 में बनाने का काम शुरू किया गया था।




- 'प्रलय' कम दूरी वाली सतह से सतह पर मार करने में सक्षम
- पेलोड क्षमता 500-1,000 किलोग्राम है
- युद्धक्षेत्र में दुश्मन को नेस्तनाबूद करने में बड़ी भूमिका निभा सकती है
- प्रलय मिसाइल को जमीन के साथ-साथ कनस्टर से भी दागा जा सकता है।
- दूसरे शॉर्ट रेंज बैलेस्टिक मिसाइलों की तुलना में ज्यादा घातक है।
- प्रलय अपने हमले को सटीक निशाने के साथ-साथ ध्वस्त करने में पूरी तरह कामयाब
- मिसाइल को अत्याधुनिक साजो-सामान से लैस किया गया

## एक नजर में

### आदित्य एल 1 ने सौर प्रज्वाल की पहली उच्च ऊर्जा एक्स-रे झलक देखी

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पहले सौर मिशन आदित्य एल1 को सौर प्रज्वाल (सोलर फ्लेयर्स) की पहली उच्च ऊर्जा एक्स-रे झलक दिखाई दी है। अंतरिक्ष एजेंसी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 29 अक्टूबर से अपनी पहली अवलोकन अवधि के दौरान आदित्य एल1अंतरिक्ष यान में लगे ह्महाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर(एचईएल1ओएस) ने सौर प्रज्वाल को रिकॉर्ड किया है। सौर प्रज्वाल सौर वातावरण का अचानक चमकना है।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वाह में आतंकी हमला, कर्नल समेत तीन सैनिकों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर पख्तूनख्वाह के तिराह इलाके में आतंकियों के साथ गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना के कर्नल रैंक के अधिकारी और तीन सैनिक मारे गए। सेना ने कहा कि एक खुफिया बेस ऑपरेशन के दौरान कर्नल मुहम्मद हसन हैदर और तीन सैनिक मारे गए। आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ में भारी गोलीबारी हुई। ऑपरेशन के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल हैदर के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना के जवानों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर कब्जा कर लिया। इस दौरान तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सेना ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं और हमारे बहादुर सैनिकों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।

### नेपाल : पिछले 72 घंटों में 10 भूकंप के झटके

काठमांडू। नेपाल में शुक्रवार को आए भूकंप के बाद आफ्टर शॉक का आना लगातार जारी है। पिछले 72 घंटे में ही 450 बार से अधिक आफ्टर शॉक आ चुके हैं। इनमें 4 रेक्टर स्केल का झटका 10 बार आ चुका है। सोमवार शाम आया झटका भी ऐसा ही था। बार-बार लग रहे झटकों से लोगों में काफी दहशत है। राष्ट्रीय भूकम्प मापन केन्द्र की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात 11 बजकर 47 मिनट पर जाजरकोट के रामीडांडाको केन्द्र बिन्दू बनाकर आए 6.4 रेक्टर के भूकम्प के बाद सोमवार मध्य रात तक 456 बार पराकम्प आ चुका है। इनमें 4 रेक्टर स्केल से बड़े 10 झटके हैं। सोमवार शाम 5.8 और 4.5 रेक्टर स्केल पर आया झटका भी उसी का हिस्सा है। सोमवार शाम आए भूकम्प में 13 लोगों के घायल होने और करीब एक दर्जन घर के टूटने की खबर है।

## महादेव एप सट्टा घोटाले को लेकर मोदी ने भूपेश बघेल पर बोला हमला

# 30 टका कक्का, खुलेआम सट्टा

एजेंसी

**सूरजपुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर अंकुश लगाने में विफलता के लिए कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि जब-जब यह पार्टी केंद्र में सत्ता में आती है तब तब आतंकवादियों और नक्सलियों के हौसले बुलंद हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राज्य में कथित कथित महादेव एप सट्टा घोटाले को लेकर कहा कि वह गारंटी देते हैं कि भाजपा इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी कर देगी तथा कोई कितना भी बड़ा क्यों ना हो, उसे जेल जाकर अपनी जिंदगी गुजारनी होगी। इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 30 टका कक्का, खुलेआम सट्टा । राज्य में बघेल काका के नाम से लोकप्रिय हैं। मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की एक बड़ी नाकामी रही है। जब-जब कांग्रेस केंद्र की सत्ता में आती है तब तब देश में आतंकवादियों और नक्सलियों की

- **सट्टेबाजी घोटाले में भाजपा दूध का दूध और पानी का पानी करेगी**
- **कांग्रेस के सत्ता में आने पर आतंकियों और नक्सलियों के हौसले हो जाते हैं बुलंद**

हौसले बुलंद हो जाते हैं। कभी यहां, कभी वहां बम फटने की खबर आती है तो कभी मार-काट की खबर आती है। जिस-जिस राज्य में कांग्रेस सत्ता में होती है वहां अपराध का, लूटपाट का ही राज चलता है। उन्होंने राज्य में नक्सली हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार नक्सली हिंसा को काबू करने में असफल रही है। बीते कुछ समय में भाजपा के कई कार्यकर्ताओं को हमसे छीना गया है। अभी कुछ दिनों पहले हमारे साथी को गोली मारकर उसका जीवन खत्म कर दिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्या आपको बम और बंदूक के साये में जीना है? उन्होंने कहा कि कितना ही पैसा क्यों ना हो, बेटा शाम को घर न लौटे, बेटे की लाश घर पर आए, तो उस पैसे का आप लोग क्या करेंगे ? इसलिए हर किसी की सुरक्षा बहुत जरूरी है, और



इसीलिए कांग्रेस को हटाना भी उतना ही जरूरी है। प्रधानमंत्री ने राज्य में चर्चित महादेव ऐप सट्टा घोटाले को लेकर राज्य सरकार को घेरा और कहा कि कांग्रेस ने राज्य के युवाओं को क्या-क्या सपने दिखाए? यहां उन्होंने महादेव के नाम पर भी घोटाला कर दिया। महादेव के नाम पर सट्टेबाजी ऐप घोटाले की चर्चा देश और विदेश में हो रही है। कांग्रेस ने अपनी तिजोरी भरने के लिए आपके बच्चों से सट्टेबाजी करवाई है। क्या आप इन्हें माफ करेंगे ? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय सट्टेबाजों का अड्डा कैसे बना हुआ था? अब सब लोग कहते हैं कि 30 टका कक्का, खुले आम सट्टा। यहां के मुख्यमंत्री के करीबी जेल में बंद हैं। जांच में नोटों के बड़े-बड़े ढेर मिल रहे हैं। एक आदमी टीवी पर आकर कहता है कि उसने मुख्यमंत्री को 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की रिश्वत दी है। फिर भी वह वोट मांग रहे हैं। शर्म ही नहीं है इनको। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि महादेव सट्टेबाजी घोटाले में भाजपा दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी। कोई कितना ही बड़ा नाम क्यों ना हो, आपके बच्चों को बर्बाद करने वाले ऐसे लोगों को जेल जाकर जिंदगी गुजारनी पड़ेगी।

## केदारनाथ में वरुण गांधी से गर्मजोशी से मिले राहुल गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और उनके चचेरे भाई तथा भाजपा सांसद वरुण गांधी ने मंगलवार को केदारनाथ मंदिर के दर्शन के दौरान संक्षिप्त मुलाकात की। दोनों भाइयों की सार्वजनिक रूप से मुलाकात बहुत कम देखी गई है। देश के प्रमुख राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले दोनों चचेरे भाइयों की मुलाकात ने वरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य को लेकर कुछ हलकों में अटकलें शुरू कर दी हैं। संजय गांधी और मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी को हाल के महीनों में भाजपा की प्रमुख बैठकों में नहीं देखा गया है और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनकी राय पार्टी से अलग रही है। वह उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से लोकसभा सदस्य हैं। सूत्रों ने बताया कि गांधी परिवार के दोनों सदस्यों ने पवित्र मंदिर के बाहर संक्षिप्त मुलाकात की और एक-दूसरे का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि मुलाकात बहुत छोटीऔर गर्मजोशी भरी थी। राहुल गांधी इस दौरान वरुण की बेटी से मिलकर बहुत खुश हुए। वैसे दोनों चचेरे भाइयों की मुलाकात नहीं होती, लेकिन उनके अच्छे संबंध हैं।

राहुल गांधी पिछले तीन दिन से उत्तराखंड के केदारनाथ में हैं, जबकि वरुण गांधी ने मंगलवार को अपने परिवार के साथ केदारनाथ का दौरा किया।







# छत्तीसगढ़ में 71 प्रतिशत मतदान

**विधानसभा चुनाव**

**20 सीटों पर शांतिपूर्वक हुई वोटिंग, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का भविष्य इवीएम में कैद**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के पहले चरण की घुर नक्सल इलाके की 10 सीटों सहित 20 सीटों पर मतदान मंगलवार को शांतिपूर्ण समाप्त हो गया। लगभग 71 प्रतिशत मतदान हुआ है। राज्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर में 75.51 प्रतिशत,बस्तर में 72.41 प्रतिशत,बीजापुर में 40.98 प्रतिशत,मोहला मानपुर में 76 प्रतिशत, सुकमा में 50.12 प्रतिशत,कोंडागांव में 75.35 प्रतिशत दंतेवाड़ा में 62.55 प्रतिशत तथा नारायणपुर में 63.88 प्रतिशत मतदान हुआ। राजनांदगांव में 75.10 प्रतिशत, कबीरधाम में 72 प्रतिशत तथा खैरागढ़ में 76.31 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में जिन प्रमुख नेताओं का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया उसमें पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह भी शामिल है। उनकी हाई प्रोफाइल सीट राजनांदगांव में भी इस चरण मे मतदान हुआ। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की चित्रकोट सीट,राज्य के मंत्री अकबर की सीट कवर्धा, में मतदान हुआ। भाजपा के चार वरिष्ठ नेताओं पूर्व मंत्री केदार कश्यप की सीट नारायणपुर,पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की सीट बीजापुर तथा पूर्व मंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेन्ड़ी की सीट कोंडागांव में भी मतदान हुआ।



## सुकमा : नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में चार जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में मंगलवार को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के चार जवान घायल हो गए । पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मिनपा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के चार जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। दल जब मिनपा थाना क्षेत्र में था तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के दो जवानों समेत चार जवान घायल हुए हैं।

## पाकिस्तान का अगला प्रधानमंत्री लाहौर से नहीं होगा : बिलावल भुट्टो

**कराची।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीमो नवाज शरीफ पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए कहा कि देश का अगला प्रधानमंत्री लाहौर से नहीं होगा। उन्होंने संकेत दिया कि उनकी पार्टी अगले साल आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री भुट्टो जरदारी ने यह भी स्पष्ट किया कि पीपीपी को आगामी चुनाव में जीत हासिल करने के लिए किसी और की मदद लेने की आवश्यकता नहीं है।

## मिजोरम में 77% से अधिक वोटिंग

**आइजोल।** मिजोरम में मंगलवार को विधानसभा चुनाव के लिए हुआ मतदान शांतिपूर्ण रहा और 8.57 लाख मतदाताओं में से 77 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने कहा कि मतदान 80 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है, क्योंकि दूर-दराज के जिलों से अंतिम रिपोर्ट आनी बाकी है। निर्वाचन आयोग के शाम छह बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक 77.39 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। राज्य में 2018 में विधानसभा चुनाव में 81.61 प्रतिशत मतदान हुआ था। अधिकारी ने बताया कि सभी 1,276 केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। चुनाव में 18 महिलाओं समेत 174 उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, मिजोरम के 11 जिलों में सेरछिप में सबसे ज्यादा 84.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। आइजोल जिले में सबसे कम 73.09 प्रतिशत मतदान हुआ। सियाहा (76.41 प्रतिशत) और सैतुल (75.12 प्रतिशत) में भी अन्यों की तुलना में कम मतदान हुआ।

## पहले से हिंदू राष्ट्र है भारत : होसबाले

**भुज(गुजरात)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने मंगलवार को कहा कि संघ का मानना है कि भारत को हिंदू राष्ट्र में परिवर्तित करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि देश हमेशा से ऐसा है। आरएसएस के वरिष्ठ नेता ने गुजरात में कच्छ जिले के भुज में संघ के तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक के अंतिम दिन संवाददाताओं से कहा। होसबाले ने कहा कि भारत पहले से हिंदू राष्ट्र है और भविष्य में भी ऐसा बना रहेगा। डॉ हेडगेवार ने कभी कहा था कि देश में जब तक हिंदू हैं, यह देश हिंदू राष्ट्र है। संविधान, राज्य व्यवस्था के बारे में बात करता है, जो अलग चीज है।

## 'डॉन-3' में रणवीर के साथ नजर आयेंगी प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई।** फिल्म डॉन-3 की घोषणा के बाद हर कोई काफी उत्साहित था, लेकिन फैंस की ये उत्सुकता एक पल में गुस्से में बदल गई जब ये साफ हो गया कि लीड रोल के लिए रणवीर सिंह को लिया गया है। इस रोल के लिए रणवीर की पसंद से दर्शक बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हैं और उन्होंने इसकी आलोचना की है। अब एक नई अपडेट सामने आ रही है कि इस फिल्म से प्रियंका चोपड़ा जुड़ेंगी। फिल्म जी ले जरा की कास्ट अभी फाइनल नहीं हुई है, ऐसे में फरहान अख्तर पहले डॉन-3 पर फोकस करेंगे। फरहान जल्द ही प्रियंका चोपड़ा और रणवीर सिंह के साथ डॉन-3 की शूटिंग शुरू करेंगे। प्रियंका ने हाल ही में फरहान अख्तर से मुलाकात करके डॉन-3 के बारे में कुछ बातें



कीं। डॉन के पिछले दोनों संस्करणों में प्रियंका रोमा के किरदार में नजर आई थीं। इससे पहले ह्यडॉन-3ह्ण के लिए कृति सेनन और कियारा अडवाणी को भी लिया गया था, लेकिन जब दोनों ने इस ऑफर को ठुकरा दिया तो आखिरकार फरहान ने प्रियंका को लेने का फैसला किया। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन यह तय है कि प्रियंका इस फिल्म में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इससे पहले रणवीर सिंह के साथ गुंडे, बाजीराव मस्तानी और दिल धड़कने दो में काम कर चुकी हैं।



# दीवाली पर बोनस पाएं तो महंगा कर्ज पहले चुकाएं



**दीवाली** बोनस का नाम सुनते ही लोगों के चेहरे खिल जाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस बोनस का इंतजार बेसब्री से रहता है क्योंकि इससे लोग अपने घर में रंगाई-पुताई कराते हैं या ऐसा बड़ा और महंगा सामान खरीदते हैं, जिसकी हसरत उनके मन में एक अरसे से थी।

मगर एसोसिएशन ऑफ रजिस्टर्ड इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के सदस्य जय ठक्कर की सलाह कुछ और है। वह कहते हैं, ह्वबोनस में मिली रकम को आम तौर पर आलीशान ढंग से छुट्टियां मनाने या त्योहार से जुड़े अरमान पूरे करने में ही खर्च किया जाता है। मगर आगे तक की जिंदगी के लिए बेहतर योजना बनाने वाले इसका समझदारी से इस्तेमाल करें।ह्ल

मगर समझदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए? इसके कुछ तरीके हम बताते हैं:

## कर्ज चुकाना

आपके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता कर्ज और खास तौर पर ऊंचे ब्याज वाले कर्ज कम करना होनी चाहिए। एमबी वेल्थ फाइनैंशियल सॉल्यूशन्स के निदेशक एम बर्वे कहते हैं, ह्वसबसे पहले क्रेडिट कार्ड का बकाया चुकाइए और उसके बाद पर्सनल लोन जैसे बिना गिरवी वाले कर्ज निपटाइए।ह्ल सही तो यह है कि निवेश से पहले ऊंचे ब्याज वाले कर्ज चुकाए जाएं।

बर्वे की सलाह है, अगर आप महंगा कर्ज अपने सिर पर लेकर निवेश करते हैं तो असल में आप घाटे में चले जाते हैं। ऐसी वित्तीय चूक को मेंटल अकाउंटिंग कहते हैं। मेंटल अकाउंटिंग तब होती है, जब लोग अपने पैसे को अलग-अलग अकाउंटह्ल में मान लेते हैं और सबको अलग-अलग तरीके से बरतते हैं। सोचिए कि क्रेडिट कार्ड बकाये पर 40 फीसदी ब्याज कट रहा है मगर आप बकाया निपटाने के बजाय अपनी रकम 7 फीसदी ब्याज के फेर में एफडी बनाकर बैंक में रख लेते हैं।

## इमरजेंसी फंड बढ़ाएं

अगला काम है आकस्मिक जरूरतों के लिए इमरजेंसी फंड बनाना और बढ़ाना। हम फौजी इनीशिएटिव्स के मुख्य कार्य अधिकारी (सीईओ) कर्नल (सेवानिवृत्त) संजीव गोविला समझाते हैं, ह्वअगर आपके पास इमरजेंसी फंड नहीं है तो इस रकम से वह फंड बनाएं।

अगर आपने इमरजेंसी फंड का इस्तेमाल कर लिया है तो दीवाली बोनस से इसकी भरपाई करें। सभी कहते हैं कि घर का महीने का बजट निकालिए और तीन से छह महीने के बजट के बराबर रकम बचाकर रखें। मगर कुछ सलाहकार साल भर के घर खर्च के बराबर नकदी अलग रखने के लिए कहते हैं। जिनकी आय अनियमित है और जो ऐसी नौकरी करते हैं, जो आर्थिक स्थिति गड़बड़ाते ही जा सकती है, उन्हें तो 12 महीने की रकम रखनी ही चाहिए।

ठक्कर का कहना है, ह्वइमरजेंसी फंड ऊंची तरलता वाली, सुरक्षित और ब्याज दिलाने वाली योजना में रखना चाहिए जैसे स्वीप फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), लिक्विड फंड और अधिक ब्याज वाले बचत खाते।

## सामान पर सोच समझकर खर्च

दीवाली पर लोग कंज्यूमर ड्यूरेबल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदते ही हैं। साथ ही ऑफलाइन और ऑनलाइन खरीदारी पर भारी छूट के कारण गैजेट भी जमकर खरीदे जाते हैं। अब तो कार डीलर भी 25,000 रुपये से 1 लाख रुपये तक छूट दे रहे हैं।मगर इनके चक्कर में पड़कर कर्ज के जाल में न फंसें। गोविला कहते हैं, ह्वआत्म-नियंत्रण का इस्तेमाल करें। केवल अच्छा ऑफर या बाय नाउ पे लेटर स्कीम देखकर कुछ खरीद न लाएं।

सही मकसद में निवेश

दीवाली बोनस का बड़ा हिस्सा निवेश में जाना चाहिए। ठक्कर समझाते हैं, ह्वयदि निकट भविष्य के लक्ष्य के लिए रकम कम जमा है तो बोनस के जरिये उस कमी की भरपाई करें।ह्ल यदि आपके दीर्घकालिक लक्ष्य तय हैं और उनके लिए संपत्तियों का सही मिश्रण भी आपने तय कर रखा है तो जो भी रकम अलग से मिल गई है, उसे अपनी प्राथमिकता के आधार पर लगाएं। यह भी देखें कि तमाम लक्ष्य हासिल करने में आपके पास रकम की कितनी कमी है।

ठक्कर का कहना है, इक्विटी म्युचुअल फंड या सीधे शेयरों में निवेश से आपको 10 साल या उससे ज्यादा समय बाद आने वाले लक्ष्य के लिए सबसे अच्छा रिटर्न मिल सकता है। इक्विटी म्युचुअल फंड में रकम लगानी है तो सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) का सहारा लें। आपके पास एकमुश्त रकम है तो उसे शॉर्ट-टर्म डेट फंड में लगाएं और इक्विटी फंड में उसे भेजने का इंतजाम करें। अब तो ऐसा ही सिस्टमैटिक निवेश सीधे शेयरों में भी किया जा सकता है।ह्ल अगर आपको नहीं पता कि कहां निवेश करना है तो निफ्टी 50 इंडेक्स फंड में रकम लगाकर शुरूआत करें।

## अपना कौशल बढ़ाएं

ज्यादातर उद्योग और क्षेत्रों में तेजी से तकनीकी और आर्थिक बदलाव आ रहा है। बर्वे कहते हैं, ह्वअपनी प्राथमिकताओं के लिए निवेश करें। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) सब कुछ बदल रहा है, इसलिए बोनस की रकम खर्च कर नया कौशल हासिल करना सबसे बड़ी समझदारी होगी।ह्ल

## तोहफे दीजिए

पैसा केवल जमा करने या खुद पर खर्च करने के लिए नहीं होता। इसे बांटा भी जाता है। बोनस से कुछ तोहफे खरीदकर परिजनों या दोस्तों को दीजिए या दान दे दीजिए। यकीन मानिए, आपको बहुत अच्छा लगेगा।

# भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण

**पुरावशेषों** की वापसी के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। 24 अप्रैल, 2023 तक, भारतीय मूल के 251 अमूल्य पुरावशेषों को विभिन्न देशों से वापस प्राप्त किया गया है, जिनमें से 238 को 2014 के बाद से वापस लाया गया है। भारत के अमूल्य पुरावशेषों की वापसी देश के सांस्कृतिक खजाने की सुरक्षा और पुनः प्राप्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण है।

हृदय (हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटेशन योजना) योजना के तहत 12 विरासत शहरों का विकास एक असाधारण विरासत के संरक्षक के रूप में खुद को स्थापित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत प्रभावशाली 40 विश्व विरासत स्थलों का दावा करता है, जिनमें से 32 सांस्कृतिक हैं, 7 प्राकृतिक हैं, और 1 मिश्रित श्रेणी के अंतर्गत है, जो भारत की विरासत की विविधता और समृद्धि को प्रदर्शित करता है। पिछले नौ वर्षों में ही विश्व विरासत स्थलों की सूची में 10 नए स्थलों को जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त, भारत की अस्थायी सूची 2014 में शामिल 15 साइटों से बढ़कर 2022 में 52 हो गई है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता और बड़ी संख्या में विदेशी यात्रियों को आकर्षित करने की क्षमता का संकेत है।

भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को महीने भर चलने वाले काशी तमिल संगमम के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया - जो कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाना, देश के शिक्षण के 2 सबसे महत्वपूर्ण स्थानों फिर से पुष्टि करना और उन्हें खोजना है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार को सशक्त रूप से बढ़ावा देती है, जिसका उद्देश्य देश की संस्कृति का जश्न मनाना है। हाल ही में, देश भर के सभी राज्यों के सभी राजभवनों द्वारा राज्य दिवस मनाने का निर्णय भी एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को उजागर करता है। इन सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं और पहलों के माध्यम से, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वे देश की समृद्ध संस्कृति के प्रति गहरी जागरूकता और इसकी विरासत को संरक्षित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। सरकार का उद्देश्य भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक खजाने की रक्षा और प्रचार करके, भारतीय इतिहास और संस्कृति की वर्तमान और भावी पीढ़ियों की समझ को समृद्ध करना है।

# सरकार की पहल और सांस्कृतिक पुनरुद्धार

**भारत** अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण देश है। देश में अनेक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्राचीन स्थल और विरासत स्मारक मौजूद हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के कार्य को अत्यधिक महत्व दिया है।

मई 2023 तक, सरकार द्वारा भारत की प्राचीन सभ्यता की विरासत को संरक्षित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दशार्ते हुए देश भर में तीर्थ स्थलों को कवर करने वाली 1584.42 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 45 परियोजनाओं को प्रसाद (पीआरएएसएडी) यानी (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के तहत अनुमोदित किया गया है।

कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और वाराणसी में कई अन्य परियोजनाओं ने शहर की गलियों, घाटों और मंदिर परिसरों को बदल दिया है। इसी तरह, उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना और गुवाहाटी में मां कामाख्या कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव को समृद्ध करने, उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक ऐतिहासिक क्षण में, अगस्त 2020 में अयोध्या में राम मंदिर के लिए भूमिपूजन हुआ और एक भव्य मंदिर का निर्माण जोरों पर है।

825 किमी लंबी चारधाम सड़क परियोजना है, जो चार पवित्र धामों को निर्बाध बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2017 में केदारनाथ में पुनर्निर्माण और विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी, जिसमें श्री आदि शंकराचार्य की समाधि भी शामिल थी, जो 2013 की विनाशकारी बाढ़ में तबाह हो गई थी। नवंबर 2021 में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ में श्री आदि शंकराचार्य की समाधि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया था। इसके अतिरिक्त, गौरीकुंड को केदारनाथ और गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ने वाली दो रोपवे परियोजनाएं पहुंच को और बढ़ाने और भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार हैं।

सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सरकार के समर्पण के एक और उदाहरण में, प्रधानमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें सोमनाथ प्रोमेनेड, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और पुराने (जूना) सोमनाथ के पुनर्निर्मित मंदिर परिसर शामिल हैं। इसी तरह, करतारपुर कॉरिडोर और एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे श्रद्धालुओं के लिए पाकिस्तान में पवित्र गुरुद्वारा करतारपुर साहिब में मत्था टेकना आसान हो गया।

हिमालयी और बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना भी सरकार के प्रयासों में विशेष रूप से शामिल है। स्वदेश दर्शन योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ने वाले विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से 76 परियोजनाएं शुरू की हैं।

बौद्ध सर्किट के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे भक्तों के लिए बेहतर आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित हुआ है। 2021 में, कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया, जिससे महापरिनिर्वाण मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सके। पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में बौद्ध सर्किट के तहत सक्रिय रूप से स्थलों का विकास कर रहा है।

# धुंध के बीच प्रकाश का कैसा पर्व?



**गिरीश्वर मिश्र**

पिछले कई दिनों से दिल्ली की सुबह ऐसी हो रही है कि धुँध के बीच सूरज छिप जा रहा है और हवा जहरीली हो गई। घर से बाहर निकलने में डर लगता है। पर उससे भी काम नहीं चलता क्योंकि वही हवा घर के भीतर भी पहुँच रही है। जीने के लिए साँस लेनी होगी और साँस लेते हुए जहर निगलना ही पड़ेगा। इस हालात का बच्चों और बूढ़ों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। अस्पतालों में श्वांस के रोगी बहुत बढ़ गए हैं। हृदय और मधुमेह के रोगियों की मुसीबत और बढ़ गयी है।

गौर तलब है कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र (एनसीआर) का प्रदूषण स्तर गाजा की बारूदी युद्धभूमि की तुलना में बीस है। यह समाचार भी तैर रहा था कि करवाचौथ के दिन भारतीयों ने पंद्रह हजार करोड़ की खरीदारी की। निश्चय ही यह तथ्य बताता है कि लोगों की क्रय शक्ति में इजाफा हुआ है। ऐसे में बाजार की धमाचौकड़ी बढ़ती है। इसी के साथ सड़कों पर मोटर वाहनों की संख्या भी बेतहाशा बढ़ रही है जिनसे दैनिक जाम लगना आम बात हो गई है। साथ ही वायु प्रदूषण भी अनिवार्य रूप से अनियंत्रित होता जा रहा है। परंतु स्माग यानी धुआँ और धूल-धक्कड़ के मिश्रण की बहुतायत का मुख्य और फौरी कारण आसपास के खेतों में किसानों द्वारा पराली जलाने से उपजा धुआँ है।

दिल्ली के आजू-बाजू में हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के क्षेत्र आते हैं और कुछ वर्षों से इस मौसम में पराली जलाने की समस्या आती रही है। इनसे निपटने की बात हर बार की जाती है। दिल्ली समेत इन सभी क्षेत्रों में चुनी हुई उत्तरदायी सरकारें हैं परंतु पराली को लेकर कोई ठोस नीति नहीं बन सकी है। कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है जो इसे नियंत्रित कर सके। देश की राजधानी गैस चैम्बर सरीखी बन रही है और उससे बचाव के लिए प्राइमरी स्कूल बंद करने का फैसला लेना पड़ा। पर यह कोई समाधान नहीं है। इस स्थिति के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव से बचने का कोई मार्ग नहीं है।

सामाजिक समस्याओं के प्रति इस तरह की उदासीनता के हम आदी होते जा रहे हैं। हम समस्याओं को तब तक बढ़ने देते हैं, जबतक वे विस्फोटक न हो जाएं। टूटने के कगार पर पहुँचने के बाद ही सरकार के कान पर जूँ रेंगती है और तब कुछ किया जाता है। यह नीति बड़ी घातक है और हमारी अपरिपक्व सोच को ही बताती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की जटिलता, नकचढ़े ढंग की सत्ता समर्पित नौकरशाही, भ्रष्टाचार के विविध रूप और देश तथा समाज के प्रति लगाव की कमी के अद्भुत मेल के चलते हमारी रीति-नीति में लोकहित उपेक्षित ही रह जाता है, उसका दिखावा जरूर किया जाता है ।

जन -प्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद अक्सर सिर्फ अपने निजी हित को ही सुरक्षित रखने में लगे रहते हैं। जनता और जनता की कठिनाइयाँ धरी की धरी रह जाती हैं। विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार होने की, विश्व गुरु होने की और वैश्विक नेतृत्व की हमारी महत्वाकांक्षा के शोरशराबे में पर्यावरण, सामाजिक समरसता, मूल्यपरक शिक्षा और नैतिकता के जरूरी और जायज सवाल दब जाते हैं। फिर विचार के क्रम में मुल्तवी रख दिए जाते हैं। अमृतकाल के उत्सव में हमें अपने अंदर झांकना होगा और सबको जगाना होगा । तभी सच्चे और पूरे रूप में स्वराज आ सकेगा।

(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विवि, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

# हे,भारत के भरत..! दिपोत्सव पर मौन रहकर ही समाज और राष्ट्र का कल्याण करो

**स्वामी अवधेशानंद गिरी**



हे,भारत के भरत..! जीवन में प्रायःसफल व्यक्ति मौन रहकर ही अपने समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु श्रम साधन करते हैं। महापुरुषों के व्यक्तित्व की श्रेष्ठताएँ उनकी वाणी से नही,अपितु सद्गुणों से प्रकाशित होती हैं। इस दिपोत्सव के मौन में हमारी आत्मीय शक्तियाँ,दिव्यता और श्रेष्ठताएँ,प्रभावी,जागृत और मुखर होती हैं। वाणी के साथ इन्द्रियों के मौन की अवस्था आत्म संवाद के लिए सर्वश्रेष्ठ साधन है।मौन ही श्रेयस्कर साधना है।

आधुनिक जीवनशैली में मौन का महत्व चमत्कार उत्पन्न करने में सक्षम है।जब व्यक्ति दिनभर कार्यों में व्यस्त रहता है तो तनाव के मकड़जाल में फँस जाता है।उसी समय मौन का सामीप्य उस पर मातृवत् प्रेम बरसाता है।मौन ही जीवन का स्रोत है।मौन दैवीय अभिव्यक्ति है।विज्ञान भी मौन के महत्व को प्रमाणित करता है।जब लोग क्रोध के वशीभूत होते हैं तो पहले चिल्लाते हैं और फिर मौन हो जाते हैं।कोई जब दुःखी होता है,तब मौन की शरण में जाता है।तभी तो कह सकते हैं कि मौन साधना जीवन को संचालित करने का मूल मंत्र है।

सांसारिक दुश्वारियों व झंझावतों से उपजती मानसिक अशान्ति और उद्विग्नता आत्मोकर्ष में बाधक हैं। इससे बचने के लिए मौन साधना अचूक उपाय है।जहाँ शोर उच्च रक्तचाप, सरदर्द और हृदयरोग इत्यादि देता है,वहीं मौन इन सबके लिए औषधि का कार्य करता है।मौन ही है जो हमारे चिन्तन को विराट् स्वरूप प्रदान करता है।मौन के द्वारा ही चित्तवृत्ति को विचलित होने से बचाकर उसे स्थिर आत्मा में रमण करा कर आत्मिक शान्ति और बल पा सकते हैं।महर्षि पतंजलि योग सिद्धान्त में बताते हैं कि उथल-पुथल के वातावरण में मौन साधना से शरीर के मूलाधार से लेकर सहस्त्रार तक के सभी षट्चक्र प्राकृतिक ऊर्जा संग्रह करने लगते हैं।शास्त्रों में मौन व्रत की दो श्रेणियाँ बताई गई हैं।पहला-वाणी का मौन;और दूसरा-मन से मौन।वाणी को वश में रखते हुए कम बोलना या नहीं बोलना बाहय मौन और मन को स्थिर रखना, बुरे विचार न लाना आत्मतत्व में लीन होकर अध्यात्म विचार करना यह श्रेष्ठ मौन है।सन्तों-मुनियों व ऋषियों-महर्षियों ने अंतः मौन धारण किया।उनके अनुसार आत्मिक दृष्टि से मौन महत्वपूर्ण साधन है।मौन साधना चित्त-वृत्तियों को बिखरने से बचाती है।चुप रहने से वाणी के साथ व्यय होने वाली मानसिक शक्ति की बचत होती है।इस बचत को आत्म-चिन्तन में लगाकर सुखद-शीतल और स्निग्ध शान्ति तक पहुँचा जा सकता है।इससे नवीन चेतन्यता स्फूर्ति और जीवन-शक्ति प्राप्त होती है।जो कार्य क्षमता, सूक्ष्मदर्शिता और प्रतिभा को कई गुना बढ़ा देती है।मौन में वह बल होता है। जो अंतर्शक्ति को जगाने का सामर्थ्य रखती है।जीवन में उपलब्धियाँ अर्जित करने के लिए मौन-साधना अनुकरणीय है।जो व्यक्ति जीवन में निरन्तर सत्य का शोध कर रहा हो,वह मौन साधना का ही पथ पकड़ता है।वास्तव में मौन साधना की अध्यात्म-दर्शन में बड़ी महत्ता बताई गई है।इसलिए जितना जरूरी है,उतना ही बोलें।शब्दों में बहुत ऊर्जा है,उसे व्यर्थ न गँवाएँ।हालाँकि बहुधा ऐसा देखने को मिलता है कि आपके मुख से निकले कुछ शब्द आपके लिए अप्रिय स्थिति उत्पन्न कर सकते हैं।ऐसी स्थितियों के लिए ही मौन की महत्ता बताई गई है।कहा भी गया है कि वाणी का वर्चस्व रजत है,किन्तु मौन कंचन है।हम कितना ही अच्छा व श्रेष्ठ क्यों न बोल दें,वह केवल और केवल रजत की श्रेणी में आता है। परन्तु व्यक्ति का मौन स्वर्ण है। महात्मा बुद्ध को जब बुद्धत्व की प्राप्ति हुई,तो सात दिनों तक वे मौन ही रहे।मौन समाप्त हुआ तो उनके शब्द थे-जो जानते हैं,वे मेरे कहे बिना भी जानते हैं और जो नहीं जानते,वे मेरे कहने पर भी नहीं जानेंगे। जिन्होंने जीवन का अमृत ही नहीं चखा उनसे बात करना व्यर्थ है। इसलिए मैंने मौन धारण किया था।जो कुछ बहुत आत्मीय व व्यक्तिगत हो, उसे कैसे व्यक्त किया जा सकता है।फिर भी बुद्ध जब भी बोले उनके मुख से निकले शब्दों ने मौन का सर्जन किया,क्योंकि बुद्ध मौन की प्रतिमूर्ति है। संत कबीर कहते हैं माला फेरत जुग भया,फिरा न मन का फेर।

कर का मनका डार दे,मन का मनका फेर। अभिप्राय है कि जो व्यक्ति माला हाथ में लेकर लम्बे समय तक उसके मोतियों को फेरता है उसके मन के भाव और मन की हलचल शांत नहीं होती। अतःहाथ की माला को फेरना छोड़ मन के मोतियों को फेरो।कहने का अर्थ है कि उसका अंतरात्मा से संसर्ग कराओ।श्रीमद् भगवद् गीता में प्रभु श्रीकृष्ण मौन को अपना स्वरूप ही नहीं बताते,बल्कि स्वयं को गोपनीय विषयों में मौन भाव भी कह जाते हैं।

महर्षि व्यास के वचनों को लिपिबद्ध कर पुराण रचने का पुरुषार्थ श्रीगणेश जी मौन साधना के बूते ही सम्भव कर दिखाते हैं।लम्बी अवधि तक यह साधना पुरुषार्थ न निभाया गया होता,तो साहित्य सर्जन भी सम्भव न होता।हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि मौन रखकर स्नान ध्यान करने से सहस्त्र गोदान का पुण्य प्राप्त होता है।उनके अनुसार कोई भी धार्मिक कार्य मनसा वाचा कर्मणा से ही करने पर पूर्ण होता है।इसमें वाचा-कर्मणा की धूरी मनसा है।जैसा मन होगा,वैसा वचन और कर्म होगा।अनमने तरीके से किया गया कोई अनुष्ठान-विधान पूर्ण नहीं माना जाता।इसमें मन की शुद्धि आवश्यक है।यह तभी पूरा होगा,जब मन शान्त हो,एकाग्र हो,जो मौन से ही सम्भव है।भौतिक जगत भले ही शब्दों का प्रवाह रोक लेने,न बोलने को मौन कहता हो,लेकिन वास्तव में यह पाँचों इन्द्रियों को एकाग्र करने की साधना है।जिसमें कुविचारों के प्रवाह को रोकने के लिए बाँध-बाँधना है।इन्द्रिय संयम का सबसे अच्छा उपाय मौन ही माना है।मौन जिसने साध लिया,सारी इन्द्रियों को वश में करते हुए जितेन्द्रिय कहलाया।

वस्तुतःमौन साधना का मूल अर्थ है-ऊर्जा संचयन,जिसे हम अपनी विद्वता जताने के फेर में शब्दों के जरिए गवाँते जाते हैं।कोलाहल पूर्ण वातावरण में हम पास के शब्द नहीं सुन पाते, लेकिन मौन होते ही निःस्तब्ध वातावरण में सुदूर की ध्वनियाँ भी सहजता से सुन पाते हैं।

# गौ गोबर की बनी दिया से दिवाली के अवसर पर करें प्रज्वलित करें

**एडी बाधवा**

गाय के गोबर में लक्ष्मी का वास होता है । यह बात निर्विवाद सत्य है । जो भूल हो गई सो हो गई । लेकिन अब भूल को दोहरायेंगे नहीं । इस बार दिवाली पर गाय के गोबर से बनेदीपकों से ही घर में , ऑफिस में , फैक्ट्री में , मंदिरों में रोशनी की जगमगाहट होगी । अब से अपने घर , ऑफिस, फैक्ट्री , मंदिर में गाय के गोबर से बनी धूपबती ही काम में लेंगे । आपको मालूम है या नहीं । लेकिन बता देता हूँ किअगरबत्ती बांस की लकड़ी से बनती है जिसको जलाना नहीं चाहिए । एक बात की गारंटी है कि अगर हर मंदिर में गाय के गोबर से बनी धूपबती और दीपक प्रयोग में लेंगे तो गाय माता कटेगी नहीं ।

दिवाली पर उद्योगपति गिफ्ट देते हैं तो इस बार गिफ्ट में दीपक और धूपबती को भी शामिल कर लीजिए । बिना दूध देने वाली गाय भी अपने गोबर और मूत्र से प्रति माह 4000-5000 रुपये कमा सकती है । फिर कौन किसान बिना दूध देने वाली गाय को बेचेगा । गाय बिकेगी नहीं तो कटेगी नहीं । आप स्वयं गाय के गोबर से बने दीपक और धूपबती के ब्रांड एम्बेसडर बनो । भारत भूमि पर 2029 तक अपनी एक भी गाय माता नहीं कटेगी , नहीं कटेगी । सिर्फ आपको हवन में आहुति डालने की जरूरत है